e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 339

रविवार

15.12.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

इंसान को इंसान की नजर से तोलिये, दो शब्द ही सही मगर प्यार से बोलिए!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### एनसी सरकार जम्मू-कश्मीर में चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है : भाजपा

**जम्मू :** जम्मू और कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) सरकार सत्ता में आने के दो महीने बाद भी अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। यह बात भाजपा प्रवक्ता पूर्णिमा शर्मा ने जम्मू के त्रिकुटा नगर स्थित भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही है। उनके साथ महिला मोर्चा की महासचिव नेहा महाजन भी मौजूद रहीं।शर्मा ने विधानसभा चुनावों के दौरान अवास्तविक वादों के साथ मतदाताओं को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया किमहिला-केंद्रित योजनाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए समर्थन सहित कई प्रमुख वादे अधूरे रह गए हैं। एनसी ने 200 मुफ्त यूनिट बिजली, मुफ्त पेयजल और लंबित बिजली बकाया के लिए एकमुश्त निपटान का वादा किया था। लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ भी नहीं हुआ है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 15 लाख से अधिक मामलों का निपटारा

**रांची :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर सभी जिला अदालतों और हाई कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 15 लाख 45 हजार 112 प्री-लिटीगेशन और 01 लाख 25 हजार 34 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही कुल 17 अरब 36 करोड़ 01 लाख 90,237 रुपये का सेटलमेंट किया गया। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सह हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने लोक अदालत का उद्घाटन किया। इस दौरान आपराधिक सुलहनीय मामले, चेक बाउंस के मामले, बिजली चोरी के मामले, उत्पाद, वन, माप-तौल के मामले, वैवाहिक प्रकृति के मामले और विभिन्न दीवानी मामलों का निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में झारखंड उच्च न्यायलय में दो बेंचों का गठन किया गया था।

### विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के तहत निकली जन जागरूकता रैली

**इन्दौर :** विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को शहर में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह जागरूकता रैली एमवाय अस्पताल से मधुमिलन चौराहा तक और यहाँ से पुनः एमवाय अस्पताल तक पहुंची। रैली में कार्यालय क्षेत्रीय संचालक इंदौर संभाग दिशा क्लस्टर से आलोक रंजन मौर्य एवं मयंक अग्रवाल उपस्थित हुए। रैली में नर्सिंग कॉलेज शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, मदर मैरी नर्सिंग महाविद्यालय, सेंट फ्रांसीसी नर्सिंग महाविद्यालय, इंदौर नर्सिंग महाविद्यालय एवं चोइथराम कॉलेज आफ नर्सिंग से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों द्वारा एचआईवी एड्स विषय पर स्लोगन पोस्टर बैनर एवं तख्तियां हाथों में थामकर एचआईवी एड्स जागरूकता के नारे लगाए।

### जंगली हाथी के हमले से एक व्यक्ति की मौत

**शोणितपुर (असम) :** शोणितपुर जिले के बिहाली में मानव-हाथी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा घटना बिहाली के रौमारी बुरैगुरी गांव में हुई, जहां एक जंगली हाथी के हमले में 45 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गई।मृतक की पहचान मिलन कृषाण के रूप में हुई है, जो पेशे से मजदूर थे और अशोक दास नामक व्यक्ति के घर पर रहते थे। सुबह करीब 5 बजे, जब वह घर से बाहर निकलकर चेहरा धोने जा रहे थे, तभी उनका सामना एक जंगली हाथी से हुआ। हाथी ने उन्हें मौके पर ही कुचलकर मार डाला।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहाली भेजा गया।



### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 08° |

मुख्यमंत्री ने साहेबगंज एवं पाकुड़ जिला को दी सौगात, विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण

# आधी आबादी को सरकार ने किया सशक्त : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु हमसभी को एक साथ चलना होगा
- अबुआ सरकार को दोबारा चुनने पर आप सभी का आभार
- हमारी सरकार गाँव से चलने वाली सरकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** यहां के आदिवासी-मूलवासी, किसान, मजदूर, गरीब और वंचित लोगों को सशक्त बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य की आधी आबादी को हमारी सरकार ने सशक्त करने का काम किया है। अब राज्य के हर पात्र गरीब जरूरतमंद महिलाओं के खाते में प्रति माह 2500 रुपए की सम्मान राशि पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को दी जाने वाली सम्मान राशि को हमारी सरकार ने 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने का काम किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने साहेबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ सरकार के दोबारा गठन के बाद आज मैं आप सबके बीच आया हूँ। आप ने इस चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अबुआ सरकार को चुनने का कार्य किया। इसके प्रति मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

### सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोग हो रहें लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से संपन्न होने के बावजूद भी यहां के आदिवासी-मूलवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। हमारी सरकार की गठन के बाद से ही हम लगातार प्रदेश वासियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं, इसी क्रम में हमारी सरकार ने कई महत्वकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। एक-एक लोगों तक सरकार के विभिन्न योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। अधिक से अधिक राज्यवासी योजनाओं से लाभान्वित हो इसी उद्देश्य के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है।




### हमारी सरकार गाँव से चलने वाली सरकार

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गाँव से चलने वाली सरकार है। यहां के गरीब, मजदूर एवं वंचित वर्ग के लोगों के जरूरत के अनुरूप विकास की लकीर खींची जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आपसभी के उम्मीद, आकांक्षा और को टूटने नहीं दूंगा। हमारी सरकार विकास की नई गाथा लिखकर इस राज्य को अग्रणी राज्यों के श्रेणी में लाकर खड़ा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं ईश्वर से यह कामना करता हूं कि आने वाला नववर्ष प्रत्येक राज्य वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, उन्नति, वैभव एवं खुशहाली लेकर आए।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक हेमलाल मुर्मू, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक मो0 ताजुद्दीन, विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

**24784.550**

**लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात।**

**224**

**विकास योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास ।**

### मुख्यमंत्री ने दी ये सौगात

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहेबगंज जिले को लगभग 24784.550 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात। जिसमें कुल 224 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें 53 योजनाओं का उद्घाटन एवं 171 योजनाओं का शिलान्यास हुआ। वहीं पाकुड़ जिला को लगभग 10084.879 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात। जिसमें कुल 107 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें 34 योजनाओं का उद्घाटन एवं 73 योजनाओं की रखी आधारशिला।

लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान जमकर हुआ रार-तकरार

## कांग्रेस के माथे पर लगा पाप कभी धुलने वाला नहीं : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संविधान पर चर्चा के दौरान इमरजेंसी को याद कर कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, हर देश में 25, 50 और 75 साल का बड़ा महत्व होता है. लेकिन जब देश आजादी के 25 वर्ष पूरे कर रहा था, उसी समय हमारे देश में संविधान को नोच लिया गया. इमरजेंसी लागू कर दी गई. संवैधानिक व्यवस्थाओं को समाप्त कर दिया गया. देश को जेलखाना बना दिया गया. नागरिकों के अधिकार लूट लिए गए. कांग्रेस के माथे पर ये जो पाप है, वो कभी धुलने वाला नहीं है. प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया में जब-जब लोकतंत्र की चर्चा होगी. कांग्रेस के इस पाप की चर्चा जरूर होगी. क्योंकि तब लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था. भारत के संविधान निर्माताओं की तपस्या को मिट्टी में मिलाने की कोशिश की गई. प्रेस की स्वतंत्रता को ताला लगा दिया गया, कांग्रेस के माथे पर यह जो पाप है वह धूलने वाला नहीं है. पीएम मोदी ने कहा, विविधता में एकता ये भारत की विशेषता रही है और इस देश की प्रगति भी विविधता को सेलिब्रेट करने में है. लेकिन गुलामी की मानसिकता में पले-बढ़े लोगों ने, भारत का भला न देख पाने वाले लोगों ने, वो विविधता में विरोधाभास ढूढंते रहे. इतना ही नहीं, विविधता जो हमारा अमूल्य खजाना है उसको सेलिब्रेट करने के बजाय उस विविधता में ऐसे जहरीले बीज बोने के प्रयास करते रहे, ताकि देश की एकता पर चोट पहुंचे.

### केंद्र ने युवाओं के अंगूठे काटे : राहुल



लोकसभा में संविधान को लेकर चल रही बहस के बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा काटा, वैसे ही भाजपा हिंदुस्तान के युवाओं का अंगूठा काट रही है। राहुल गांधी ने कहा कि जब हम संविधान को देखते हैं तो हम देख सकते हैं कि संविधान में महात्मा गांधी, डॉ.आंबेडकर, पंडित नेहरू के विचार दिखते हैं, लेकिन ये विचार कहां से आए? ये विचार भगवान शिव, गुरु नानक, भगवान बासवन्ना, कबीर आदि से आए। हमारा संविधान बिना हमारी प्राचीन विरासत के बिना नहीं बन सकता था। राहुल गांधी ने कहा कि सावरकर ने अपने लेखों में साफ लिखा है कि हमारे संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं हैं। लड़ाई मनु स्मृति और संविधान के बीच की है। अब सवाल ये है कि आप सावरकर की बात को मानते हैं या फिर संविधान को। क्योंकि जब आप संविधान की तारीफ करते हैं तो आप एक तरह से सावरकर का विरोध करते हैं। जैसे पहले हिंदुस्तान चलाया जाता था, वैसे ही आप आज भी चलाना चाहते हैं।राहुल गांधी ने हाथरस दुष्कर्म का जिक्र कर पूछा कि ये संविधान में कहां लिखा है कि जो दुष्कर्म करता है, वो बाहर घूमें और जिसका दुष्कर्म हुआ है, उसके परिवार को बंद कर दिया जाए।

## हमारी सरकार बनी तो हर मां-बहनों को देंगे 2500 रुपया : तेजस्वी



एजेंसी

**पटना.** राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार चुनाव से पहले कहा है कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो हम करोड़ों माताएं और बहनों के लिए माई-बहिन मान योजना की शुरुआत करेंगे और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को 2500 रूपये देंगे. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही एक महीने में हम इस योजना की शुरुआत करेंगे. तेजस्वी हर माता-बहन से कहेंगे कि अपना आशीर्वाद हमें दें; अब आपकी सारी परेशानी तेजस्वी की परेशानी होगी. कुछ लोग कहते थे कहां से करेगा पैसा कहां से आयेगा. हम तो मुख्यमंत्री जी से यह कहना चाहेंगे की आप सामने आइए और बताइए हम लोगों ने कैसे यह सब कुछ किया था. राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लगातार यात्रा पर घूम रहे हैं, हमारे कार्यकर्ता से सारी जानकारी मिल रही है. लोग बेरोजगारी महंगाई से जूझ रहे हैं. सरकार की कमियों को हम लोगों ने उजागर करने का काम किया है. भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ लगातार आवाज हम लोग उठा रहे हैं. हमने उप मुख्यमंत्री रहते पाँच लाख लोगों को नौकरी दी. साढ़े तीन लाख नौकरी का दरवाजा खोला और तेजस्वी ने जो नौकरी को लेकर लकीर खिचीं आज लोग उसी पर बात कर रहे हैं. अब आधी आबादी को सम्मान देना होगा और सामाजिक न्याय के साथ हम लोग आर्थिक न्याय करेंगे.

## पुलिस ने किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** एमएसपी समेत तमाम मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों ने शनिवार को दिल्ली मार्च बुलाया. 101 किसानों के जत्था शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच के लिए निकला. हालांकि, शंभू बॉर्डर पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बैरिकेडिंग करके उनका रास्ता रोक दिया. जब किसानों ने बैरिकेडिंग हटाने की कोशिश की तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया. पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर देश के किसानों का आंदोलन लगातार जारी है. प्रदर्शन के 307वें दिन किसान केंद्र सरकार के साथ बातचीत की मांग पर अड़े हुए हैं. किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंढेर ने इस मुद्दे से निपटने के सरकार के तरीके सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर चुप रहने का आरोप लगाया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां आंदोलन को बदनाम करने की कोशिश कर रही. किसानों का विरोध मार्च फिर से शुरू होने से कुछ घंटे पहले हरियाणा सरकार ने शनिवार को सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए अंबाला जिले के 12 गांवों में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई एसएमएस भेजने की सेवाओं को निलंबित कर दिया. यह निलंबन 17 दिसंबर तक लागू रहेगा.

## ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई में 16 अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार



एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र में नवी मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच ने एक ऑपरेशन में ड्रग कारोबार में शामिल होने के आरोप में 16 अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने छापेमारी के दौरान तस्करों के पास से 12 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ बरामद किए.पुलिस अधिकारी ने बताया कि, पासपोर्ट और वीजा की अवधि समाप्त होने के कारण पुलिस ने 73 अफ्रीकी नागरिकों को देश छोड़ने का नोटिस जारी किया है. नवी मुंबई पुलिस कमिश्नर मिलिंद भारम्बे ने नवी मुंबई में अवैध रूप से रह रहे ड्रग तस्करों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था. जिसके बाद नवी मुंबई कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारियों ने कुल 25 जगहों पर छापेमारी की.इस ऑपरेशन में 150 से अधिक पुलिस अधिकारी शामिल थे. छापेमारी के दौरान 2 किलो 45 ग्राम कोकीन, 663 ग्राम एमडी, 15 ग्राम मेथिलीन, 23 ग्राम चरस, 31 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत 12 करोड़ रुपये है, जब्त किया गया है. पुलिस रेड के दौरान 16 अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया.यह बड़ी कार्रवाई नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे, संयुक्त आयुक्त दीपक साकोरे, अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित काले और संयुक्त आयुक्त भाऊसाहेब ढोले के गाइडेंस में एक तलाशी अभियान के जरिए की गई.

## कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** राज्य में लगातार बह रही उत्तरी-पछुआ हवाओं ने कनकनी बढ़ा दी है। राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।राजधानी रांची में शनिवार को सुबह कोहरा छाया रहा। दिन ढलने के बाद आसमान साफ हो गया। लेकिन ठंड के असर में कोई कमी नहीं देखी गयी। मौसम विभाग ने तापमान में अभी और गिरावट की उम्मीद जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के सात जिलों में शीतलहर चलने की संभावना है। इनमें बोकरो, धनबाद, रामगढ़, गढ़वा, पलामू, चतरा और गुमला शामिल हैं जबकि 15 दिसंबर तक तीन जिलों रामगढ़, बोकारो और धनबाद के लोगों को शीतलहर का सामना करना पड़ेगा। वहीं, 19 दिसम्बर को कोहरा के बाद आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। हालांकि, 20 दिसम्बर को सुबह कोहरा के बाद आसमान साफ रहेगा। न्यूनतम तापमान में अभी कोई बड़ा बदलाव होता नहीं दिख रहा है लेकिन दो दिन तक इसके सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेंटीग्रेड कम रहने का अनुमान है।इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेंटीग्रेड गढ़वा में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29.8 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा।

## करोड़ों रुपये की सोने के बिस्कुट जब्त, दो गिरफ्तार

एजेंसी

**सिलीगुड़ी :** करोड़ों रुपए की सोने की बिस्कुट के साथ केंद्रीय राजस्व खुफिया विभाग की टीम ने दो आरोपित को गिरफ्तार कर शनिवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। जहां से दोनों आरोपितों को तीन दिन के लिए जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपितों के नाम महेश चौधरी और जेठ मोहन बसाक है। दोनों बिहार के किशनगंज के निवासी है।डीआरआई पक्ष के अधिवक्ता रतन बनिक ने कहा कि शुक्रवार को जलपाईगुड़ी जिला अंतर्गत 27 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग संलग्न हुसलडांगा टोल प्लाजा में अभियान चलाकर एक कार को रोक कर तलाशी ली गई। इस दौरान कार में बने विशेष चेंबर से डीआरआई ने 13 पीस सोना की बिस्कुट बरामद किया। जिसका वजन एक किलो से अधिक है। बरामद सोना का बाजार मूल्य एक करोड़ 23 लाख रुपये के लगभग है। दोनों तस्करों ने जब सोने से संबंधित कागजात की मांग किया तो वह दिखा नहीं पाया। जिसके बाद डीआरआई की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

Asarfi Hospital
असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपरस्पेशलिटी हॉस्पीटल
Department of Cardiology & Electrophysiology
Dr. Sachin Yalagudri
(MD, DM)
Consultant Cardiologist & Electrophysiologist
AIG Hyderabad
दिनाँक :- 21st Dec. 2024
दिन :- शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
Electrophysiologic study & Radiofrequency ablation will be performed for Patient Suffering from SVT
9264433654, 9534184782
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad- 828130

# दो बाइक की आमने सामने टक्कर में दो की मौत, दो गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला छतरपुर मुख्य पथ के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत ऊपरी गांव के समीप दो बाइक की आमने सामने टक्कर में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक युवती व उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने जपला छतरपुर रोड को जाम कर दिया है। हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव व अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने घटना स्थल पहुंच कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों से जाम हटाने का आग्रह किया। पुलिस भी घटना स्थल पहुंचकर मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। जबकि घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। मृतकों में जपला सीमेंट फैक्ट्री के हार्वे लाइन निवासी आदिल अहमद व गोलू कुमार घर से जपला ट्यूशन जाने के लिए निकले थे। जबकि घायल हुसैनाबाद के ग्राम रपुरा निवासी दीपक कुमार व उसकी बहन रूबी कुमार परीक्षा देने जपला के एके सिंह कालेज आ रहे थे। ऊपरी गांव के समीप दोनों की बाइक में आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें जपला सीमेंट के हार्वे लाइन निवासी दोनों युवकों की मौत हो गई व परीक्षा देने जा रहे भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पहुंच कर कार्रवाई में जुट गई है। गुस्साए ग्रामीणों ने जपला छतरपुर रोड को जाम कर दिया।

# वित्त मंत्री से मिले कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** कांग्रेस के बिश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू शनिवार को राज्य के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिले.दोनो नेताओं की यह मुलाकात मेदिनीनगर स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में हुई. श्री शुक्ला ने राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनने पर बधाई दी, उन्हे बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. रवींद्र शुक्ला ने मंत्री किशोर से बिश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग रखी. कहा कि बिश्रामपुर अनुमंडल बनने का सारा आहर्ता पूरा करता है. बिश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग 25 वर्ष पुरानी है.इस बार झारखंड में प्रचंड बहुमत के साथ महागठबंधन की सरकार बनी है. लोगों को उम्मीद है कि यह कल्याणकारी सरकार बिश्रामपुर को अनुमंडल दर्जा जरूर देगी. मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने श्री शुक्ला को आश्वस्त किया कि बिश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा दिलवाने हेतु सार्थक प्रयास करेंगे. इसे लेकर मुख्यमंत्री से भी बात करेंगे. मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## प्रतिबंधित पशु की हड्डी मिलने से फैली सनसनी



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के अधौरा गांव में रामप्रवेश पाल के घर के सामने प्रतिबंधित पशु के हड्डी मिलने की सुचना मिलते ही इलाके में सनसनी फ़ैल गई। घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी रंजनी रंजन दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। जहा कुछ भी नही मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाके में घटना के बारे में बताया जा रहा है कि रामप्रवेश पाल के घर के सामने प्रतिबंधित पशु का हड्डी देखा गया था। जिसकी सुचना थाना को दिया गया। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी रंजनी रंजन दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। लेकिन रामप्रवेश पाल के घर के सामने प्रतिबंधित पशु का हड्डी नहीं मिला। घटना के संबंध में थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि सुचना मिलते ही अधौरा गांव पहुंचे थे। लेकिन जो सुचना मिली थी वो ग़लत थी। रामप्रवेश पाल के घर के सामने प्रतिबंधित पशु हड्डी मिलने की सूचना थी।जब कि वहाँ कुछ भी नही था।लेकिन उसके घर से दूर रहर के खेत में हड्डी था। इस मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला सत्य प्रतीत नहीं होता है फिर भी मामले में गहराई से जांच किया जा रहा है।

## स्थानीय प्रशासन द्वारा किया गया अलाव की व्यवस्था



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के चौक चौराहों पर अलाव की व्यस्था कराई गई है. बिश्रामपुर बस स्टैंड, बी मोड़ चौक व रेहला स्टेशन चौक पर सीओ राकेश तिवारी ने खुद अलाव की शुरुआत की. उन्होंने कहा कि अलाव जलने से स्थानीय लोगों के साथ यात्रियों को भी ठंड से राहत मिलेगी.मौके पर युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि, बसपा नेता गोपाल राम, पूर्व पार्षद मजमुदिन अंसारी, मुन्ना यादव, सुबोध केशरी,रमेश कुमार, मुबारक अंसारी, नीरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# विधिक सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार को बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में विधिक सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी व पीएलवी अखिलेश चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में आम लोगों को विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई.इस दौरान सखी मंडलों के बीच दो करोड़ 96 लाख का परिसंपति भी वितरित किया गया. इसके अलावा मजदूरों को मनरेगा का जॉब कार्ड दिया गया. बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि विधिक अधिकारों की पूर्ण जानकारी सभी के लिए जरूरी है.ताकि संविधान द्वारा प्रदत अपने हक और हकूक को समझ सकें. उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों को दूर करने हेतु जनजागरूकता अभियान ही सबसे ज्यादा कारगर होगा.सीओ राकेश तिवारी ने लोगों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी. कहा कि समुचित जागरूकता के अभाव में लोग आज भी अपने अधिकारों से वंचित रह जा रहे हैं. ऐसे में विधिक सेवा प्राधिकार का यह प्रयास काफी सराहनीय है. पीएलवी अखिलेश चौबे ने डीएलएसआर के उद्वेश्य और कार्यप्रणाली की जानकारी लोगों को दी. मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# प्रतिबंध के बाद भी अधिकारी की मिलीभगत से बालू का अवैध खनन और भंडारण जारी : प्रमुख

## बालू के अवैध भंडारण स्थल पर प्रमुख ने किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र व अंचल स्तर पर बालू बंदी के बावजूद भी अवैध तरीके से बालू का खनन व भंडारण बेधड़क जारी है। प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए स्थानीय बालू माफिया अपनी मनमर्जी से बालू की बेखौफ निकासी में दिन-रात लगे हुए है। दरअसल ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अवसाने पंचायत के टोला मड़ही में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने उत्क्रमिक प्राथमिक विद्यालय के पास बालू माफियाओं के द्वारा दर्जनों ट्रैक्टर से बालू का भंडारण का औचक निरीक्षण किया।मौके पर उन्होंने कहा कि मालूम हो कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा नदी से बालू खनन व भंडारण के लिए पाबंदी लगा दी गयी है साथ ही कहा कि प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर अवसाने पंचायत से सटे कोयल नदी गुजरी है। जहां से बालू व्यवसाय करने वाले बालू माफियाओं ने अधिकारियों की मिली भगत से बालू का भंडारण अवैध तरीके से करके रखे हैं। एनजीटी रोक के बावजूद भी बालू माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से बालू का उठाव कर रहे है। वहीं साथ ही अवसाने पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए बालू का भंडारण कराया गया है। जहां एक तरफ़ पलामू जिला के उपायुक्त शशि रंजन ने जिला अवैध खनन टास्क फोर्स की बैठक में कहा हैं कि किसी भी सूरत में कहीं भी बालू का अवैध उठाव, परिवहन या भंडारण नहीं हो इसके लिए अपेक्षित कार्रवाई करें। जानकारी के अनुसार प्रखंड व जिले में पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त ने रेत के भंडारण व खनन पर सख्त निर्देश लगाया हैं। ताकि कोई भी रेत का अवैध रुप से खनन न कर सकें। लेकिन इस प्रतिबंध के बाद भी प्रखंड क्षेत्र में रेत के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण का कार्य बेखौफ रुप से चल रहा है।

## बीडीओ ने दी धान क्रय कराने को लेकर किसानों को जागरुक करने का निर्देश

**हैदरनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त पलामू के जारी निर्देश के आलोक में खरीफ विपणन मौसम 2024 - 25 में धान क्रय कराने के लिये किसानों को जागरुक करने के संबंध में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने लिखीत आदेश निर्गत किया है। उन्होंने इस संबंध में कहा है कि है कि 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होना है। इसकी सभी प्रारंभिक तैयारियां यथा - अधिप्राप्ति केन्द्रों व राईस मिलरों का चयन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति आदि किया जा चुका है। इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर व बोनस सौ रुपये प्रति क्विंटल बोनस की दर से भुगतान किया जाना है। हालांकि अन्य माध्यमों से कतिपय किसानों ने बिचौलियों के माध्यम से खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर औने - पौने दाम पर धान की बिक्री काफी मात्रा में कर चुके हैं। बताया जाता है कि 15 दिसंबर से शुरु होने वाले धान अधिप्राप्ति योजना व निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावे राज्य सरकार द्वारा घोषित बोनस की जानकारी का अभाव व प्रचार प्रसार की कमी सहित जागरुकता के अभाव में उन्हें काफी आर्थिक घाटा का सामना करना पड़ा है। इन्हें जागरुक करने के लिये प्रखंड के सभी पीडीएस के दुकानदारों को भी जिम्मा दिया गया है।

## एमओ ने जविप्र दुकानदारों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में एमओ ने जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने जविप्र दुकानदारों को सरकार द्वारा जारी कई दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के निर्देशानुसार 20 दिसंबर तक अयोग्य कार्ड सरेंडर करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यदि अयोग्य लाभुक स्वतः 20 दिसम्बर तक अपना राशन कार्ड सरेंडर नही करते है तो विभागीय निर्देशानुसार उनके विरुद्ध जनवितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश के तहत कानूनी कारवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि सभी जविप्र दुकानदार निगरानी सतर्कता समिति के सहयोग से वैसे अपात्र लाभुक जो अपना राशन कार्ड स्वतः सरेंडर नही करते है तो उनकी सूची तैयार कर 25 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में जमा करें। प्रभारी एमओ ने सभी डीलर को ससमय लाभुक को राशन वितरण करने का भी निर्देश दिया।मौके पर डीलर सूर्यनाथ राम, प्रवीण कुमार, बिजय मेहता, बिमलेश कश्यप, अजित कुमार, गणेश राम, बृजनंदन पासवान, अजित चौधरी, सूर्यनाथ राम समेत कई डीलर मौजूद थे।

# अंचल पदाधिकारी ने अलाव की किया व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू) :** कड़के की ठंड व शीतलहरी के मद्देनजर उपायुक्त के निर्देश पर हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार ने अंचल के विभिन्न पंचायतों में अलाव की व्यवस्था करा दिया है। उन्होंने बताया कि हैदरनगर मुख्यालय में बस स्टैंड रेलवे स्टेशन समेत विभिन्न चौक चौराहों पर पंचायत प्रतिनिधियों की देख रेख में अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। अंचल निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि अलाव की व्यवस्था का वह स्वयं निरीक्षण करने का काम कर रहे है। उधर मुखिया नजमा खातून व पंचायत समिति सदस्य राजीव शर्मा समाजसेवी सज्जू खान ने बताया कि हैदरनगर में अलाव जलाने की व्यवस्था से आम लोगों के साथ साथ गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने पलामू के उपायुक्त से गरीबों के बीच कंबल का वितरण कराने की मांग की है।

# मोटरसाइकिल चोरो को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि छतरपुर थाना कांड संख्या 225/24 वादी जगदीश यादव उम्र 34 वर्ष पिता नरेश यादव ग्राम खोड़ी थाना छतरपुर जिला पलामू के लिखित आवेदन छतरपुर थाना में दिया गया कि ये अपने मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या जे एच 03 ऐ बी 8538 से खेत में पानी पटाने गए थे। जब वापस लौटे तो देखें कि इनका बाइक वहां पर नहीं था काफी खोजबीन करने के बाद भी जब नहीं मिला तो थाना में मोटरसाइकिल चोरी होने से संबंधित आवेदन दिए उनके दिए गए आवेदन के आधार पर छतरपुर थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में चोरी किए गए मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए दो व्यक्ति गोल्डन अंसारी ग्राम चैनपुर पलामू, दूसरा वकील अंसारी ग्राम डाली छतरपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## कुकही से पटना जा रहा युवक लापता



**हैदरनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कुकही पंचायत मुख्यालय निवासी विनय प्रसाद का 19 वर्षीय पुत्र राजकुमार के तीन दिन बाद भी घर वापस नहीं आने से परिजनों में कोहराम मचा है। इस संबध में हैदरनगर थाना में लापता युवक के पिता विनय प्रसाद ने आवेदन देकर कहा है कि उनका पुत्र गत 11 दिसंबर की मध्यरात 12 बजे पटना जाने की बात कहकर घर से ट्रेन पकड़ने हैदरनगर स्टेशन के लिये निकला था। दूसरे दिन भी उसके घर नहीं आने पर काफी खोजबीन शुरु की गई। पर कहीं कोई सुराग नहीं नहीं मिल सका है। उसका मोबाइल भी लगातार बंद मिल रहा है। उन्होंने पुलिस से पुत्र का सुराग लगाने का आग्रह करते हुए पुत्र के रंग रुप, पहनावा का भी विस्तृत जानकारी के साथ पुत्र का मोबाइल नं. 9661693854 बताया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि इस संबध में अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। साथ ही इस मामले की जानकारी वरीय पदाधिकारी को भी दे दी गई है।

## सतबहिनी झरना तीर्थ में आज बुलाई गई विशेष बैठक



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सतबहिनी झरना तीर्थ में 15 दिसंबर को मानस महायज्ञ के आयोजन को लेकर एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह करेंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2001 से सतबहिनी विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों के द्वारा प्रतिवर्ष मानस महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। यह महायज्ञ झारखंड के कई जिलों के साथ-साथ भारत के कई प्रदेशों में प्रसिद्ध है। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मानस महायज्ञ के विराट आयोजन को लेकर 15 दिसंबर रविवार को एक विशेष बैठक आहुत की गई है। इस बैठक की अध्यक्षता मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि इस वर्ष मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों के द्वारा 25वें मानस महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह सतबहिनी झरना तीर्थ में यज्ञ के आयोजन की रजत जयंती होगी। इसी के अनुरूप महायज्ञ की तैयारी भी की जाएगी। महायज्ञ की तैयारी की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को पहली बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में समिति के सभी कोटि यथा - विशिष्ट स्थाई सदस्य, स्थाई सदस्य एवं सामान्य सदस्यों के साथ सभी श्रद्धालु आम जनों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि 25 वें मानस महायज्ञ की रजत जयंती के दौरान अयोध्या के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री प्रेम शंकर दास जी महाराज के द्वारा महायज्ञ का नेतृत्व किया जाएगा। इसके साथ ही भारत के विशिष्ट मंचो के विशिष्ट प्रवचन कर्ता सतबहिनी झरना तीर्थ के बहुउद्देशीय एवं सुंदर मंच से मानस की कथा के साथ-साथ श्रीमद् भागवत महापुराण की संगीतमय कथा प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है कि सतबहिनी झरना तीर्थ के इस महायज्ञ में स्थानीय 100 गांवों के साथ-साथ दर्जन भर शहरों, झारखंड के कई जिलों एवं देश के कई राज्यों के काफी संख्या में श्रद्धालु भाग लिया करते हैं।

# एनआईसी बरेली में झारखंड से एनपी विश्वविद्यालय ने जीता पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में बरेली के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 5 से 11 दिसम्बर तक आयोजित सात दिवसीए राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में झारखंड की ओर से भाग लेते हुए नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय टीम ने पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार जीता। पोस्टर प्रतियोगिता की विजेता सिमरन सोनी एवं रुही प्रवीण को मेडल एवं प्रशस्ती पत्र देकर बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य एवं एमजेपी रुहेलखंड के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने पुरस्कृत किया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के विविध कॉलेजों से 8 वालंटियर्स इस राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए। विश्वविद्यालय की ओर से झारखंड टीम का कंटीजेंट लीडर एसपीडी कॉलेज एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा को बनाया गया। उक्त शिविर में एनपी विश्वविद्यालय से एसपीडी कॉलेज के लौकिक विश्वकर्मा, मौलिक विश्वकर्मा, सिमरन सोनी, वाईएसएन महिला महाविद्यालय, डालटनगंज की रुही प्रवीण, रिया कुमारी, एमके कॉलेज पांकी की ओर से सोनु कुमार, अर्पिक कुमार मेहरा तथा चांदनी कुमारी ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से सिमरन सोनी तथा रुही प्रवीण ने भाग लिया जिन्हे द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त एनएसएस एनपीयू की टीम ने एकल एवं समूह नृत्य, एकल व समूह गायन आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें टीम ने आकर्षक प्रस्तुती दी। झारखंड की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले एनपी विश्वविद्यालय के एनएसएस वालंटियर्स को पुरस्कार जितने पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डा. प्रदीप कुमार ने टीम के समस्त सदस्यों को बधाई दी है तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# वित्त मंत्री ने पाटन सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : किशोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ग्रामीणों की शिकायत पर शनिवार को पाटन के सीएचसी का अवचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पलामू के सिविलसर्जन डा अनिल कुमार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में वह किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को भी कहा कि अगर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में कही दिक्कत आती है, तो वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। तत्काल समाधान कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाटन सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सेवाओं में बेहतरी लाने व अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं प्रदान करने की हिदायत दी। उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई पर भी ध्यान देने की बात कही। मंत्री ने कहा कि आगे से ग्रामीणों की शिकायत मिली तो दोषी लोगों को बक्सा नहीं जाएगा। निरीक्षण में उनके साथ सिविलसर्जन अनिल कुमार, पूर्व पीएम प्रवीण कुमार सिंह समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेता शामिल थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### निर्विरोध प्रतिनिधि चुने जाने पर भाकपा ने दिया बधाई

**रांची :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य कार्यालय में भंते जैनेंद्र कुमार तथागत को झारखंड से बिस्कोमान के प्रतिनिधि चुने जाने पर कार्यालय में गर्म जोशी से स्वागत किया बुके देकर स्वागत और बधाई दिया । पार्टी के नेताओं ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि झारखंड से बिस्कोमान के प्रतिनिधि भंते के द्वारा किसानों , दबे कुचले और अन्य मजदूरों और झारखंड के आम आवाम को काफी लाभ मिलेगा भंते जैनेंद्र दबे वंचितों की सेवा के लिए है राज्य कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे जिला सचिव अजय कुमार सिंह ललन मिश्रा विष्णु कुमार रवि कुमार पाठक सुनील कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से किया मुलाकात

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एन.एस.यू.आई के प्रदेश अध्यक्ष बिनय उराँव के नेतृत्व में एन.एस.यू.आई प्रतिनिधिमंडल में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से विभिन्न मामलों को लेकर मुलाकात किया एवं ज्ञापन सौंपा। डोरंडा कॉलेज में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर मोहमद इब्राहिम के द्वारा की गई मारपीट मामले में करवाई करने। विश्वविद्यालय के मुख्य गेट को खोलने एव छात्र संध चुनाव जल्द कराने को लेकर बैठक की गई। मौके पर कुलपति जी मे डोरंडा कॉलेज मामले में 3 सदस्य की कमिटी बनाने एवम 2 दिनों के अंदर जांच कराने का आदेश दिया। मुख्य गेट भी जल्द खोलने की बात कही गयी एव बहुत जल्द छात्र संध चुनाव कराने का अस्वाशन दिया। मौके पर मुख्य रूप से एन.एस.यू.आई की राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना, प्रदेश अध्यक्ष बिनय ओरांव, प्रदेश सचिव अंकिता शिखर, अब्दुल राबनवाज, प्रणव सिंह, अरुण दास, गंगन्दीप, बिस्वजीत, अमन, आकाश मौजूद थे।

# छेड़खानी मामले में पुलिस ने जारी किये तस्वीर



**सूचना देने वाले को दस हजार ईनाम**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** स्कूल की छात्राओं से छेड़खानी करने वाले शोहदे की तलाश में रांची पुलिस जुट गई है। मामले को लेकर जब किसी भी बच्चियों के अभिभावक सामने नहीं आए तब पुलिस ने खुद ही सीसीटीवी फुटेज को आधार मानकर अज्ञात अपराधी के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है। पूरा मामला रांची के एक प्रतिष्ठित गर्ल्स स्कूल से जुड़ा हुआ है. सुबह के वक्त स्कूटी पर सवार एक युवक स्कूल जाने वाली बच्चियों के साथ हर दिन छेड़खानी करता है। मामले को लेकर पुलिस में कभी शिकायत नहीं की गई। इस वजह से पुलिस को मामले की जानकारी ही नहीं हो पाती थी. लेकिन कोतवाली इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा स्कूल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज पुलिस को उपलब्ध करवाया गया। जिसके बाद यह जानकारी मिली कि स्कूटी पर सवार एक युवक स्कूल आने जाने वाली छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करता है, उनके साथ छेड़खानी भी करता है। स्कूल का समय चुकि अहले सुबह होता है, उस समय सड़क पर भीड़भाड़ नहीं रहती है, उसी का फायदा उठाकर स्कूटी सवारी युवक छात्राओं के साथ छेड़खानी करता था।स्कूल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि जब छात्राएं स्कूल के लिए जा रही हैं। उस दौरान एक स्कूटी सवार युवक लगातार उनके पास आकर उनसे छेड़खानी कर रहा है। उसकी पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। उसी तस्वीर के आधार पर पुलिस भी उसकी तलाश कर रही है। आईजी अखिलेश झा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा मामले की जांच करने कोतवाली थाना पहुंचे। वे खुद पड़ताल में जुटे हैं.श। सीएम ने जल्द आरोपी की गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में सिटी एसपी ने फिरोज अली थाना हिंदपीढ़ी की तस्वीर जारी की है और सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा और दस हजार रुपये का ईनाम दिया जायेगा।

### छेड़खानी मामले में सामाजिक संस्थाओं ने किया घटना की निन्दा

**रांची :** रांची के अपर बाज़ार में हुए कन्या पाठशाला के छात्राओं से छेड़खानी मामले में सामाजिक संस्थाओं का तत्काल एक बैठक किया । बैठक में झारखंड अंजुमन ,माही,सर्वइण्डिया ग्रुप एवं साझा मंच के पदाधिकारी समील हुए। बैठक में सभी ने उक्त मामले का निन्दा किया और कहा ऐसे असामाजिक एवं मानसिक विकलांग लोगों को सख्त सजा दिया जाना चाहिए । बैठक में सभी ने यह भी कहा कि तत्काल पुलिस ऐसे लोगों को गिरफ्तार करें। यदि आवश्यकता हो तो हम लोग भी पुलिस को हर संभव मदद करेंगे। क्यों की ऐसे ही लोगों के कारण समाज में विद्वेष फैलता है। और एक ग़लत व्यक्ति के कारण पूरा समाज बदनामी झेलता है। पुलिस ऐसे लोगों पर कार्यवाही करें। बैठक में मुख्य रूप से झारखण्ड अंजुमन के कनवेनर जुनैद अनवर, साझा मंच के इबरार अहमद , सर्वइण्डिया ग्रुप के इंजीनियर जुब्बैर , माही के हाजी नवाब , ख़ालिद सैफ़ुल्लाह सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# स्कूली छात्राओं से छेड़खानी मामले में मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र में स्कूली छात्राओं के साथ हुई छेड़खानी मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गंभीर हैं। उन्होंने रांची पुलिस को सख्त निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द छेड़खानी करने वालों पर कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद पुलिस जांच में जुटी गई है और हर पहलू की जांच की जा रही है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

**क्या था मामला:** कोतवाली थाना क्षेत्र में स्कूली छात्राओं के साथ सीसीटीवी में कैद छेड़खानी का वीडियो वायरल होने पर मुख्यमंत्री ने सख्ती से कार्रवाई कर जल्द सूचित करने का आदेश रांची पुलिस को दिया है।

### बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं : संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के एक स्कूल की छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है । सेठ ने कहा मनचलो में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है प्रशासन कब जागेगी। रांची के लिए इससे शर्मनाक और घृणित कुछ और नहीं हो सकता। यह पूरी व्यवस्था के लिए चुनौती है। रांची में पूरे झारखंड की बेटियां भी पढ़ाई और रोजगार के लिए आती हैं। इनकी सुरक्षा को लेकर हर अभिभावक चिंतित हैं। रांची पुलिस इन क्षेत्रों की गश्त और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। प्रशासन स्कूल कॉलेज के पास पुलिस ग्रस्त तेज हो। गश्ती पुलिस सिर्फ चौक चौराहा पर खड़ा होकर अपनी ड्यूटी पूरी न करें। प्रशासन सिर्फ बैठकर खाना पूर्ति करने में लगे हैं और बेटियां राह चलते शर्मसार होती है कहां है शक्ति कमांडो सब हवा हवाई अधिकारियों के निर्देश का भी पालन नहीं हो पा रहा है यह कैसी व्यवस्था। रांची में ऐसी हरकत करने वाले की 24 घंटे में गिरफ्तारी के साथ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झारखंड पुलिस ऐसे सभी क्षेत्रों को चिन्हित कर, बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कंबल का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशानुसार सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशान में तमाड़ थाना अंतर्गत ग्राम देवरी में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू एवं थाना प्रभारी तमाड़ के द्वारा कंबल वितरण किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 15 लाख से अधिक मामलों का निपटारा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर सभी जिला अदालतों और हाई कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 15 लाख 45 हजार 112 प्री-लिटीगेशन और 01 लाख 25 हजार 34 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही कुल 17 अरब 36 करोड़ 01 लाख 90,237 रुपये का सेटलमेंट किया गया। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सह हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने लोक अदालत का उद्घाटन किया। इस दौरान आपराधिक सुलहनीय मामले, चेक बाउंस के मामले, बिजली चोरी के मामले, उत्पाद, वन, माप-तौल के मामले, वैवाहिक प्रकृति के मामले और विभिन्न दीवानी मामलों का निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में झारखंड उच्च न्यायलय में दो बेंचों का गठन किया गया था। इसमें कुल 45 मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें प्री-लिटीगेशन के 10 मामले और 35 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। रांची सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों के लिए 40 बेंच एवं कार्यपालक दण्डाधिकारियों के लिए 20 बेंच का गठन किया गया था।

# मुख्यमंत्री ने रबीन्द्रनाथ महतो के पिता श्री गोलक के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो के पिताश्री स्वर्गीय गोलोक बिहारी का विगत 8 दिसंबर को स्वर्गवास हो गया है ।

उनके दिगवंत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं शोक संतप्त परिवार को ढांढस बांधने हेतु अप0 3 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , मंत्री डॉक्टर इरफ़ान अंसारी ,माननीय विधायक महोदया कल्पना मुर्मू सोरेन , विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो के विधानसभा क्षेत्र नाला में उनके निजी आवास पहुंचे।

# सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी से इंकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को जेएसएससी कार्यालय में जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी से इंकार किया है। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 16 और 20 दिसंबर को जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। उन्होंने सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी मामले में मीडिया को सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं से अवगत कराया। आयोग का कहना है कि 21.09.2024 एवं 22.09.2024 को 823 परीक्षा केन्द्रों पर आहूत कुल-304694 अभ्यर्थी शामिल हुए। उक्त परीक्षा से संबंधित परिवाद पत्र 26.09.2024 को राज्यपाल सचिवालय से प्राप्त हुआ। उपरोक्त परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक से संबंधित परिवाद पत्र कुछ कोचिंग संचालकों के द्वारा राज्यपाल सचिवालय को 25.09.2024 एवं जे एसएससी कार्यालय को 26.09.2024 को सौंपा गया, लेकिन जांच का इंतजार किये बिना 26.09. 2024 एवं 30.09.2024 को सक्षम पदाधिकारी को सूचित किये एवं बगैर अनुमति प्राप्त किये सैकड़ों की सख्या में आयोग कार्यालय के समक्ष भीड़ इकट्ठा किया गया एवं पत्थरबाजी करायी गई, जिसमें कई पदाधिकारी घायल हुए। इस संबंध में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गई है। उपरोक्त परिवाद पत्र में 5 आरोप लगाये गए थे और साक्ष्य के समर्थन में एक सीडी एवं एक पेनड्राइव समर्पित किया गया था, जिसमे सीडी बैंक पाया गया। परिवाद पत्र दायरकर्ताओं को शपथ पत्र के साथ मूल मोबाईल एवं विडियो समर्पित करने का नोटिस दिया गया जिसका अनुपालन परिवादकर्ताओं द्वारा नहीं किया गया। परिवाद पत्र में प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगाया गया था , लेकिन उसके साक्ष्य मे कुछ प्रश्नों के वायरल उत्तर उपलब्ध कराये गये थे। परिवाद पत्र में वर्णित तीन आरोपो का प्रश्न पत्र लीकेज से कोई संबंध नही था। कुछ प्रश्नों के उत्तर परीक्षा से पहले लीक होने के संबंध में संलग्न फोटो और विडियो की जाँच के क्रम में विडियो एवं फोटो बनाने के समय एवं तिथि एडीटेड पाया गया।

# डीजीपी के पहल पर 18 दिसंबर को लगेगा जनता दरबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर आगामी 18 दिसंबर को राज्य में जनता दरबार लगेगा। जिसमें पब्लिक सीधे आलाधिकारियों को अपनी परेशानी बता पायेगी। इसमें ऑन द स्पॉट समस्याओं के समाधान पर जोर दिया जायेगा।

रांची सहित अन्य जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 18 दिसंबर को जन शिकायत निवारण कैंप लगाया जायेगा। थाना पुलिस के काम से



असन्तुष्ट लोग अपनी फरियाद यहां बता सकते हैं। शिकायत निवारण कैंप में एडीजी, आईजी और डीआईजी रैंक के अफसर मौजूद रहेंगे। डीजीपी अनुराग गुप्ता के मुताबिक जन शिकायत कार्यक्रम के

**इसमें ऑन द स्पॉट समस्याओं के समाधान पर जोर दिया जायेगा।**

पहले चरण में लगभग 6000 मामले सामने आये थे, जिनमें से अधिकांश का समाधान कर दिया गया है।

जनता से मिले अच्छे रिस्पॉन्स के बाद कार्यक्रम के दूसरे चरण को तय किया गया है।

# झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालत के आस पास पुलिस तैनात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सूचना प्राप्त हुई है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग नामकुम रांची, आयोग कार्यालय के समक्ष कतिपय समूहों द्वारा - 15.12.24 को अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा सकता है जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। जिसे देखते हुए सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय प्रथम रांची एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया ताकि विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो।

### वन नेशन वन इलेक्शन संविधान एवं लोकतंत्र के लिये घातक है : राजद

**रांची।** वन नेशन वन इलेक्शन संविधान एवं लोकतंत्र के खिलाफ है। इस योजना से देश के संविधान पर सीधे तौर पर हमला है इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर गहरा घातक हमला होगा । भारत में इस नये योजना के खिलाफ पूरे देश में एक नई आवाज उठ सकती है। राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के योजना से संविधान के रचयिता बाबा डाक्टर भीमराव अंबेडकर के विचार एवं सपनों के हत्या के बराबर होगा।

# महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा, नशा मुक्ति पर चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सुमित कुमार अग्रवाल, (भापुसे) पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, रांची के नेतृत्व में तमाड़ थाना अंतर्गत आरहँगा पंचयात के बेलबेड़ा मुकरूमडीह, पियाकूली, एवं आरहँगा गाँव में मुखिया , ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर एवं ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। बैठक में अफीम- पोस्ता, गांजा इत्यादि मादक पदार्थो कि खेती नही करने, उससे होने वाले नुकसान एवं कानूनी करवाई के बारे, डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी/ बाल व्यापार, उग्रवादी तथा नक्सली संगठन में शामिल नहीं होने उनका समर्थन नहीं



करने, साथ ही समाज से भटक कर उग्रवादी संगठन में शामिल हुए व्यक्तियों को मुख्य धारा में लौटने हेतु आह्वान किया। पुलिस से मदद पाने हेतु डायल-100, 112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने कि जानकारी देते हुये जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में पुलिस एवं जनता बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिये आमजन से सुझाव लिया गया तथा उनकी समस्या से अवगत होते हुये समाधान का प्रयास किया गया। साथ ही दिनांक 18 12 2024 को होने वाले जन जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी गई तथा उसमें अपने-अपने समस्याओं को लेकर शामिल होने हेतु अनुरोध किया गया। अंत में सभी पदाधिकारी के द्वारा अपना अपना नंबर आम जनों को दिया गया। उक्त बैठक में ओमप्रकाश ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू , हँसे उरांव , पुलिस निरीक्षक तमाड़ अंचल एवं रोशन कुमार , थाना प्रभारी तमाड़ उपस्थित रहे।

# ओबीसी वर्ग का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान : रविंद्र राय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कार्यकर्ताओं से कहा कि ओबीसी वर्ग के प्रबुद्धजनों को भी पार्टी का सदस्य बनाना है। एक बड़ी आबादी इस वर्ग की है, जो राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका अदा करती है। ओबीसी वर्ग का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। पिछड़ा जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश की संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत हरमू स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में राय ने कहा कि लोकतंत्र विरोधी, राष्ट्र विरोधी और विकास विरोधी ताकतों से लड़ने के लिए भाजपा संगठन को निरंतर गति देने के लिए नए सदस्यों को जोड़ना आवश्यक है। भाजपा केवल चुनाव के लिए नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बनाने के लिए संकल्पित है।प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारों की संवाहक और कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इसलिए सदस्यता अभियान संवैचारिक लोगों की संख्या बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने



कहा कि 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान की विधिवत शुरुआत होगी। इसके तहत 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री और झारखंड निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 सदस्य बनाना है। इसके बाद सक्रिय सदस्य बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा को 59 लाख से अधिक सदस्य बनाना है। ओबीसी मोर्चा को पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है।सदस्यता अभियान के संयोजक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि यह मात्र एक अभियान नहीं, बल्कि संगठन महापर्व है। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग का साथ भारतीय जनता पार्टी को सदा मिलता रहा है। इसलिए मोर्चा की जिम्मेदारी है कि वे इस अभियान में समान विचारधारा के लोगों को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाएं। यह संगठन का नियमित कार्य है, जिसके माध्यम से संगठन को मजबूती मिलती है।

# 16 को जेएसएससी कार्यालय का होगा घेराव : देवेंद्रनाथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। इस परीक्षा को रद्द कर सीबीआई जांच कराने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सह छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में आंदोलन का ऐलान करते हुए कहा कि 16



दिसंबर को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का घेराव किया जाएगा। कल रविवार को संपूर्ण राज्य से छात्र एवं अभिभावक राजधानी रांची प्रवेश करेंगे। ठंड में सभी छात्र अपनी सुविधानुसार रात्रि पड़ाव करेंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को अनुशासित तरीके से अपने मांगों को लेकर जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। सोमवार को एक तरफ आयोग जरिये डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन तो दूसरी तरफ हजारों छात्र कार्यालय के महाघेराव में जुटेंगे। इस मौके पर कई छात्र मौजूद थे।

## प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रभारी प्रधानाध्यापकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड संसाधन केंद्र में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर बीआरपी मेघनाथ राम, संगीता माला टोप्पो, सीआरपी भगीरथ हजाम, सुभाषिश दास, मोहम्मद हासिम एवं सीआरपी रुबी देव ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान शिक्षकों को विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य एवं दायित्व, शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 एवं राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 की जानकारी दी गई। वहीं बाल अधिकार, लैंगिक समानता, एवं सामाजिक भावनात्मक विकास जैसे विषयों के उद्देश्य के कार्यान्वयन के लिए जरूरी पहल की जानकारी दी गई। इस मौके पर बीपीओ मनोज कुमार ने उपस्थित प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि सभी अपने अपने विद्यालयों में प्रशिक्षण कार्यक्रम सुनिश्चित कर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को उपरोक्त विषयों की सारी जानकारी देंगे। इस मौके पर बीआरपी कृष्णा हेमरोम, प्रेम कुमार महतो, शोभा सिंह समेत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## 87 किसानों के बीच चना बीज का किया गया वितरण




**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि विभाग के द्वारा टीआरएफए 2024-25 योजना के तहत प्रखंड के चार टीआरएफए गाँव पुरियो, भंडारा, मोरो और लापुंगा के 87 किसानों को 8ड्ड प्रति एकड़ की दर से प्रत्यक्षण के लिए चना बीज वितरण किया गया. जिसमें प्रखंड प्रमुख किरण देवी, मुखिया अनीता देवी , प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुमन बारला, कृषक मित्र मनोज महतो, घोमा सिंह,ज़माहिर अंसारी, जितिया मिंज, लक्ष्मण लकड़ा सहित अन्य उपस्थित थे

## बचरा 172 आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच किया गया गर्म वस्त्र व खाद्य सामाग्री का वितरण



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत के बचरा 172 माईन्र्स कालोनी आंगनबाड़ी केंद्र मे सादे समारोह आयोजित कर बच्चों के बीच गर्म वस्त्र एंव खाद्य सामाग्री का वितरण किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र के कुल 36 बच्चों को दो-दो सेट गर्म वस्त्र और खाद्य सामाग्री का वितरण किया।इस दौरान मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने उपस्थित आंगनवाड़ी सेविका को झारखंड सरकार द्वारा मिलने वाले सामाग्री को पारदर्शिता के साथ उनके अभिभावको की उपस्थिति में बच्चों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया।उन्होंने बच्चों के भोजन सहित अन्य सुविधा की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि बच्चों को मिलने वाली सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को निर्धारित समय पर आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील की।उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं को प्रत्येक बच्चों तक पहुंचाया जाएगा।उन्होंने बच्चों से भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,पिंकी सिंह,आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका शांति कुमारी,पोषण सखी गायत्री कुमारी सहित अभिभावकों में जसवीर कौर,लीला देवी, यशोदा देवी,गीता देवी,रीता देवी,नैना देवी,अग्नि देवी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मांडर प्रखंड पंचायत समिति सदस्यों के साथ कियय गया समीक्षा बैठक, लिये गये कई निर्णय




**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड सभागार मांडर पंचायत समिति की मासिक बैठक प्रमुख फिलिप सहाए एक्का की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्यत- पंचायत भवन प्रतिदिन खोलने, साफ सफाई रखने बायोमैट्रिक उपस्थिति, पीडीएस दुकानों की निगरानी, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ उपकेंद्र , विद्यालयों की नियमित निगरानी करने, जीपीडीपी की बैठक इत्यादि के बारे में समीक्षा की गई। मौके पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का , प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, उपप्रमुख अमानत अंसारी, विधायक प्रतिनिधि जमील अंसारी, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।

## 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का किया गया आयोजन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगहन पूर्णिमा के पवन अवसर पर रविवार को 11बजे से इटकी जगन्नाथ मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन महायज्ञ का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में गणेशपुर (चान्हो), कटाइया, गढ़गांव, भंडारा, इटकी सहित आसपास के गांव के कीर्तनमंडली शामिल होंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के पुरोहित शत्रुघ्न पांडे ने दी।

## पिपरवार के बचरा बस्ती के पास जर्जर सड़क से लोग परेशान

# सड़क में बड़े-बड़े गड्ढ होने से वाहनों का परिचालन हुआ मुश्किल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती के पास जर्जर सड़क इन दिनो आवागमन करने वाले लोगों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है।जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार के द्वारा पतरातू से मैक्लुस्कीगंज तक सड़क का निर्माण कराया गया है।इस बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बस्ती के समीप करीब आधा किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य मुआवजा लंबित होने का कारण नही कराया गया है।उक्त आधा किलोमीटर सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है।



सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण धुल गर्द से लोग परेशान है।जबकि उक्त मार्ग पर कई कोल वाहनों का परिचालन होता है।कोल वाहनों के परिचालन के दौरान आए दिन यहां कई कोल वाहन गड्ढे में फस जाते हैं,जिसके कारण सड़क जाम की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मुआवजा लंबित होने के कारण सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा आधा किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है,जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आये दिन लोग दुर्धटना के भी शिकार हो रहे है।सड़क पर गड्ढे एवं मिट्टी के धूल गर्द उड़ने के कारण पुरा गांव प्रदूषण की चपेट में आ रहा है।दो पहिया वाहनों का चलना इस रास्ते मुश्किल हो गया है।इधर आवागमन करने वाले लोगों ने जल्द बचे हुए सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

# उषा मार्टिन फाउंडेशन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने दिव्यांग जनों को उपकरण बांटे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** टाटी पूर्वी पंचायत सचिवालय टाटीसिलवे में उषा मार्टिन फाउंडेशन के द्वारा दिव्यांग जनों के लिए सम्मानित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि एच आर हेड एन एम झा के द्वारा दिव्यांग जनों को ट्राइसाइकिल, हियरिंग मशीन इत्यादि उपकरण का वितरण किया गया। विधायक ने कहा कि हम हमेशा दिव्यांग जनों के मदत के लिए खड़े रहते है। फाउंडेशन का यह एक अच्छा प्रयास है परंतु और अधिक सी एस आर फंड का उपयोग




स्ट्रीट लाइट,पीने का पानी इत्यादि जरूरत मंद के लिए होना चाहिए।मयंक मुरारी ने कहा कि की इस तरह के कार्यक्रम के अलावे लागतार शिक्षा,स्वास्थ, कृषि इत्यादि में जागरूकता के साथ स्वालंबन पर कार्यक्रम किए जाते है।इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप, एन एम झा, डॉक्टर मयंक मुरारी,उप प्रमुख जयपाल हजाम,मुखिया कृष्णा पाहन,अर्चना मिश्रा,प्रधान किस्टो कुजूर,समाजसेवी मुकेश कुमार महतो, प स स रमेश कुमार,जितेंद्र कुमार सिंह,पंकज मिश्रा,दीप शिखा से प्रमोद कुमार,दशरथ कच्छप,पांडे जी,रजनीगन्धा जी,भुनेश्वर महतो,उदय कुमार,वीणा कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में उलातु,टाटी,महिलौंग, चतरा, शिल्वे गांव दिव्यांग जनों के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को डीएवी बचरा ने किया सम्मानित

# अभिनव आनंद गोल्ड मेडल और सिद्धार्थ कुमार ब्रोंज मेडल लाकर किया क्षेत्र का नाम रोशन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कुल के छात्रों को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल उपस्थित थे। स्कूल की प्राचार्य डॉ रिशु चौधरी ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।जिसके बाद मुख्य अतिथि नागेश गोपाल व स्कूल की प्राचार्या सहित सभी शिक्षकों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस समारोह मे स्कुल के छात्र अभिनव आनंद ने राष्ट्रीय खेल मे वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया।वहीं छात्र सिद्धार्थ कुमार बॉक्सिंग में ब्रोंज मेडल प्राप्त कर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र सहित डीएवी बचरा का नाम रोशन किया है।कार्यक्रम में दोनों छात्रों को मुख्य अतिथि नागेश कुमार गोपाल के द्वारा माला पहनाकर एंव मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नागेश कुमार गोपाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।बेहतर खेल का प्रदर्शन कर बच्चे अपने स्कूल,गांव,राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। खेल हमें अनुशासन सिखाता है और इससे शारारिक एवं मानसिक विकास भी होता है।खेल के प्रति बच्चों को आगे बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।उन्होंने सफल छात्रों को बधाई देते हुए अन्य छात्रो को भी खेल के प्रति आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।स्कूल की प्राचार्य डॉ रिशु चौधरी ने कहा कि खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए स्कूल में कई प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल मे स्कुल के छात्र अभिनव आनंद और सिद्धार्थ कुमार मेडल प्राप्त कर स्कूल सहित क्षेत्र एवं राज्य का नाम रोशन किया है।उन्होंने सफल बच्चों को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद ने किया।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।इधर स्कूल प्रांगण में प्राचार्य डॉक्टर रिशु चौधरी की अध्यक्षता में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।स्कुल के शिक्षक राकेश कुमार और पीतांबर पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ कराया गया।इसके बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया।इस मौके पर प्राचार्या डॉ. रिशु चौधरी, एसओपी नागेश कुमार गोपाल,वरिष्ट शिक्षक आरबी प्रसाद,एके लाल,एपी द्विवेदी,सीएस सिंह,आरआर दत्ता सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल मिले मंत्री डॉक्टर इरफान और विधायक निशात आलम से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड सरकार के माननीय मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी और पाकुड़ विधायक निशात आलम जी से एक शिष्टाचार मुलाकात किया गया। मंत्री महोदय को विधानसभा में जीत के साथ मंत्री बनने लिए बधाई दिए और गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता देने और कई तरह के कड़े नियमों में शिथिलता



लाने के लिए निवेदन किया गया। डॉ इरफ़ान अंसारी ने हमलोगों के बातों को ध्यानपूर्वक सुन कर कहा कि अभी अभी सरकार बनी है, कुछ दिन इंतजार कीजिए इस विषय पर कोई कदम उठाऊंगा। पाकुड़ विधायक महोदया निशातआलम प्रतिनिधि मंडल के साथ बहुत देर तक बैठ कर एक एक विषयों को गम्भीरतापूर्वक बात को सुनी, और उन्होंने कही कि शिक्षा मंत्री जी से समय लेकर आपलोगों को अपने साथ लेकर जाऊँगी और जो भी निराकरण का रास्ता मिले समस्या का समाधान कराने का प्रयास करूँगी। प्रतिनिधि मंडल में झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार, महासचिव मोजाहिदुल इस्लाम,कोषाध्यक्ष आलोक बिपिन टोप्पो, सचिव अमीन अंसारी, उपाध्यक्ष शुभोजित अधिकारी, सचिदानंद कुमार, मुकेश कुमार सिंह शामिल थे।

## झारखंड सरकार किसानों के साथ : डॉ. इरफान

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी धान अधिप्राप्ति योजना 2024-25 के अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम में धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के माननीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी जी द्वारा दिनांक 15 दिसंबर 2024 को जामताड़ा में किया जाएगा।इस योजना के तहत सरकार ने धान का समर्थन मूल्य ?2300/- प्रति क्विंटल और बोनस ?100/- प्रति क्विंटल, यानी कुल ?2400/- प्रति क्विंटल की दर तय की है। यह सुनिश्चित करेगा कि किसानों को उनके धान का उचित मूल्य मिले और उनकी आय में वृद्धि हो।मंत्री ने उक्त योजना के लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों को सरकार द्वारा संचालित लैम्पस के माध्यम से उनके धान का बेहतर मूल्य मिलेगा।बिचौलियों और खुले बाजार में कम मूल्य पर धान बेचने की मजबूरी खत्म होगी।बोनस और समर्थन मूल्य से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।मंत्री ने किसानों से अनुरोध किया है की सभी किसान भाई अपने धान की बिक्री केवल सरकार द्वारा संचालित लैम्पस केंद्रों के माध्यम से करें और योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। झारखंड सरकार किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों तक पहुंचाने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर अभियान, जेएसएलपीएस के तहत बैंक लिंकेज, मुद्रा लोन, दीदी की दुकान, वन धन योजना, उद्योग विभाग द्वारा संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना, पंचायती राज के तहत 15 वीं वित्त आयोग योजनाओं की स्थिति, पशुपालन एवं गव्य विकास, कृषि विभाग के तहत झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, केसीसी, पीएम किसान योजना, आपूर्ति विभाग द्वारा खाद्यान उठाव एवं वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना, सामाजिक सुरक्षा के तहत संचालित योजनाएं, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों का चयन करते हुए उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य करें।जानकारी दी गयी कि अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20188 लक्ष्य के विरुद्ध 19607 लाभुकों को पंजीकृत किया गया है। 15498 लाभुकों का आवास स्वीकृत कर दिया गया है। जानकारी दी गयी कि वर्ष 2024-25 रबी मौसम में बिरसा फसल विस्तार योजना अन्तर्गत 100 प्रतिशत अनुदान पर प्रत्यक्षण हेतु बीज प्राप्ति एवं वितरण का कार्य प्रगति पर है। सभी प्रखंडों का बीज उपलब्ध करा दी गयी है।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची, नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 卐 जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन बिरसा कॉलेज के बहु उद्देश्य भवन , खूंटी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं का सर्वांगीण विकास होगा। खूँटी जिला में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, मेरी शुभकामनाएं है कि खूँटी जिला से जो भी प्रतिभागी जोनल स्तर पर भाग लें, वह विजयी हो। जिला स्तरीय युवा उत्सव में कुल 11 प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इनमें मुख्य रूप से सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोक गीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, विज्ञान मेला, भाषण एवं फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप में अपर समाहर्ता खूंटी परमेश्वर मुण्डा, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, नेहरू युवा केन्द्र के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सिल्ली पुलिस ने तीन बाइकर्स को पकड़ा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पुलिस द्वारा गस्ती के दौरान पॉलिटेक्निक के समीप से लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए तीन बाइकर्स को पकड़ कर थाना लाया। इन मोटरसाइकिलों में साइलेंसर एवं नंबर प्लेट नहीं होने के कारण एम वी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि ऐसे मोटरसाइकिल चालक जो तेजी एवं लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए पकड़े गए तो उनके कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सिल्ली की नागरिकों से भी अपील की 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बाइक ना दे युवा वर्ग के लड़के यातायात के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से बाइक को चलाएं । मोटरसाइकिल की बनावट में किसी भी तरह की छेड़छाड़ ना करें जिससे ध्वनि प्रदूषण हो। इससे क्षेत्र में मोटरसाइकिल दुर्घटनाएं कम हो सकती है।

## जरियगढ़ राज परिवार के लोगों ने ग्रामीणों के साथ पिकनिक मनाया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरियगढ़ राज परिवार के लाल विजय नाथ शाहदेव के द्वारा गोविन्दपुर गांव के नायक कॉलोनी स्थित अपने जमीन पर सभी ग्रामीणों को सामूहिक रूप से पुराने वर्ष को अलविदा करके के एकसाथ पिकनिक का आयोजन किया गया. जिसमे कॉलोनी के सभी लोग उपस्थित थे वही वृद्धा एवम गरीब असहाय लोगो को ठंढा को देखते हुए कम्बल का वितरण करके सभी को सम्मानित किया गया.जिसमे मुख्य रूप से राजपरिवार के लाल विजय नाथ शाहदेव उदय नाथ शाहदेव रामलखन सिंह बिंदेश्वर सिंह नंदकुमा'सिंह, नारायण नायक, बरनाबास् होरो, दिलीप होरो, संजय नायक,विरेन्द्र सिंह सुशील होरो, रमेश नायक, उमेश नायक, सामु नायक, रविंद्र बैठा, नरेश नायक, राजकुमार नायक, विजय साहू, राजू नायक, जेठू बैठा, सोनू हजाम सहित सैकड़ों लोग पिकनिक मे लुफ्त उठाया ।

## 9 छात्रों का प्रतिनिधिमंडल आईआईटी जोधपुर के लिए हुआ रवाना

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार के महत्वाकांक्षी सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रयास 'एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम' कार्यक्रम के पांचवें चरण के तहत पश्चिम बंगाल के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के 39 छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल आईआईटी जोधपुर के लिए रवाना हुआ है। शिक्षाविद् और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित श्री काजी मासूम अख्तर की मौजूदगी में आईआईईएसटी शिबपुर में एक ओरिएंटेशन सत्र और फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पश्चिम बंगाल का नोडल संस्थान आईआईईएसटी शिबपुर है, जबकि राजस्थान का नोडल संस्थान आईआईटी जोधपुर है। प्रतिनिधि सदस्य 14 से 18 दिसंबर 2024 तक आईआईटी जोधपुर में रहेंगे। इस यात्रा के जरिए दोनों राज्यों के बीच समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे कड़ाके की ठंड से लोग परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान है। पिछले दो तीन दिन मे इलाके में ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है।इसके साथ ही क्षेत्र में कनकनी और शीतलहरी का प्रकोप चलने लगा।जिसके कारण ठंड का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है।जानकारी के मुताबिक पूरे इलाके में सुबह मे घना कोहरा,दिन मे कनकनी और रात में शीतलहरी का प्रकोप बढ़ गया है।ठंड के कारण सबसे ज्यादा परेशानी



स्कूली बच्चों एवं दैनिक मजदूरों को हो रही है।स्कुली बच्चे सुबह में ठिठुर कर स्कूल आना जाना कर रहे हैं।वही दैनिक मजदूरों को भी कार्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इधर कोयलांचल क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में ठंड को देखते हुए समय को आगे बढ़ा दिया गया है।बावजूद इसके ठंड से बच्चे भी परेशान है।वहीं ठंड से बचने को लेकर चौक चौराहो पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।बचरा चार नम्बर चौक, बस स्टैण्ड चौक, बाजारटांड़,राय बाजार सहित अन्य प्रमुख बाजारों में दुकानदार स्वंय अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।वहीं ग्रामीण इलाकों में भी ठंड का असर देखा जा रहा है। शाम होने के साथ ही लोग अपने-अपने घरों में कैद हो जा रहे हैं।ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के द्वारा अभी तक चौक चौराहो पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है,जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अलावा कई संगठनों के लोगों ने जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रबंधन से चौक चौराहो में अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है।ठंड के करण शाम होने के साथ ही बचरा चार नंबर चौक में सन्नाटा पसर जा रहा है।अधिकांश लोग घरों में रहकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। आने वाले एक सप्ताह के भीतर कोयलांचल क्षेत्र में ठंड और बढ़ने की संभावना व्यक्त की जारी है।

## मीशो ने 2024 में 35 प्रतिशत की साल दर साल जबरदस्त वृद्धि की

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने 2024 में जबरदस्त वृद्धि की है। इसने सभी तक इंटरनेट कॉमर्स पहुँचाते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अपने प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले ऑर्डर में साल-दर-साल 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मीशो ग्राहकों की पसंद से जुड़ा हुआ है, और देश में तेजी से ई-कॉमर्स का विस्तार कर रहा है। इसकी वृद्धि भारत में किफायती शॉपिंग पसंद करने वाले ग्राहकों के कारण है, जो फैशन, ब्यूटी, पर्सनल केयर और होम एसेंशियल्स में सस्ते और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदना चाहते हैं। देश के विभिन्न इलाकों और आबादियों के बीच उपभोक्ताओं के लगातार बदलते व्यवहार के साथ ई-कॉमर्स का भी विस्तार हो रहा है, तथा ग्राहक सस्ते दामों में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। बाजार में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियाँ बनने के बाद भी मीशो के विकास की दर जारी रही और 2024 में इस पर लगभग 175 मिलियन सालाना यूज़र्स ने खरीदारी की। मीशो के 50 प्रतिशत ग्राहक टियर 4. शहरों, जैसे नईदुपेटा (आंध्र प्रदेश), शेरघाटी (बिहार), और हरपनहल्ली (कर्नाटक) से हैं। साथ ही मीशो लगातार चौथे साल सबसे ज्यादा डाउनलोड होने वाला शॉपिंग ऐप बन गया, जिसे 210 मिलियन से ज्यादा बार डाउनलोड किया गया।

## अर्जुन मुंडा मृतक सोनू सरदार के शोकसंतप्त परिवार से मिले, घटना की किया निंदा



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के यसपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति और पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की हत्या कर खबर पाकर शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उनके घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर मामले का शीघ्र उद्भेदन और अपराधियों को सख्त सजा दिलाने की बात कही। पूर्व मंत्री ने कहा कि सोनू सरदार एक सक्रिय समाजसेवी और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी व्यक्ति थे। उनकी हत्या जघन्य अपराध है।

## रांची के व्यवसायी संदीप पाटिल ने पिता के पुण्यतिथि पर बांटे कंबल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची निवासी समाजसेवी सह व्यवसायी संदीप पाटिल ने अपने पिता स्वर्गीय सुधीष्ट कुमार यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर टीम पीएसएफ एवं सपना सोना के कार्य से प्रभावित होकर जमशेदपुर के जुगसलाई थाना क्षेत्र स्थित नव जागृत मानव समाज कुष्ठ आश्रम अंत्योदया भवन एवं स्लम एरिया में निवास कर रहे लगभग 200 लोगों के लिए उत्तम भोजन की व्यवस्था की और कम्बल वितरण किया. इस अवसर स्वर्गीय सुधीष्ट कुमार यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं उपस्थित गरीबों ने कंबल मिलने पर आशीर्वाद दिया।

## अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम ने वृद्ध आश्रम का किया निरीक्षण, बुजुर्गों से लिया फीडबैक



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धालभूम के अनुमंडलाधिकारी शताब्दी मजूमदार ने एमजीएम थाना अंतर्गत गेरूआ में वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण कर वृद्धजनों के खान-पान समेत सभी सुविधाओं का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी वृद्धजनों से अलग-अलग वार्ता भी किया तथा वृद्धाश्रम में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। वृद्धजनों द्वारा अवगत कराया गया कि आश्रम में समय से नास्ता, भोजन आदि मिलता है । किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कमरों एवं परिसर का निरीक्षण किया। पेयजल की व्यवस्था की भी जानकारी लिया। वृद्धजनों से व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया तथा संचालक को वृद्ध आश्रम के नियमित साफ- सफाई, पौष्टिक आहार, यथोचित सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## चंद्रशेखर लगातार चौथी बार बने पटमदा डिग्री कॉलेज के टीआर



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के रसायन शास्त्र विषय के व्याख्याता चंद्रशेखर महतो लगातार चौथी बार शासी निकाय के शिक्षक प्रतिनिधि (टीआर) बने। शनिवार को कॉलेज में आयोजित एक बैठक के दौरान उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनकी उपलब्धि व कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें सर्वसम्मति से चुन लिया गया। उन्हें शासी निकाय के अध्यक्ष सह जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी व सचिव चंद्रशेखर टुडू ने बधाई देते हुए शिक्षक हित व छात्र हित में काम करने की सलाह दी है। मौके पर प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो, डॉ. गौतम गोराई, माधुरी, शाश्वती महतो, विश्वनाथ महतो, भवानी विनायक मिश्रा व सहला बानो आदि मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रेमेन्द्र मिश्रा ने किया फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां प्रखंड क्षेत्र के पाउड़ी शिव मंदिर क्लब जोजोपी, बड़ाबाम्बो द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने किया। प्रतियोगिता का पहला मैच गोडफादर एफ सी बनाम ए. बी. सी. सोनपोस के बीच खेला गया, इस मैच में गॉडफादर एफ सी की टीम 1-0 से विजयी रही। मौके पर ग्राम प्रधान संतोष नायक,बबलू पूर्ति,सत्यवान गागराई,देवेन नायक,किशन प्रमाणिक सहित काफी संख्या में खिलाड़ी,एवं दर्शकगण मौजूद थे।

## खरसावां के रिडींग गांव में सांसद कालीचरण मुंडा के प्रयास से 100 केवी ट्रांसफार्मर लगा



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रिडींग के गांव कुम्हार रिडींग (नीचे टोला) में शॉर्ट सर्किट होने पर 100 केवी ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसकी सुचना कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष कोन्दो कुंभकार ने खुंटी लोकसभा के सांसद कालीचरण मुंडा को टेलीफोन के माध्यम से दिया। वहीं सांसद कालीचरण मुंडा ने संज्ञान में लेकर तुरन्त विभाग से बात करके 24 घंटा के भीतर एक नया ट्रांसफार्मर का व्यस्वस्था कराया। सांसद के निर्देशानुसार प्रदेश सचिव छोटराय किस्कू एवं खरसावां प्रखण्ड अध्यक्ष कोन्दो कुंभकार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन कर सुचारू रूप से बिजली को चालु कर दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से शंकर लोवादा, बुधनलाल कुंभकार प्रमेश्वर कुम्हार, शिवनाथ कुम्हार, दयानन्द कुम्हार, बिदुर कुम्हार, ज्यतु कुम्हार, पिंटु कुम्हार, संजय कुम्हार, मोहना कुम्हार, देवकुमार कुम्हार, सोनू कुम्हार एवं गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए।

### मंत्री रामदास सोरेन ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, बोले

# कुड़ियान व भालकी मध्य विद्यालय को हाईस्कूल में करेंगे अपग्रेड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुड़ाबंदा :** गुड़ाबांदा प्रखंड के जियान गांव टोला नुतनडीह में स्थानीय नाला मे 88 लाख रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। शनिवार को राज्य के स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन विभाग के मंत्री सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल से पुल का निर्माण 88 लाख की लागत से किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक आरसीडी रोड काशियाबेड़ा से नुतनडीह, कोशाफोलिया होते हुए जिलिंगडुंगरी तक सड़क निर्माण कार्य का स्वीकृती भी चुकी है। अब नाला मे पुल का निर्माण हो जाने से आसपास गांवो के लोगों को अवागमन सुगम हो जाएगा। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि ग्रामीणों से को नुतनडीह टोला में पुल निर्माण का वादा किया था। जो आज पूरी हो रहा है। पहले इस क्षेत्र में नक्सली संगठन का बोलबाला रहा करता था। पूर्व नक्सली कान्हू मुंडा का घर भी इसी क्षेत्र में मौजूद है। नक्सलियों के सरेंडर करने के बाद इस क्षेत्र में सड़क व पुल निर्माण का वादा प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया था।



**मंत्री ने किया स्कूल का निरीक्षण**

मंत्री रामदास सोरेन ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुड़ियान का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के हेडमास्टर से स्कूली बच्चों के जुते दो दिन के अंदर दिलाने का निर्देश दिया। मंत्री रामदास सोरेन ने कुछ बच्चों को खाली पैर देखकर हेडमास्टर से कारण पूछा। और सभी बच्चे स्वेटर व पूरी युनिफॉर्म के साथ विद्यालय आयें। इसके लिए अभिभावकों के साथ प्रतिमाह बैठक करने करें। साथ ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें। मंत्री रामदास सोरेन ने इस दौरान चार पंचायतों में मौजूद हाईस्कूल की जानकारी ली। गुड़ाबांदा पंचायत के कुड़ियान और भालकी पंचायत के भालकी मध्य विद्यालय को हाईस्कूल में अपग्रेड कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दस किलोमीटर से अधिक दूरी होने के कारण कई बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बच्चों को भी उच्च शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए पहल करेंगे। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू, प्रमुख शुभोजीत मुंडा, उप प्रमुख रतन लाल राउत, झामुमो नेता जगदीश भकत, कान्हु सामंत, काजल डॉन, बिमल कर्मकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र नाथ गांतात, द्विजेन प्रधान , झंटु घोष व ग्रामीण उपस्थित थे।

## आधुनिक पावर ने रैली निकाल कर दिया ऊर्जा संरक्षण का सन्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** राष्ट्रिय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाये जाने के मौके पर सरायकेला के पदमपुर स्थित बिजली उत्पादन करने वाले कंपनी आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड ने कंपनी परिसर में एक जागरूकता रैली निकाल ऊर्जा संरक्षण का सन्देश दिया। शनिवार को इस अवसर पर कंपनी के कर्मचारियों और अधिकारीयों ने आधुनिक का नारा, ऊर्जा संरक्षण संकल्प हमारा और बिजली बचाओ, देश को विकसित बनाओ जैसे नारे लगाकर सबों से ऊर्जा संरक्षण की अपील की। तीन दिवसीय कार्यक्रम में मकैनिकल मेंटेनन्स डिपार्टमेंट (एमएमडी) को ऊर्जा संरक्षण में सर्वश्रेष्ठ विभाग घोषित किया गया जबकि ऑपरेशन्स विभाग उपविजेता बना। पैदल रैली में कर्मचारियों ने ऊर्जा संरक्षण संबंधी नारे लिखी तख्तियां लेकर भी लोगों को जागरूक किया। रैली को सफल बनाने में तरुण कुमार, अनूप कुमार, अनिल कुमार सोनी सहित ऑपरेशन्स विभाग के कर्मचारियों का सराहनीय योगदान दिया।

## सरायकेला-खरसावां जिले में 18 केंद्रों से धान खरीदेगी सरकार, तीन केंद्रों का उद्घाटन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** सरायकेला खरसावां जिले में किसानों से धान की खरीद हेतु 18 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें से तीन केंद्रों में रविवार 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन, राईस मिलरों का चयन, अधिप्राप्ति केंद्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केंद्रों पर मानव बलो की प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है। जिलान्तर्गत खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अन्तर्गत कुल लक्ष्य 3,00,000 क्विंटल रखा गया है, 18 लैंप्स को धान अधिप्राप्ति केंद्र तथा 06 राईस मिल उक्त कार्य हेतू चयनित है। रविवार को खरसावाँ लैंप्स, नारायणपुर लैंप्स एवं रूगड़ी लैंप्स में उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए शेष 15 अधिप्राप्ति केन्दों में भी किसानों से धान क्रय कार्य प्रारंभ किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत धान का बोनस सहित कुल दर 2400 रू प्रति क्विंटल निर्धारित है। समाहरणालय सभागार में शनिवार को उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदीयार की अध्यक्षता में उक्त संबंध में समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया।

## सिवेरियो के शानदार दो गोल से जमशेदपुर एफसी ने पंजाब एफसी को 2-1 से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में पंजाब एफसी को 2-1 से हरा दिया। रेड माइनर्स की जीत में स्पेनिश स्ट्राइकर हावी सिवेरियो ने 45+4वें और 84वें मिनट में गोल किए। हावी सिवेरियो को मेजबान टीम के दोनों गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं 46वें मिनट में अर्जेंटीनाई विंगर पुल्गा विडाल ने गोल करके पंजाब एफसी को बराबरी दिलाते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। 84वें मिनट में स्पेनिश स्ट्राइकर हावी सिवेरियो ने मैच में अपना दूसरा गोल करके जमशेदपुर एफसी की बढ़त को 2-1 कर दिया।

आज मिली हार से पंजाब एफसी के ग्रीक हेड कोच पैनागियोटिस डिलम्पेरिस निश्चित रूप से निराश होंगे। पंजाब एफसी 10 मैचों में छह जीत और चार हार से 18 अंक लेकर तालिका में तीसरे से पांचवें स्थान पर लुढ़क गई है। वहीं, रेड माइनर्स की जीत से हेड कोच खालिद जमील जरूर प्रसन्न होंगे। जमशेदपुर एफसी 10 मैचों में छह जीत और चार हार से 18 अंक लेकर तालिका में आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गई है। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच तीसरा मुकाबला था और आज जमशेदपुर एफसी ने दूसरी बार जीत हासिल की है जबकि पंजाब एफसी का जीत का इंतजार जारी है। एक मैच ड्रा रहा है।

### मुम्बई सिटी एफसी और मोहम्मडन एससी के बीच भिड़ंत आज

**जमशेदपुर/ कोलकाता :** किशोर भारती क्रीड़ांगन रविवार को शाम 7:30 बजे मोहम्मडन एससी और मुम्बई सिटी एफसी के बीच पहले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले की मेजबानी करेगा। आइलैंडर्स ने आईएसएल 2024-25 के आगामी मुकाबले में उतरने से पहले नए प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले चार मैच जीतकर फॉर्म दिखाई है। कोलकाता में खेले अपने नौ मैचों में से केवल एक बार हारने वाली मुम्बई सिटी एफसी 10 मैचों में तीन जीत, पांच ड्रा और दो हार से 14 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। दूसरी ओर, ब्लैक पैंथर्स अभी भी घरेलू मैदान पर पहली जीत की तलाश में हैं, वे अपने पांच घरेलू मुकाबलों में चार हारे हैं और एक ड्रा खेले हैं। मोहम्मडन एससी के रूसी हेड कोच आंद्रेई चेर्निशोव अपने खिलाड़ियों के साथ अच्छी ट्रेनिंग करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुम्बई सिटी एफसी के चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी को भरोसा है कि आइलैंडर्स जल्द ही अपनी लय हासिल कर लेंगे।

## साकची अग्रसेन भवन में श्याम प्रेमी करेगें सांवरिया के संग नव वर्ष 2025 का स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुड़े श्याम प्रेमी साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में पुराने साल 2024 कि विदाई और नये साल 2025 का स्वागत बाबा श्याम के भजनों के साथ आगामी 31 दिसम्बर मंगलवार को करेंगें। ना डिस्को जायेंगे, ना होटल जायेंगे ये श्याम प्रेमी तो साकची श्री अग्रसेन भवन में बाबा के चरणों मे हाजरी लगाएंगे। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस कार्यक्रम के आयोजक करने वाले श्याम-कराने वाले श्याम (श्याम प्रेमी) हैं। कार्यक्रम का नाम 'नव वर्ष सांवरिया के संग' हैं। इस दौरान उपस्थित भक्तों के बीच लॉटरी के माध्यम से तीन भक्तो को बाबा श्याम का खजाना उपहार स्वरूप भेंट किया जायेगा। रविवार की संध्या 07.15 बजे से बाबा श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्जवलित सहित भजनों का शुभारंभ होगा, जो प्रभु इच्छा से रात एक बजे तक चलेगा। बैठक में प्रमुख रूप से मालीराम अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, राजेश चौधरी (श्याम मसाले), लालचंद अग्रवाल, पंकज छावछरिया, विक्की अग्रवाल, राजेश अग्रवाल (चन्द्रबली), चंदन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल (टिक्कू), शैलश अग्रवाल आदि श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

## विवेक विद्यालय का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, येलो हाउस ओवरऑल चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** शनिवार को विवेक विद्यालय की 34वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता टेल्को स्थित सुमंत मूलगावकर स्टेडियम में संपन्न हुई। बतौर मुख्य अतिथि पूर्वी सिंहभूम जिले के खेल पदाधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने बैलून हवा में उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नवल टाटा हॉकी एकेडमी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव तथा अन्य अतिथि में पूर्व अंतरराष्ट्रीय लांग जंप खिलाड़ी ब्रिधान मरांडी, टाटा मोटर्स खेल विभाग के विवेक कुमार एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन विजय कुमार बट्टू, सचिव अंकुर सिन्हा तथा कोषाध्यक्ष पलास दास एवं सभी अभिभावकगण, तथा विद्यालय के प्राचार्य अवधेश सिंह उपस्थित थे। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ड्रिल तथा मार्च पास्ट ने स्टेडियम में उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान येलो हाउस ओवरऑल चैंपियन घोषित हुआ। परिणाम इस प्रकार हैं : ओवरआल विजेता - येलो हाउस, मार्चपास्ट विजेता- रेड हाउस, मार्च पास्ट उपविजेता- येलो हाउस, अंडर 17 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालक वर्ग - अनुकरण गोस्वामी, अंडर 17 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालिका वर्ग-अंकिता सिंह, अंडर 14, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालक वर्ग - रितेश दास, अंडर 14 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालिका वर्ग - बासो हांसदा, अंडर 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालक वर्ग - दिनेश सिंह मुंडा, अंडर 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालिका वर्ग - पूजा सिंकू, अंडर 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालक वर्ग - विवेक कुमार पांडे, अंडर 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालिका वर्ग - रानी बेहरा।

## राज्य के विकास में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की अहम भूमिका : विधायक

**जमशेदपुर :** होटल दयाल इंटरनेशनल में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ की ओर से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय के द्वारा किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि सरयू राय विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार सिंह, सुजॉय राय, दीपक बेउरा, महासचिव नितेश कुमार मिश्रा, अध्यक्ष डॉक्टर कौशिक मल्लिक, क्षेत्रीय सचिव रंजीत कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक सरयू राय ने कहा कि झारखंड के विकास में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की अहम भूमिका है। महासचिव नितेश मिश्रा ने कहा कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 2 अक्टूबर 2024 से अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। ग्रामीण बैंक देश के 23 राज्य एवं तीन केंद्र शासित प्रदेश, 705 जिले, 22000 से अधिक शाखाओं मे 42 करोड़ से अधिक ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रही है। अध्यक्ष कौशिक मल्लिक ने कहा कि अरेबिया के नेतृत्व में एक राज्य एक ग्रामीण बैंक राष्ट्रीय स्तर पर एक ग्रामीण बैंक की स्थापना जोकि दादा दिलीप मुखर्जी का सपना था वह बहुत ही जल्द पूरा होने जा रहा है। सुजॉय राय ने कहा कि ग्रामीण बैंक स्टाफ की भारी समस्या, खराब नेटवर्क की समस्या, अन्य समस्याओं से से जूझ रहा है। दीपक बेउरा ने कहा कि ग्रामीण बैंकों में स्थानांतरण नीति की समीक्षा की जानी चाहिए। बैठक के दौरान कार्यकारिणी सदस्यों के कई पद रिक्त थे। उन पदों पर कार्यकारिणी सदस्यों को मनोनीत किया गया। जिसमें सिंघम क्षेत्र के उपाध्यक्ष के रूप में राहुल तिवारी को मनोनीत किया गया। जबकि गोड्डा क्षेत्र के उपाध्यक्ष के रूप में सर्वोत्तम ठाकुर को तथा हजारीबाग क्षेत्र से सीतांशु मांझी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया, जबकि रिजवाना फिरदौस को ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री मनोनीत किया गया। मौके पर कुमार गौरव, सुजीत कुमार झा, सर्वोत्तम ठाकुर, धर्मेंद्र चौधरी, कुमार आशुतोष, सतीश तिग्गा हीरालाल कुमार, सुकुमार महतो, राहुल तिवारी रिजवाना फिरदौस, सोनी कुमारी, सुशांति कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जेएनएसी स्पेशल प्लान बनाकर नालों की कराये सफाई : सरयू

### - विधायक सरयू राय ने कई इलाकों का किया भ्रमण, लोगों की सुनी समस्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को सोनारी के रुपनगर, निर्मलनगर ए, निर्मलनगर बी, निर्मलनगर सी, जाहिरा बस्ती आदि का दौरा किया. श्री राय के समक्ष सैकड़ों महिलाएं आई और उन्होंने श्री राय को बस्तियों की समस्याएं बताई. मुख्य समस्या पेयजल की थी. कोई बस्ती ऐसी नहीं, जो समस्याग्रस्त ना हो. किसी बस्ती में पेयजल का पाइप तो बिछा दिया गया है लेकिन कनेक्शन दिया ही नहीं गया है. श्री राय को बताया गया कि टाटा स्टील यूआईएसएल 20 से 30 हजार रुपये प्रति कनेक्शन ले रहा है. सभी चाहते हैं कि पानी का कनेक्शन मिले, घर में जल आए. श्री राय को स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके के प्रायः सभी नाले जाम हैं. श्री राय ने बस्तीवासियों से कहा कि वह सोमवार और मंगलवार को जुस्को के अफसरों के साथ बैठेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिए बात करेंगे. उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि इनसे पानी का कनेक्शन देने के लिए बात तो करेंगे ही, जेएनएसी से कहेंगे कि वह यहां के लिए स्पेशल प्लान बनाए और सभी नालों की सफाई करे. वहीं सरयू राय ने शनिवार को मानगो के कई इलाकों का भ्रमण किया. इलाके के लोगों ने शिकायत की कि मानगो पेयजल परियजोना से पानी नहीं मिल रहा है. कुमरुम बस्ती, हलधर अपार्टमेंट इनमें प्रमुख है. इस बारे में श्री राय ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से फोन पर बात की और उनसे कहा कि यह शर्म की बात है कि 100 करोड़ से अधिक रुपये खर्च करके मानगो पेयजल परियोजना बनी लेकिन लोगों के घरों में पानी ही नहीं जा रहा है. इस पर कार्यपालक अभियंता का कहना था कि इंटकवेल में ही खराबी है.

## पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की गोली मारकर हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** गम्हरिया थाना अंतर्गत यशपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति और पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार (40) की बीते शुक्रवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना उनके बड़डीह गांव में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, सोनू सरदार गांजिया ग्राम में आयोजित एक बर्थडे समारोह से लौट रहे थे। जब वह अपने स्कूल के पास पहुंचे, तब पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। सरायकेला सदर अस्पताल में शव की जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए उसे एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश जारी है। सोनू सरदार पारा शिक्षकों के बीच एक प्रमुख नेता थे। उनकी हत्या से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों और पारा शिक्षक संघ ने घटना की उच्चस्तरीय जांच और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। इस हत्या के बाद शनिवार की सुबह काफी संख्या में ग्रामीण गम्हरिया थाना पहुंचे और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे आरआईटी थाना प्रभारी विनय कुमार ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया। इधर, घटना की सूचना पाकर सरायकेला एसडीपीओ भी गम्हरिया थाना पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

## टीम इंडिया का 'आत्मसमर्पण'

**खेल** में हार-जीत खेल का अंतरंग हिस्सा है। क्रिकेट की टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों की शर्मनाक पराजय दी थी, लेकिन अब एडिलेड टेस्ट में टीम इंडिया को 10 विकेट की करारी हार झेलनी पड़ी। दरअसल ये पराजय नहीं, टीम का आत्मसमर्पण है और ऐसा खेल चिंतित करता है। टीम इंडिया ने टेस्ट चैंपियनशिप के खिताब भी जीते हैं और पिछले दो मुकाबलों में वह उप-विजेता रही है। टीम इंडिया टी-20 और एकदिनी क्रिकेट में भी विश्व चैंपियन रही है। ये संतुष्टि की दलीलें नहीं हैं। दरअसल यह टीम इंडिया का संक्रमण-काल है। बेशक विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भी महान बल्लेबाज रहे हैं। कोहली 9000 से अधिक रन बना चुके हैं, लेकिन अब रिकॉर्ड से आंखें मूंदनी चाहिए और खेल की हकीकत को समझना चाहिए। खेल के लिहाज से विराट और रोहित 'उम्रदराज' हो चुके हैं। कभी गावस्कर से लेकर सचिन तेंदुलकर तक बल्लेबाज धीमे और धूमिल हुए हैं, लेकिन बल्लेबाजों की पीढियां आती रही हैं। यदि हमें शर्मनाक हार के दंश झेलने ही हैं, तो नए खिलाडियों को मौका दिया जाना चाहिए। एडिलेड की पराजय आत्मसमर्पण जैसी रही है, क्योंकि तीसरे दिन ही टेस्ट मैच समाप्त हो गया। टीम इंडिया ने दोनों पारियों में ऑलआउट होते हुए कुल 486 गेंदें ही खेली। यह सबसे कम बल्लेबाजी का चौथा उदाहरण है। टीम इंडिया टेस्ट मैच में 19वीं बार 10 विकेट से हारी है। विराट ने कुल 18 रन ही बनाए और कप्तान रोहित शर्मा ने मात्र 9 रन बनाकर ही अपना दायित्व निभा दिया! रोहित एक लंबे समय से शतकीय बल्लेबाजी नहीं कर पाए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इन दोनों खिलाडियों का सालाना अनुबंध 7 करोड़ रुपए से अधिक तय कर रखा है। के. एल. राहुल का अनुबंध भी 5 करोड़ रुपए का है। ये एक किस्म के वेतन हैं और 'विराट' खिलाड़ी होने के कारण बाजार उन्हें करोड़ों रुपए के विज्ञापनों का चेहरा भी बनाता है। इतना पैसा भारत के किसी भी खिलाड़ी के हिस्से में नहीं है, लिहाजा बल्लेबाजों को अपनी राष्ट्रीय भूमिका भी समझनी चाहिए। बेशक इन खिलाडियों की बल्लेबाजी बेजोड़ रही है, लेकिन देश यह अपेक्षा नहीं करता कि 'विराट' बल्लेबाज शून्य पर अथवा 5-7 रन बनाकर ही पैवेलियन लौटते रहें। नए बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बहुत अच्छे और ठोस खिलाड़ी हैं, लेकिन उनका खेल बेहद 'अनिश्चित' है। टीम इंडिया के कथित विख्यात बल्लेबाज दोनों पारियों में 200 रन भी पार नहीं कर सके। पांच बल्लेबाज 50 रन के भीतर ही लुढक़ गए। एक भी बल्लेबाज ने अद्र्धशतक की पारी नहीं खेली। गेंदबाजों में सिर्फ बुमराह ही असरदार रहे और उन्होंने विकेट भी झटके। अश्विन 500 से अधिक टेस्ट विकेट ले चुके हैं, लेकिन विदेशी पिच पर वह बेजान, बेअसर ही रहे। सिराज ने हैड को शतक बनाने के बाद बोल्ड किया, लेकिन वह भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को बांध नहीं सके। एडिलेड की हार से टीम इंडिया वल्र्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पहले स्थान से तीसरे स्थान पर लुढक़ आई है। उस पर फाइनल खेलने का खतरा मंडरा रहा है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि 'गुलाबी गेंद' में स्विंग ज्यादा और देर तक बरकरार रहती है। आईपीएल और सीमित ओवर खेल की बहुतायत ने हमारे कथित महान बल्लेबाजों का धैर्य, गेंद छोडऩे की कला और बैकफुट खेल को प्रभावित किया है। 'गुलाबी गेंद' पर पॉलीयुरेथेन की चिकनी परत चढ़ाई जाती है, लिहाजा टप्पा खाकर गेंद स्किड होती है और स्विंग-स्किड के मिश्रण ने भारतीय बल्लेबाजों का खेल तबाह कर दिया है।

> क्रिकेट की टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों की शर्मनाक पराजय दी थी, लेकिन अब एडिलेड टेस्ट में टीम इंडिया को 10 विकेट की करारी हार झेलनी पड़ी। दरअसल ये पराजय नहीं, टीम का आत्मसमर्पण है और ऐसा खेल चिंतित करता है। टीम इंडिया ने टेस्ट चैंपियनशिप के खिताब भी जीते हैं और पिछले दो मुकाबलों में वह उप-विजेता रही है। टीम इंडिया टी-20 और एकदिनी क्रिकेट में भी विश्व चैंपियन रही है। ये संतुष्टि की दलीलें नहीं हैं। दरअसल यह टीम इंडिया का संक्रमण-काल है। बेशक विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भी महान बल्लेबाज रहे हैं। कोहली 9000 से अधिक रन बना चुके हैं, लेकिन अब रिकॉर्ड से आंखें मूंदनी चाहिए और खेल की हकीकत को समझना चाहिए। खेल के लिहाज से विराट और रोहित 'उम्रदराज' हो चुके हैं। कभी गावस्कर से लेकर सचिन तेंदुलकर तक बल्लेबाज धीमे और धूमिल हुए हैं, लेकिन बल्लेबाजों की पीढ़ियां आती रही हैं। यदि हमें शर्मनाक हार के दंश झेलने ही हैं, तो नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए।

### एक विद्रोही नेता ने बयान दिया है कि उनके आदमी कई सालों से तुर्की में प्रशिक्षण ले रहे थे

## सीरिया की जंग अभी खत्म नहीं हुई है

राजेश कुमार पासी

> असद की सत्ता खत्म होने से पूरी दुनिया में सुन्नी मुस्लिम समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसके अलावा दुनिया भर में वामपंथी और लिबरल समुदाय बहुत खुश है क्योंकि उसे लगता है कि एक तानाशाह की सत्ता का अंत हो गया है। यह सच है कि असद एक क्रूर तानाशाह थे लेकिन जो लोग सत्ता में आ रहे हैं, वो उनसे बड़े तानाशाह और क्रूर साबित होने वाले हैं। बड़ी अजीब बात है कि जिहादी गुट हयात तहरीर अल-शाम( एचटीएस) ने सिर्फ दस दिनों में असद की सत्ता को खत्म करके सीरिया पर कब्जा कर लिया

**सीरिया** से बशर अल-असद की सत्ता खत्म हो गई है. असद परिवार पिछले 50 सालों से सीरिया की सत्ता पर काबिज था। असद की सत्ता खत्म होने से पूरी दुनिया में सुन्नी मुस्लिम समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसके अलावा दुनिया भर में वामपंथी और लिबरल समुदाय बहुत खुश है क्योंकि उसे लगता है कि एक तानाशाह की सत्ता का अंत हो गया है। यह सच है कि असद एक क्रूर तानाशाह थे लेकिन जो लोग सत्ता में आ रहे हैं, वो उनसे बड़े तानाशाह और क्रूर साबित होने वाले हैं। बड़ी अजीब बात है कि जिहादी गुट हयात तहरीर अल-शाम( एचटीएस) ने सिर्फ दस दिनों में असद की सत्ता को खत्म करके सीरिया पर कब्जा कर लिया है। इतने दिनों से चल रहे सत्ता संघर्ष में अचानक ये सब नहीं हुआ है। इसके पीछे अमेरिका, इजराइल और तुर्की का हाथ है। एक विद्रोही नेता ने बयान दिया है कि उनके आदमी कई सालों से तुर्की में प्रशिक्षण ले रहे थे। एचटीएस के नेता जोलानी ने कहा है कि उसे बशर अल-असद की सत्ता को उखाड़ फेंकने का काम दिया गया था और उसने वो पूरा कर दिया है। असद सरकार को रूस, ईरान, चीन और इराक से समर्थन मिल रहा था लेकिन मुख्य रूप से उसकी मदद रूस और ईरान कर रहे थे। रूस यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझा हुआ है और ईरान इजराइल के साथ संघर्ष के कारण कमजोर हो चुका है। इसके अलावा असद को हिजबुल्लाह का भी सहयोग मिल रहा था लेकिन इजराइल से संघर्ष के कारण हिजबुल्लाह असद सरकार की मदद नहीं कर पाया। दूसरी तरफ विद्रोहियों को अमेरिका, तुर्की, सऊदी अरब, इजराइल और अन्य यूरोपीय देशों से सैन्य और वित्तीय मदद मिल रही थी। यही कारण है कि विद्रोहियों को इतनी आसानी से असद सरकार को उखाड़ फैंकने में सफलता प्राप्त हो गई। इसके अलावा सीरिया की जनता भी असद सरकार से परेशान थी इसलिए सत्ता परिवर्तन आसानी से हो गया। एचटीएस प्रमुख अबु मोहम्मद अल-जोलानी जिसे आज स्वतंत्रता सेनानी बताया जा रहा है, वो कभी अलकायदा का सदस्य था और अमेरिका ने उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम रखा हुआ था। इस आदमी का आईएसआईएस से भी सम्बन्ध रहा है। एक आतंकवादी को उदारवादी नेता की तरह अमेरिका का डीप स्टेट प्रस्तुत कर रहा है। कितनी अजीब बात है कि जिस आतंकवादी नेता पर अमेरिका ने इतना बड़ा इनाम रखा हुआ था, उसी व्यक्ति की जीत पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और दूसरे यूरोपीय देश जश्न मना



रहे हैं। जोलानी की सत्ता आना सीरिया में नये युग की शुरुआत बताया जा रहा है। जिस अलकायदा को खत्म करने के नाम पर अमेरिका ने लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया, आज उसी अलकायदा के नेता को सत्ता में बिठाकर शांति की उम्मीद की जा रही है। जो बाईडन ने सीरिया को आर्थिक पैकेज देने का भी ऐलान कर दिया है। अब सवाल उठता है कि जोलानी के आने के बाद क्या सब कुछ शांत हो जायेगा। आईएसआईएस इस मौके का वर्षों से इंतजार कर रहा था। असद के जाने के बाद सीरिया में अराजकता पैदा होने वाली है और अराजकता आईएस के लिए खाद का काम करती है। सद्दाम हुसैन के जाने के बाद पैदा हुई अराजकता ने ही आईएस को इराक में खड़ा होने का अवसर दिया था। वो अब अपने कब्जे वाले इलाके से बाहर आकर सीरिया के अन्य इलाकों पर कब्जा करने की कोशिश करेगा और इसके कारण उसका संघर्ष जोलानी की सेना से होगा। यह बात अमेरिका भी जानता है इसलिए उसने जोलानी की जीत के तत्काल बाद आईएस के कब्जे वाले इलाकों पर बड़ा हमला किया है। डोनाल्ड ट्रंप के आने के बाद क्या होगा, यह देखना होगा। ट्रंप ने कहा है कि सीरिया हमारा दोस्त नहीं है. वहां जो कुछ भी हो रहा है, उससे हमें कोई मतलब नहीं है क्योंकि यह हमारी लड़ाई नहीं है। मतलब साफ है कि अगर आईएस सीरिया में आगे बढ़ता है तो ट्रंप के आने के बाद सीरिया को बचाने अमेरिका नहीं आने वाला है। आईएस से निपटना जोलानी के लिए आसान होने वाला नहीं है क्योंकि अब उसे अमेरिका और इजराइल की मदद मिलना मुश्किल होने वाला है। असद परिवार को रूस सीरिया से निकाल कर ले गया है और अपने देश में उनको शरण दे दी है। अभी रूस और ईरान इस हालत में नहीं हैं कि वो कुछ कर सके लेकिन आगे चलकर सीरिया के हालात क्या मोड़ ले सकते हैं, कुछ कहा नहीं जा सकता। रूस और ईरान को मौका मिला तो वो असद को फिर सीरिया की सत्ता में बिठा सकते हैं। असद का जिंदा रहना सीरिया की राजनीति में कभी भी बदलाव ला सकता है। अगर लीडर जिंदा रहता है तो वो कभी भी वापिसी कर सकता है। इसलिए यह सोचना कि असद की सत्ता हमेशा के लिए खत्म हो गई है, अभी जल्दबाजी होगी। इजराइल को असद सरकार के जाने का सबसे बड़ा फायदा हुआ है। पिछले 50 सालों से इजराइल की तमन्ना थी कि वो गोलान हाइट्स और सीरिया के कुछ अन्य क्षेत्रों पर कब्जा कर ले। उसने गोलान हाइट्स के बफर जोन पर कब्जा कर लिया है और आगे बढ़ रहा है। इजराइल कहां जाकर रुकेगा, अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। एक तरफ इजराइल असद के जाने की खुशी मना रहा है तो दूसरी तरफ वो बफर जोन पर कब्जा कर रहा है। इसके अलावा इजराइल ने सीरिया के कई इलाकों पर भारी बमबारी की है। इसका मतलब साफ है कि इजराइल जानता है कि आगे चलकर एचटीएस उसके लिए खतरा बन सकता है इसलिए उसने सीरिया के सैन्य अड्डों पर हमला किया है। इजराइल अपने हमलों से सीरिया के सैन्य अड्डों को खत्म कर रहा है ताकि भविष्य में उनका इस्तेमाल एचटीएस न कर सके। ईरान के लिए बड़ी समस्या यह खड़ी हो गई है कि उसका हिज्बुल्लाह और हमास से सड़क सम्पर्क टूट गया है। सीरिया पर एचटीएस के कब्जे के बाद वो अब हिज्बुल्लाह और हमास को हथियार सप्लाई नहीं कर पायेगा। ऐसी हालत में इजराइल ईरान के दोनों संगठनों को खत्म कर सकता है। सीरिया में रूस का वायुसेना और नौसेना का अड्डा है। विद्रोहियों ने रूस को आश्वासन दिया है कि वो रूस के अड्डों की सुरक्षा करेंगे और उन पर हमला नहीं किया जायेगा। अब देखना होगा कि वो अपने वादे पर कितना अमल करते हैं। सीरिया का बड़ा हिस्सा कुर्दों के पास है. असद सरकार कुर्दों के साथ समझौता कर चुकी थी और उनके साथ संघर्ष नहीं कर रही थी। अब कुर्दों का जोलानी से संघर्ष होना तय दिखाई दे रहा है क्योंकि कुर्द अपने कब्जे वाले इलाके से आगे बढ़ने की कोशिश कर सकते हैं। अब देखना होगा कि अमेरिका कुर्द और एचटीएस के बीच संघर्ष होने पर क्या करता है क्योंकि ये दोनों ही अमेरिका के सहयोगी हैं और दोनों को ही अमेरिका से मदद मिल रही है। एचटीएस के सत्ता में आने के बाद तुर्की भी कुर्दों पर हमला कर सकता है। कुर्दों को लेकर अमेरिका और तुर्की में विवाद बढ़ सकता है।

दृष्टि कोण

## जलवायु परिवर्तन की चुनौती और समाधान

**मनुष्य** आज विकास के पथ पर अग्रसर है। हर रोज विकास की नई गाथाएं लिखी जा रही हैं। कई देश एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हैं। यह विकास किस कीमत पर हो रहा है, इसकी अभी किसी को फिक्र नहीं है। विकास की कीमत चुकानी ही पड़ती है, इसमें कोई दो राय नहीं। हम भी कुछ हद तक विकास से होने वाले विनाश को समझ रहे हैं, या यूं कह सकते हैं कि विनाश का आभास हमें हो रहा है। आज मानव समाज के सामने सबसे बड़ा खतरा सामने आ रहा है और वो है पर्यावरण में असंतुलन। मनुष्य प्रकृति से इतना खिलवाड़ कर चुका है कि प्रकृति बहुत हद तक खोखली हो चुकी है। और नतीजा यह है कि आज जलवायु परिवर्तन जैसी विकट स्थिति देखने को मिल रही है। जलवायु परिवर्तन का अर्थ है लंबे समय तक जलवायु में महत्वपूर्ण परिवर्तन। यह परिवर्तन प्राकृतिक प्रक्रियाओं और मानवीय गतिविधियों दोनों के कारण हो सकता है। हालांकि, वर्तमान समय में मुख्य रूप से मानवीय गतिविधियां, जैसे जीवाश्म ईंधन का जलाना, वनों की कटाई और उद्योगों से निकलने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, इसके लिए जिम्मेदार हैं। जलवायु परिवर्तन मनुष्य को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन से फसलों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। आज जिन क्षेत्रों की कृषि भूमि बारिश पर निर्भर करती है, वहां की फसलें सबसे अधिक प्रभावित हैं। समय पर बारिश न होना और जिस समय आवश्यकता नहीं, उस समय अधिक बारिश होना, यह जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण ही समय पर फसलों की बुआई नहीं हो पा रही है। जिन क्षेत्रों में सर्दी के समय हर समय बर्फ रहती थी आज वो क्षेत्र गर्मी की चपेट में आ चुके हैं। पहाड़ी इलाकों में कई ऐसे गांव थे जहां पंखे के लिए जगह नहीं रखी जाती थी। आज उन जगह पर एसी पहुंच गए हैं। जलवायु परिवर्तन के इससे भी भयंकर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। बरसात के समय इतनी अधिक बरसात हो रही है कि गांव के गांव भूस्खलन की जद में आ रहे हैं। लोग घरों से बेघर हो रहे हैं। गर्मी अपनी चरम पर पहुंच रही है। कई वर्षों पुराने ग्लेशियर पिघल रहे हैं जिससे समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है। समुद्र के नजदीक के क्षेत्र जो कई वर्षों से वहां रह रहे थे, आज समुद्र में समा रहे हैं। इतने खतरनाक परिणाम आज जलवायु परिवर्तन के देखने को मिल रहे हैं, जो सीधे तौर पर हमारे जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। तो आखिर प्रश्न उठता है कि ये सब जलवायु परिवर्तन के कारण क्या हैं? आज पूरा विश्व इस मुद्दे पर बातचीत कर रहा है। सभी बड़े-बड़े सम्मेलनों में जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता जाहिर की जाती है। 2015 में पैरिस समझौता जलवायु परिवर्तन को लेकर एक अहम समझौता माना जाता है जिसमें कई मुद्दों पर सहमति बनी और वैश्विक स्तर पर तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करना इसका मुख्य उद्देश्य था। जलवायु परिवर्तन पूरी तरह से मानव निर्मित है। आज हम अपनी विकास की अंधाधुंध दौड़ में पर्यावरण जैसे अहम मुद्दे को नजरअंदाज कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कई कारण हैं, परंतु सबसे अहम कारण अगर मैं समझ पाता हूं तो वो है पेड़ों का अंधाधुंध कटान। पेड़ ही पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। वनों की कटाई से बारिश पर बहुत प्रभाव पड़ता है। आज बारिश अनियमित हो चुकी है और जब बारिश नहीं होगी तो प्रकृति का संतुलन बिगडऩा स्वाभाविक है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 150 सालों में धरती का तापमान 1.5 डिग्री बढ़ चुका है। अब आगे आने वाले समय में इसकी रफ्तार और बढ़ेगी। कभी हम कहते थे कि जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणाम होंगे और आज हम कह रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणाम हम भुगत रहे हैं। कभी नवंबर माह में पहाड़ बर्फ से भरे होते थे, आज बारिश का नामोनिशान नहीं है। आज बढ़ती जनसंख्या, बढ़ते औद्योगीकरण की कीमत पर्यावरण को प्रदूषित के रूप में हम चुका रहे हैं। शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण आज ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्या का जन्म हुआ और आज ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। आप यह जान कर हैरान हो जाएंगे कि कि पिछले 20 वर्षों में 28 ट्रिलियन बर्फ पिघल चुकी है। यदि इसी रफ्तार से जलवायु परिवर्तन होता रहा तो वर्ष 2100 तक आर्कटिक क्षेत्र की बर्फ पूरी तरह पिघल जाएगी। औद्योगिक क्रांति के बाद से, वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर लगभग 50 फीसदी बढ़ गया है। वर्तमान में, सीओ-2 का स्तर 417 पीपीएम ( पाट्र्स पर मिलियन ) तक पहुंच गया है जो 800000 वर्षों में सबसे अधिक है।

कुछ अलग

## स्मार्ट सिटी में यमराज

**स्मार्ट** सिटी धर्मशाला के वार्ड नंबर 13 में करीब तीन दशक पहले बसे प्रोफेसर साहिब कई दिनों से बीमार चल रहे थे। अगर वक्त कुछ दशक पहले का होता तो शायद अब तक लटक लिए होते। लेकिन अब समय दुआओं नहीं, दवाइयों का है। इसलिए व्यक्ति की औसत आयु के साथ जनसंख्या भी बढ़ी है। यम का काम कई गुणा बढ़ा है। पर विश्वकर्मा सरकारी मिलीभगत के चलते भारत में हो रहे बेतरतीब निर्माण के चलते हार-थक बैठ गए हैं। सेंट्रल विस्टा में जल भराव एवं छत टपकने और बुलेट ट्रेन के लिए बन रहे पुल गिरने के बाद उन्हें एहसास हो चुका है कि अब इस देश में लोगों के लिए सामाजिक हितों की जगह निजी स्वार्थ सर्वोपरि हैं। रामभरोसे जीने वाली कौम में न बेतरतीब व्यवस्था को ठीक करने की तमीज़ होती है और न क्रांति का बिगुल बजाने की हिम्मत। फिर ग्लोबल वार्मिंग के चलते शिव के तांडव में ज़्यादा समय भी शेष नहीं बचा। यम की डिजिटल डायरी में जैसे ही प्रोफेसर साहिब के सांसों की सैकेंड की सुई अटकने के कारण पॉप-अप होने लगा, वह वार्ड नंबर13 में भैंसे के साथ प्रकट हो गए। गूगल मैप के सहारे जैसे ही वह मेन सडक़ से प्रोफेसर साहिब के घर की ओर मुड़े, असमंजस में पड़ गए। गलीनुमा सडक़ में उनके भैंसे से भी बड़ा सांड खड़ा था। दुनिया भर के प्राण हरने वाले यम आज़ादी के अमृत काल में छुट्टा घूम रहे सांड से घबरा गए। सांड उन्हें घूर रहा था। यम को लगा कि अगर उन्होंने अपने पाश या गदा से किसी तरह सांड को हटाने की कोशिश की, तो हो सकता है कि कोई गौरक्षक उन पर हमला कर दे। पर उन्होंने ख़ुद को यह बोल कर तसल्ली दी कि यह पढ़े-लिखों की कॉलोनी है। इतने में एक घोड़े वाला घोड़ों पर बजरी लेकर आया तो सांड के एक तरफ होने पर यम भी आगे बढ़ लिए। लेकिन आगे फिर रास्ता बंद था। गूगल मैप की मां-बहिन एक करते हुए उन्हें ध्यान आया कि वह देवता हैं। उन्हें अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। अचानक पानी बरसने लगा। यम जिस गली में खड़े थे, वह देखते-देखते ही नाले में बदल गई। उन्होंने किसी तरह भैंसे को आगे बढ़ाया। तंग आकर उन्होंने चित्रगुप्त को फोन लगाया कि मुझे दिव्य मानचित्र भेजो। गूगल मैप काम नहीं कर रहा। चित्रगुप्त ने कहा कि कुछ देर बाद उस रास्ते पर प्रोफेसर साहिब के घर काम करने वाली आने वाली है, उससे पूछ कर घर तक पहुंच जाएं। यह सुनकर यम की सांस में सांस आई। प्रोफेसर साहिब के घर काम करने वाली महिला के सामने आते ही यमराज उस पर प्रसन्न होकर उसके सामने प्रकट हो गए। हर रोज़ मौत का सामना करने वाले आम मज़दूर की तरह वह उनसे डरी नहीं। जब यमराज ने उसे वर मांगने को कहा तो वह बोली, 'नगर नियोजन और नगर निगम वालों ने इस ख़ूबसूरत शहर को बिगाडऩे में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। प्रभु! आप इस स्मार्ट सिटी के ऊनी गोले जैसे उलझे रास्तों को सुलझा दें।' उन्होंने झेंपते हुए महिला से माफी मांगी और अपनी अक्षमता जताने के बाद प्रोफेसर साहिब के घर का रास्ता पूछा। महिला उन्हें वापस उसी बड़े गेट के पास ले आई, जहां से वह वापस हुए थे। उसने गेट खोला तो वह बोले, 'बहिन, यह किसी और का घर है। वह ऐतराज़ करेंगे। इस रास्ते से जाना ठीक न होगा।' महिला बोली, 'भगवन! आप चिंता न करें। मैं इन सभी घरों में काम करती हूं। यहां रहने वाले इसी तरह आते-जाते हैं। दिलों के रास्ते बंद हो चुके हैं, सभी अपने-अपने घरों में कैद हैं, पर अभी इतनी शर्म बाकी है कि बचे हुए रास्तों में लोगों ने दीवारें खड़ी नहीं की हैं।' थोड़ी देर बाद प्रोफेसर साहिब के घर से रोने की आवाज़ें सुनाई दे रही थीं। इस बार उन्हें रास्ता भटकने का भय नहीं था।

देश दुनीया से

## डिजिटल क्राइम से हो रहा मानवाधिकार उल्लंघन

**समाज** में बह रहे सूचनाओं के प्रवाह में हर दूसरी खबर मनुष्यता के अधिकारों के हनन से संबंधित होती है। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसलिए हर वर्ष यह दिन विश्व मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इस साल मानवाधिकार दिवस की थीम हमारे अधिकार, हमारा भविष्य रखी गई है। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाए तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों की अनुपालना व अवहेलना सब परिस्थितियों के हिसाब से हो रही है जो वाकई में चिंता का विषय है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण बढ़ती डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं ने मानवीय अधिकारों के भविष्य पर व्यापक चर्चा शुरू कर दी है। इस मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मन की बात कार्यक्रम में व्यापक चर्चा कर चुके हैं। डिजिटल अरेस्ट एक नया धोखाधड़ी करने का तरीका है जिसमें कोई अफसर बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से किसी भी धोखाधड़ी में फंसाकर रुपयों की मांग करता है। यह धोखाधड़ी शहरों से लेकर गांवों तक हर वर्ग में पहुंच चुकी है। हद तो तब हो गई जब पढ़ा-लिखा वर्ग भी डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो रहा है। अभी हाल में ही नोएडा में सेवानिवृत्त मेजर जनरल को उनके नाम पर भेजे गए पार्सल में ड्रग्स होने की जांच के नाम पर पांच दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर दो करोड़ की ठगी, सोनीपत में सेवानिवृत्त अधिकारी को व्हाट्सऐप पर नकली वारंट भेजकर डिजिटल अरेस्ट कर सरकारी खाते बताकर 1.78 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। ये संख्या बहुत लंबी है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 2020 से 2024 तक 582000 केस के अंतर्गत 3207 करोड़ के धोखाधड़ी मामलों की जानकारी है, यानी कि कई हजार केस तो पंजीकृत या प्रकाश में ही नहीं आए। वर्तमान में रुपयों का लेन-देन काफी हद तक डिजिटल हो चुका है। ऐसे में साइबर अपराध के माध्यम से मानवाधिकारों को सुरक्षित करना बहुत बड़ी चुनौती बन चुका है। जहां वर्ष 2014 में देश में 25 करोड़ इंटरनेट यूजर थे, जो 2024 में बढक़र 95 करोड़ हो चुके हैं। दुनिया भर के कुल डिजिटल ट्रांजैक्शन का 46 प्रतिशत वर्तमान में भारत में हो रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में ठगों की नजर सीधा बैंक खातों पर रहती है। हालांकि सरकार द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के तहत साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनी का निपटारा होता है, ये अपने आप में एक बहुत बड़ा सवाल है। आज के समय में डिजिटल तकनीक के माध्यम से मानवाधिकार हनन एक ज्वलंत मुद्दा है। इससे बचने का एकमात्र उपाय जागरूकता ही है। व्यक्तिगत तौर पर स्वयं भी और अपने आसपास साइबर अपराध से बचने के तरीकों को जानिए और बताइए सामाजिक स्तर पर फैल रही ज्वलंत फेक न्यूज, साइबर अपराध, सरकारी मशीनरी की जानकारी, कानून और विशेषकर ठगी होने पर शिकायत जरूर दर्ज करवाएं। सरकार को भी चाहिए कि टेलिकॉम ऑपरेटर और बैंकिंग सिस्टम को भी उपभोक्ताओं के निजी डाटा के प्रति जवाबदेह बनाएं ताकि अपराध होने पर ठगी करने वाला और जिस माध्यम से हो रहा है, दोनों को सजा दी जाए। देश के स्तर पर सरकार को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिए फैल रहे साइबर अपराध व साइबर युद्ध के लिए अलग और समय पर सिस्टम तैयार करने की जरूरत है, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध में दिखने वाले मानवीय नुकसान ने मानवाधिकारों की चर्चा हुई, लेकिन अगला युद्ध साइबर युद्ध होगा जो अदृश्य होकर कमजोर राष्ट्र, समाज और वहां रहने वाले लोगों पर हमला करेगा। इस हमले से लडऩे के लिए समाज के हर व्यक्ति को तैयार करना होगा, क्योंकि मानवाधिकारों की सुरक्षा डिजिटल कत्र्तव्य से जुड़ी हुई है। एक और चिंता का विषय भी है। भारत में मानवाधिकार संगठनों की सक्रियता खास तौर से पंजाब के आतंकवाद के भयावह दौर से देखी जा रही है। जब इन संगठनों को पुलिस व सेना के जवानों का हर छोटा-बड़ा कारनामा तो नजर आता था, लेकिन आतंकवादियों की करतूतों के विरुद्ध इनकी जुबान पर लगाम कसी रहती थी। यह हकीकत भी है कि यदि कोई आतंकवादी या शरारती तत्व पुलिस अथवा सेना के हाथों मारे जाएं तो मानवाधिकारवादी संगठन खूब हो-हल्ला मचाते हैं लेकिन वहीं अगर यही सिरफिरे लोग निर्दोषों के लहू से होली खेलें, अबलाओं की इज्जत के सरेआम चिथड़े उड़ाएं, उन्हें गैंगरेप जैसी पाश्विक घटनाओं को अंजाम देकर जिंदा जला डालें, तो ऐसी हैवानियत मानवाधिकार के ठेकेदारों को नजर नहीं आती, बल्कि ऐसे मामलों में इन संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाने वालों के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि आतंकवादी संगठन किसी स्थापित कानून के तहत काम करने वाली कोई सरकारी संस्था नहीं हैं।



आप का नजरीया

## ट्रेन ऊना से ही आएगी

**नए** मानचित्रों की कल्पना में विकास की जमीन पर राजनीतिक नेतृत्व की परख जरूरी है। कुछ सदियों के अवरोधक थे, जिन्हें हटाकर हिमाचल अपनी उपलब्धियों के शिखर तक पहुंचा, लेकिन इससे आगे विकास का इतिहास गहन चिंतन व विजन का विषय है। अतः योजनाओं-परियोजनाओं को अब आने वाली सदियों के हिसाब से तय करना पड़ेगा और यह केवल राजनीतिक सोच से नहीं, बल्कि सार्वजनिक विमर्श, सहमति व नागरिक संघर्ष से भी संभव होगा। लोकसभा में कांगड़ा के सांसद डा. राजीव भारद्वाज ने 'वंदेभारत' पर हिमाचल का भविष्य देखा है, तो लाजिमी तौर पर रेल पर चर्चा हमारे नसीब की राह से निकलनी चाहिए। डा. भारद्वाज रेलवे की शाखाओं से हिमाचल में देवी दर्शन का खाका खींचते हुए आग्रह कर रहे हैं कि विस्तार के तर्कों में हिमाचल में पर्यटन की पटरी आगे बढ़े। हिमाचल में रेल विस्तार की संभावना के लिए पहले यह तय होना चाहिए कि ऊना रेल से आगे बढ़ा जाए न कि पठानकोट की ओर से कुछ हासिल करने का भ्रम पाला जाए। हमने काफी पहले से कनेक्टिविटी के तीनों संदर्भों में कहा है कि हिमाचल रेल की दिशा ऊना से, हवाई सेवाएं कांगड़ा एयरपोर्ट से तथा सडक़ विस्तार का सारा नेटवर्क हमीरपुर के संगम से आगे बढ़ेगा। पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल पटरी शायद ही ब्रॉडगेज होगी, बल्कि इसे धरोहर की श्रृंखला में पर्यटन यात्रा के रूप में स्तरोन्नत करना होगा। ऊना रेल के दायरे में पूरा हिमाचल जुड़ता है, बशर्ते प्रदेश सरकार व केंद्र इसे परस्पर सहयोगी प्रोजेक्ट मानें। हम बीस साल से कह रहे हैं कि मंदिर रेल परियोजना के तहत ऊना तक पहुंची पटरियों का रुख कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी की ओर मोडऩा चाहिए। इसके लिए आरंभिक तौर पर ज्वालामुखी को अंब-अंदौरा से जोडऩा होगा। कोंकण रेल परियोजना की तरह अगर हिमाचल व केंद्र पचास-पचास प्रतिशत की भागीदारी में काम करें, तो मंदिरों की आय के स्रोत से इसे पूरा किया जा सकता है। चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, दियोटसिद्ध, कांगड़ा व चामुंडा मंदिरों की आय से वित्त पोषण का एक ऐसा आधार बनता है जो अंब-अंदौरा तक पहुंचे 'वंदे भारत' के सफर को मंदिर सर्किट के रूप में सुदृढ़ कर सकता है। इतना ही नहीं इस ट्रैक के आर्थिक मजमून महामहिम दलाई लामा, क्रिकेट स्टेडियम तथा पर्यटन से जुड़े हर विषय को मजबूत करेंगे। डा.राजीव, अनुराग ठाकुर व कंगना रणौत अगर रेल विस्तार की मंजिलों पर ऊना रेल को देखते हैं, तो उन्हें पहले चरण में अंब-अंदौरा टू ज्वालाजी मार्ग को चिन्हित करना पड़ेगा। इससे धार्मिक पर्यटन का सत्तर फीसदी आवागमन संभव होगा और कमोबेश इतनी ही बढ़ोतरी श्रद्धालुओं के आगमन में हो जाएगी। ज्वालाजी से कांगड़ा, चामुंडा, बैजनाथ, मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर व आगे चंबा व कुल्लू तक रेल यात्रा संभव हो सकती है। यह रेल पर्यटन, उद्योग व भ्रमण का ही पीछा नहीं करेगी, बल्कि मंदिरों की आय को कई गुना बढ़ा देगी। ऊना रेल को ही आगे बढ़ाया जा सकता है। इसी तरह हवाई यात्रा का भविष्य कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार से ही प्रशस्त होगा।

## भारत माला परियोजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# भू धारण प्रमाण पत्र से संबंधित मामले का 30 दिसंबर तक निष्पादन करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में भारत माला परियोजना हेतु अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा भुगतान हेतु अंचल हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड्डा एवं सिमरिया अंतर्गत संबंधित मौजा वार समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि भारत माला परियोजना केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना है। जिसकी समीक्षा केंद्र सरकार द्वारा निरंतर की जाती है। भारत माला परियोजना के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के क्रम में उन्होंने भू धारण प्रमाण पत्र (एलपीसी) के लंबित मामले पर सभी संबंधित अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, हल्का कर्मचारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 30 दिसंबर 2024 तक सभी लंबित मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। आगे कहा विवाद भूमि और अस्पष्ट एवार्ड के मामले में प्रतिवेदन 7 दिनों के अंदर भू अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। जिससे जल्द से जल्द मामले का निष्पादन किया जा सके। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम को हंटरगंज अंचल क्षेत्र व अपर समाहर्ता चतरा अरविंद कुमार को सिमरिया क्षेत्र में भारत माला परियोजना हेतु मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। भू धारण प्रमाण पत्र के मामले को अधिक समय से लंबित रखने वाले राजस्व उप निरीक्षक को कारण पृच्छा करते हुए 30 दिसंबर तक शत प्रतिशत मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा 30 दिसंबर तक अपेक्षाकृत प्रगति नहीं रहने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, सभी संबंधित अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## झालसा के तहत तीन पंचायत में के एल भी का हुआ उद्घाटन एवं चयन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी मझगांवा एवं पहरा पंचायत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत तीन वालंटियर को प्रतिनियुक्ति किया गया है। जिन्होंने14 दिसंबर को पंचायत में उद्घाटन कर लोगों को बतलाया कि सप्ताह के 2 दिन बुधवार एवं रविवार को पंचायत भवन में चयनित वालंटियर बैठेंगे। एवं ग्रामीणों का समस्या का निदान करेंगे। जिसमें बरिसाखी में जितेंद्र दास मझगांवा में सुरेश प्रसाद राणा पहरा में प्रेरणा दास का नाम प्रतिनियुक्ति किया गया है। इंवालंटियरों की प्रतिनियुक्ति राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार किया गया है।

## बिरहोर परिवारों के लिए विशेष शिविर का किया गया आयोजन

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कोयद पंचायत अंतर्गत बिरहोर टोला में शनिवार को प्रखंड प्रशासन की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह रहे, आदिम जनजाति के बिरहोर परिवारों को योजना से लाभान्वित करने हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत दो,आधार कार्ड से चार, बैंक खाता से दो, मनरेगा जॉब कार्ड से बारह, आयुष्मान कार्ड से तीन, राशन कार्ड से चार के अलावे जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्रों को लेकर विशेष ग्राम सभा आयोजित किया गया। साथ ही सभी बिरहोर परिवारों का स्वास्थ्य जांच करते हुए निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव ने बताया कि बिरहोर परिवारों से संबंधित कई समस्यायों का त्वरित समाधान को लेकर झारखंड सरकार के द्वारा विशेष शिविर आयोजित करने का आदेश प्राप्त हुआ था। इस अवस प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव के अलावा पंचायत के मुखिया किशुन राम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनोद बाडा, बीपीआरओ संजय रवानी, कल्याण सह कृषि विभाग से जितेंद्र सिंह, पेंशन योजना से पंकज कुमार ठाकुर, जन वितरण प्रणाली से कालो देवी के साथ साथ आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका, बैंक बीसी, पंचायत सचिव रोजगार सेवक, जन सेवक सहित पंचायत एवं प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

## भाजपा सदस्यता अभियान की जिलास्तरीय बैठक आज

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक कल 15 दिसम्बर को जिला कार्यालय में दिन के 11:00 बजे से होगी।जानकारी देते हुए सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रवि गुप्ता ने बताया कि 22 दिसंबर से संगठन महापर्व भाजपा सदस्यता अभियान 2024 की शुरुआत झारखंड में होगी इसी की तैयारी के निमित्त जिला कार्यालय में कल अति महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है।

# बिरहोर परिवारों के लिए विशेष शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कोयद पंचायत अंतर्गत बिरहोर टोला में शनिवार को प्रखंड प्रशासन की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह रहे, आदिम जनजाति के बिरहोर परिवारों को योजना से लाभान्वित करने हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत दो, आधार कार्ड से चार, बैंक खाता से दो, मनरेगा जॉब कार्ड से बारह, आयुष्मान कार्ड से तीन, राशन कार्ड से चार के अलावे जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्रों को लेकर विशेष ग्राम सभा आयोजित किया गया। साथ ही सभी बिरहोर परिवारों का स्वास्थ्य जांच करते हुए निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव ने बताया कि बिरहोर परिवारों से संबंधित कई समस्यायों का त्वरित समाधान को लेकर झारखंड सरकार के द्वारा विशेष शिविर आयोजित करने का आदेश प्राप्त हुआ था। इस अवस प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव के अलावा पंचायत के मुखिया किशुन राम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनोद बाडा, बीपीआरओ संजय रवानी, कल्याण सह कृषि विभाग से जितेंद्र सिंह, पेंशन योजना से पंकज कुमार ठाकुर, जन वितरण प्रणाली से कालो देवी के साथ साथ आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका, बैंक बीसी, पंचायत सचिव रोजगार सेवक, जन सेवक सहित पंचायत एवं प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# चिराग ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना, कहा जितने के बाद प्रदेश को लूटने को देते है प्राथमिकता

**➲ समाजसेवी प्रेम सिंह ने सैंकड़ो समर्थकों के साथ थामा लोजपा (रा) का दामन, चिराग ने कहा सौभाग्यशाली हैं हम**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। झारखंड विकसित राज्य बन सकता है। यहां दूसरे राज्य के लोग भविष्य सवांरने आ सकते हैं। पर अफसोस यहां के ही लोगों को न तो बेहतर शिक्षा मिल रही और न रोजगार। रोजगार और शिक्षा को लेकर यहां के ही लोगों का पलायन हो रहा है। यह बात शनिवार को चतरा में लोजपा (रामविलास) सुप्रीमों सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कही। वे चतरा महाविद्यालय के सामने स्थित मैदान में पार्टी द्वार आयोजित नव संकल्प महासभा अभिनंदन सह मिलन समारोह में शामिल हुए। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, जमुई सांसद अरूण भारती, सह प्रभारी कुमार सौरभ, विधायक जनार्दन पासवान, समाजसेवी प्रेम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में चतरा के चर्चित समाजसेवी प्रेम सिंह समेत विभिन्न पार्टियो के नेता व जनप्रतिनिधि ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले सरकार चुनने के बाद पिछले पांच साल तक राज्य की विकास का हाल देखा, फिरभी उन्हीं के हाथ राज्य को फिरसे लूटने को दे दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में पलायन बढ़ा है। यहां के लोग दूसरे राज्य में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। फिर वहीं नौकरी करने लगे। वहीं घर खरीद कर और शादी कर उसी राज्य के हो जाते हैं। ऐसे लोग अपना घर होली - दीपावली या माता -पिता के बिमार होने पर आते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की इस तस्वीर को बदलने का काम करें।चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। पीएम मेरे पिता की सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम ने घर घर शौचालय बनवाकर और रसोई गैस देकर महिलाओं को सम्मान दिया। आयुषमान के तहत गरीबों को 5 लाख तक की इलाज मुफ्त की व्यवस्था की गई। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार गांव - शहर की दूरी को कम कर रहे हैं । हरेक युवा को रोजगार दी जा रही है। नरेंद्र मोदी के शाषण में बुजुर्गो की भविष्य सुरक्षित है, तो महिलाओं को सम्मान मिला है।उन्होंने कहा कि पीएम ने मेरे पिता की सोच औऋ संकल्प को आगे बढ़ रहे हैं। केंद्र की सरकार ने अमीरी - गरीबी की खाई को पाटा है। यही वजह है कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कारण आज भारत विश्व के 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाली देश बनी है। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश विकसित बन कर हरेक राज्य को विकसित बनाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में अपने सैकड़ों समर्थकों साथ पार्टी का दामन थामने वाले समाज सेवी प्रेम सिंह की प्रशंसा की।

## समाजसेवी जवाहर सिन्हा ने किया रिया फ्यूल्स का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ जाने वाले मुख्य पथ पर नेवाड़ी ग्राम में शनिवार को जियो बीपी कंपनी का रिया फ्यूल्स नामक पेट्रोल पंप का उद्घाटन लातेहार समाजसेवी जवाहर सिन्हा व निर्वतमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा उर्फ रिंकू लाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर संबोधित करते हुए पूर्व समाजसेवी जवाहर सिन्हा ने कहा कि इस गांव में पेट्रोल पंप खुल जाने से लोगों को काफी सुविधा होगी। इस पेट्रोल पंप के खुलने से पतरातू, नेवाड़ी, तुबेद, डीही व मुरुप समेत आसपास के लोगों को सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही तेल लेने के लिए लातेहार नहीं जाना पड़ेगा। नगर पंचायत के निर्वतमान उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने कहा कि यहां पंप खुलने से यहां के लोगों को लाभ होगा।नवीन कुमार सिन्हा ने बताया कि ग्राहकों को यहां बेहतर सुविधा प्रदान की जाएगी। इस मौके पर असीम बाग, विकास कांत पाठक, मोहर सिंह, गोविंद प्रसाद, किशोर उपाध्याय, सचिदा प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद,महादेव मिश्रा, गिरधारी प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

## निम्न स्तर के जल मीनार का अधिष्ठापन कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड में चौदहवें पन्द्रहवें वित्त आयोग से लाखों रुपए की लागत से सैंकड़ों जल मीनार अधिष्ठापित हुआ है जिसमें पंचायत के दर्जनों जल मीनार बेकार पड़े हैं वहीं दूसरी ओर बरवाडीह पंचायत में घटिया व निम्न स्तर का जल मीनार अधिष्ठापित किया जा रहा है। जहां बरवाडीह पंचायत के मुखिया कालो देवी व पंचायत सचिव विजय शंकर राम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023/24 में यह योजना लिया गया है जिसके प्राक्कलन राशि 2 लाख 49 हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि दो यूनिट जल मीनार अधिष्ठापित किया जा रहा है जिसमें एक पहड़तल्ली विद्यालय के पास दुसरा अहिरपुरवा सेमर टोला प्यारी प्रजापति के घर के पास है। जहां जागरुक ग्रामीणों की सूचना पर खबर संकलन में पाया गया कि जल मीनार निम्न स्तर व हल्का स्ट्रेक्चर एवं अन्य सामग्री का अनुमानित लागत का आकलन करने से महज साठ से सत्तर हजार रुपए हो सकता है। ऐसे में प्राक्कलन घोटाले के साथ सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। वहीं योजना स्थल पर जल मीनार एक फीट जमीन खोदकर खड़ा कर दिया गया है साथ ही दो तीन सौ ईट जो कच्चे और टुकड़े पाया गया। ऐसे में साफ जाहिर होता दिख रहा है कि मुखिया,प्रखंड कर्मियों और संवेदक की मिलीभगत से जल मीनार अधिष्ठापन कर कमीशनखोरी की हद पार हो रही है। वहीं इस संबंध में जागरूक ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस ने टीएसपीसी के दो उग्रवादीयों के घर चिपकाया इश्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे बालूमाथ पुलिस ने टीएसपीसी के उग्रवादी प्रभात उर्फ सुदेश गंझु पिता स्वर्गीय जगदेव गंझु एवं अजीत गंझु उर्फ पलेनदर जी पिता दरसु गंझु दोनों के गाँव लक्षीपुर, टोला- दोकर पहुंचकर इस्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया की माननीय न्यायालय के आदेशानुसार इन दोनों के घर में जाकर बालूमाथ थाना अवर निरीक्षक होसेन डांग एवं सस्त्र बल के साथ दिनांक 12/ 12/ 2024 को इश्तेहार चिपकाया। बताते चलें कि प्रभात गंझु एवं अजीत गंझु पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 240/20 धारा-25(1[illegible])/26(2) /35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट में वांछित है।

## अशोक लीलैंड के सेल एंड सर्विस सेंटर का उद्घाटन



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ रांची मुख्य पथ स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास अशोक लीलैंड कंपनी के सेल एंड सर्विस सेंटर का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने फीता काटकर किया।मौके पर बोलते हुए गिरीनाथ सिंह ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में मगध एवं तेतरियाखांड दो कोयला खदान स्थित है।इसलिए यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं।सर्विस सेंटर खुलने से यहां के वाहन चालकों को सहूलियत होगी।वहीं उन्होंने कहा कि बालूमाथ का जिस तेजी से विकास हो रहा है।ऐसी स्थिति में बालूमाथ को अनुमंडल होना चाहिए लेकिन यह राजनीति की भेंट चढ़ गया है। वहीं मौके पर कंपनी के मैनेजर अभिषेक सिंह ने कहा कि अशोक लीलैंड कंपनी निरंतर नए आयाम को छू रही है।हम लोग का पूरे झारखंड में कई जगहों पर सेल्स एंड सर्विस का सेंटर खुल गया है जिससे अब अशोक लीलैंड कंपनी का गाड़ी इस्तेमाल करने वाले लोगों को सहूलियत होगी। वहीं मौके पर आए अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर एवं सोल बढ़कर किया गया। कंपनी के सेल्स मैनेजर रवि रंजन सिंह, शिशिर सिंह, वर्कशॉप मैनेजर रमेश कुमार, वर्कशॉप असिस्टेंट मैनेजर रमेश कुमार राय समेत मनोज यादव, दीपक यादव, चंद्रदीप साहू, प्रकाश, सिन्हा, मो.जुनैद, बबलू चौरसिया, पंकज केशरी, अरुण केशरी, हनी खान, गोविंद यादव, दिलीप पासवान कई लोग मौजूद थे।

## दूसरे दिन भी अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर में दूसरे दिन भी अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया।अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो खुद इसकी कमान संभाल रखा था। उनके साथ अंचल अमीन दीपक प्रसाद के अलावा नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, क्षेत्र पर्यवेक्षक रंधीर कुमार व तहसीलदार राजू प्रसाद के अलावा पुलिस के जवान शामिल थे।अंचलाधिकारी ने शहर के थाना चौक से यह कार्रवाई शुरू की। बुलडोजर ने घर व दुकान के सामने नालियों के उपर लगे शेड व होर्डिंग आदि को हटाया।बता दें कि अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं नगर प्रशासक राजीव रंजन ने 24 घंटा के अंदर मुख्य पथ समेंत अन्य सड़कों में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को मुक्त करने का निर्देश दिया था। 24 घंटा बीत जाने के बाद जिला प्रशासन के द्वारा शुक्रवार को अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। शहर के थाना चौक में कई दुकानों को हटाया गया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत शीशी निवासी जितेंद्र कुमार पिता अवधेश प्रसाद उम्र 24 वर्ष का शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।जानकारी के अनुसार गत 13 दिसंबर को युवक लातेहार कॉलेज से अपने घर लौट रहा था।अपने घर शीशी ग्राम जाने के क्रम में मिशन मोड़ के समीप थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य में जा रही एक मिलनर हाईवा वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे युवक को घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी।जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को लातेहार में सदर अस्पताल के पास एनएच-75 को साढ़े तीन घंटे तक जाम कर दी। यह घटना शहर में तनाव का कारण बनी। ग्रामीण उचित मुआवजे और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, राकेश दुबे, नेता श्रवण पासवान अभाविप के रमेश उरांव पहुंच कर परिजनों से बात चित कर समझा और परिजनों को आश्वस्त किया कि हमलोगों आपके साथ हैं। वहीं बाद जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। मौके पर पहुंचे सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, एसडीओ अजय रजक और एसडीपीओ अरविन्द कुमार ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। प्रशासन ने दोषियों पर कार्रवाई एवं उचित मुआवजे का आश्वासन दिया है।

## जन शिकायत दिवस का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार प्रखंड कार्यलय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित पासवान की अध्यक्षता में जन शिकायत दिवस के तहत् जनता दरवार लगाया गया। जिसमें उन्होंने क्षेत्र वासियों के विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए व आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारीयों को दिशा निर्देश दिए।इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के समस्या को लेकर लोग सीधे जिला का रुख करते रहे हैं, जिसके लिए जिला में जिला जन शिकायत कोषांक बनाया गया है। जहाँ पर जिला के विभिन्न प्रखंड से ज्यादा से ज्यादा शिकायत पहुँच रहे है। इस संबंध में उपायुक्त लातेहार के द्वारा प्रखंड स्तर पर प्रति शुक्रवार व मंगलवार को जन शिकायत दिवस के रुप में जनता दरवार का आयोजन कर प्रखंड क्षेत्र के लोगों के विभिन्न समस्याओं का यथोचित निष्पादन करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। ताकि प्रखंड वासियो को प्रखंड स्तर पर ही उनके शिकायत का निराकरण हो सके। और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं सहित किसी भी प्रकार के शिकायत को लेकर शुक्रवार व मंगलवार प्रखंड कार्यालय पहुचें। जन शिकायत दिवस के तहत आपके शिकायत व समस्या का निवारण किया जाएगा। मौके पर प्रधान अंचल सहायक कपिल देव सिंह, नाजिर अजय मुंडा, पंचायत सेवक राम-लखन यादव सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

## बाइक के संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना में युवक की मौत

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह - छिपादोहार मुख्य मार्ग के मीठहा गांव के नजदीक शुक्रवार की रात बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिसमे बाइक सवार राम खेलावन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के द्वारा बरवाडीह हॉस्पिटल लाया गया जहा प्राथमिक इलाज मे बाद रिम्स रेफर कर दिया गया।घायल राम खेलावन सिंह रिम्स रांची मे भर्ती किया गया। जहा स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने घर ले जाने की सलाह दी। घर लौटने के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक राम खेलावन सिंह छिपादोहार थाने के कुचीला गांव का रहने वाला था। परिजनों का कहना है शुक्रवार को राम खेलावन सिंह अपने घर से रिस्तेदार को स्टेशन छोड़ कर अपने घर कुचीला गांव जा रहा था। उसी दौरान मिठ्हा गांव के पास उसका बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटना ग्रस्त हो गया। उसे बरवाडीह मे इलाज के बाद मेदिनीनगर रेफर किया गया। गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टर ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। उकामाड पंचयत के मुखिया पूनम देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों का कहना है बरवाडीह - छिपादोहार मुख्य सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है जिसमें संवेदक की लापरवाही के कारण सड़क का जी एस बी करने के बावजूद सड़क निर्माण कार्य दो माह से बंद है। जिसके चलते सड़क पर सिर्फ पत्थर ही पत्थर हो गया है और धूल उड़ रही है जिस कारण सड़क पर दर्जनों दुर्घटनाए हो चुकी है। वही मुखिया पूनम देवी के नेतृत्व मे दर्जनों ग्रामीणों ने बरवाडीह - छिपादोहार मुख्य मार्ग घंटो जाम किया।

# सीएससी केंद्र संचालक ने सरकारी मेल आईडी का दुरुपयोग कर सरकारी राजस्व का किया नुकसान

● वर्षो से चल रहा था यह गोरखधंधा, करीब 30 लाख रुपये सरकारी राजस्व का हुआ नुकसान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के इर्द-गिर्द फर्जी सीएससी संचालकों के द्वारा झारसेवा सरकारी मेल आईडी का इस्तेमाल कर अवैध तरीक से प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन इंट्री करने के खिलाफ शुक्रवार को औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। सीओ नित्यानंद दास द्वारा गठित टीम ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से विष्णुगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के बाहर संचालित विभिन्न फर्जी सीएससी केन्द्रों की जांच की गई। जिसमें एक सीएससी केन्द्र द्वारा झारसेवा सरकारी मेल आईडी का इस्तेमाल कर हजारों की संख्या में आय, जाति, आवासीय, भूमि म्यूटेशन, ऑनलाइन रसीद, एलपीसी समेत कई तरह के प्रमाण पत्र ऑनलाइन किए जाने के मामले का खुलासा हुआ। सीओ ने बताया कि झारसेवा मेल आईडी का इस्तेमाल कर एक सीएससी संचालक द्वारा गलत तरीके से विभिन्न प्रमाणपत्र ऑनलाइन किए जा रहे थे। यह गोरखधंधा बीते छह सालों से वे चला रहे थे। बताया कि




ऑनलाइन आवेदन से प्रत्येक वर्ष विभाग को अनुमानित पांच लाख रूपये राजस्व की प्राप्ति होती है। इस तरह छह सालों में उन्होंने तकरीबन 30 लाख रूपये राजस्व का गबन किया। इसके अलावा परिसर के बाहर संचालित कई सीएससी केन्द्रों द्वारा अवैध तरीके से स्टांप टिकट एवं एफिडेविट भी बेचने की सूचना प्राप्त हो रही थी। जिससे सरकारी राजस्व की काफी हानि हो रही थी। काफी कम राजस्व की प्राप्ति होने पर छानबीन में इस गोरखधंधे का खुलासा हुआ। जिसके बाद सीओ द्वारा टीम गठित कर सीएससी केन्द्रों पर छापेमारी की गई। जिसमें कई रिक्त एविडेविट, स्टांप टिकट आदि बरामद किए गए। मामले में उक्त सीएससी संचालक पर प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है। छापेमारी टीम में मो आरिफ, लोकेश कुमार, गौतम कुमार, मनोज श्रीवास्तव, अभिजीत कुमार समेत विष्णुगढ़ पुलिस की टीम शामिल थे। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नही किया जा सका था।

# सीसीएल के चन्द्रगुप्त परियोजना के लिए मिला पर्यावरण क्लियरेंस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में खुलने वाली सीसीएल के पहुप्रतीक्षित चंद्रगुप्त कोल परियोजना के खुलने रास्ता साफ हो गया है. इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार चंद्रगुप्त कोल माइंस के खुलने के लिए पर्यावरणीय क्लियरेंस सीसीएल प्रबन्धन आम्रपाली चंद्रगुप्त को प्राप्त हो चुका है. चंद्रगुप्त कोल परियोजना से सीसीएल प्रबन्धन को 527 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य है. इस संदर्भ में सीसीएल के चन्द्रगुप्त कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत आने वाले सभी रैयतों को अपनी जमीन का पेपर आम्रपाली स्थित चन्द्रगुप्त कार्यालय भी टी सी भवन होन्हे में जमा करने की अपील की है,ताकि जमीन का सत्यापन जल्द पूरा किया जा सके. परियोजना पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि इस परियोजना में केरेडारी अंचल के चट्टीबारियातु, जोरदाग, बुकरु, पचड़ा, सिझुआ, नवाखाप,भदई खाप, पेटो व टंडवा अंचल के उड़सु मौजा की जमीन अधिग्रहण किया गया है. यह भी कहा गया है कि जमीन सत्यापन के बाद हीं आपके अनुमति से भूमि अधिग्रहण बिल 2013 अथवा सी आई एल



CHANDRAGUPT COAL MINE LEASE AREA LAND DETAILS VILLAGE WISE (HA)

| S.No | VILLAGE NAME | NOTIFIED FOREST | GMJJ | TOTAL FOREST | GMK | GMA | TOTAL GOVT LAND | TENANCY LAND | TOTAL LAND |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | HA | HA | HA | HA | HA | HA | HA | HA |
| [illegible] | NAWAKHAP | 0.00 | 2.05 | 2.05 | 6.89 | 2.24 | 9.13 | 62.90 | 74.08 |
| [illegible] | CHATTIBARIATU | 76.84 | 2.96 | 79.80 | 4.54 | 0.16 | 4.70 | 32.58 | 117.08 |
| [illegible] | PACHANDA | 55.18 | 37.16 | 92.34 | 19.96 | 4.99 | 24.95 | 174.44 | 291.73 |
| [illegible] | SIJHUA | 31.91 | 35.50 | 67.41 | 9.32 | 3.49 | 12.81 | 130.49 | 210.71 |
| [illegible] | JORDAG | 218.62 | 0.00 | 218.62 | 2.94 | 0.34 | 3.28 | 13.78 | 235.68 |
| [illegible] | BUKRU | 133.31 | 84.15 | 217.46 | 45.42 | 3.43 | 48.85 | 208.34 | 474.65 |
| [illegible] | BHADAIKHAP | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 18.79 | 0.26 | 19.05 | 10.02 | 29.07 |
| [illegible] | PETO | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1.46 | 0.00 | 1.46 | 0.72 | 2.18 |
| [illegible] | URSU | 18.24 | 3.46 | 21.70 | 17.50 | 0.00 | 17.50 | 20.62 | 59.82 |
| | TOTAL | 534.10 | 165.28 | 699.38 | 126.82 | 14.91 | 141.73 | 653.89 | 1495 |

आर एंड आर पॉलिसी 2012 के तहत मुआवजा व नौकरी की सुविधा दी जा सके. ज्ञात हो कि इस परियोजना में वन भूमि, गैरमजरूआ जंगल झाड़ी, गैरमजरूआ आम व खास तथा रैयती अंतर्गत आने वाले सभी जमीन का सत्यापन होना है.चन्द्रगुप्त कोल माइंस में नवाखाप मौजा के 185 एकड़, चट्टीबारियातु के 293 एकड़, पचड़ा के 729 एकड़, सिझुआ के 527 एकड़, जोरदाग के 590 एकड़, बुकरु के 1187 एकड़, भदई खाप के 73 एकड़, पेटो के 5.5 एकड़ व उड़सु के 150 एकड़ जमीन पर माइंस खुल रहा है.

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार से खेल उत्सव का होगा शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** देवचंदा स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार से खेल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। उत्सव में स्कूल के विभिन्न हाउस के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपने-अपने हाउस का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि यह खेल उत्सव पूरे सप्ताह चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक,मानसिक और समग्र विकास में योगदान देना है। प्राचार्य ने कहा, इस आयोजन से बच्चों की शारीरिक क्षमता और मानसिक सुदृढ़ता को बढ़ावा मिलेगा, जो उनके समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा। इस आयोजन के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया जाएगा, जिन्हें भविष्य में जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बरही डीएसपी अजित कुमार विमल इस खेल उत्सव में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगे।इस आयोजन को लेकर छात्रों और शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। बच्चे पूरी लगन और जोश के साथ अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। स्कूल के कोच हर्ष सिंह ने कहा, हम इस साप्ताहिक खेल उत्सव को लेकर काफी उत्साहित हैं। सभी बच्चे जोर-आजमाइश करते हुए नजर आएंगे क्योंकि भविष्य की स्कूल टीम के लिए बच्चों का चयन उनकी इस प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। हमें उम्मीद है कि इस आयोजन के दौरान हमें बेहतरीन प्रतिभागी मिलेंगे, जो आगे जाकर स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे।वहीं, स्कूल के पीटीआई शिक्षक अजय कुमार ने कहा कि यह साप्ताहिक खेल कुंभ हमारे लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। इस दौरान सभी बच्चे अपने अनुशासन और टीम भावना को प्रदर्शित करेंगे।स्कूल प्रबंधन का यह प्रयास है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारकर उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए।

# आवास विहीन विस्थापित की मौत, विरोध में कांटा घर बंद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** चट्टीबारीयातु कोल माइन्स से विस्थापित रैयत टूकनी देवी का मौत हो गया. इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार चट्टी बरियातू गांव निवासी विस्थापित रैयत टूकनी देवी पति स्व पन्नु महतो का मकान बीते माह तोड़ दिया गया था. तब से वह आवास के अभाव में जैसे तैसे रह रही थी.इसी दौरान ठंड के प्रकोप से उक्त महिला की मौत हो गई. ग्रामीणों ने विरोध में पगार कांटा घर के पास शव को रख कर कांटा घर बंद करा दिया! ग्रामीणों ने बताया कि भू रैयत टूकनी देवी को एनटीपीसी द्वारा का हवाला देकर कर 6 माह पहले घर तोड़वा कर विस्थापन देने का वादा किया था! जो आज तक नही दिया घर नहीं मिला.आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने कांटा घर को बंद कर दिया.

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल का प्रबंधन समिति ने किया निरीक्षण, कमियों को सुधार करने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सुदृढ़ व्यवस्था को लेकर अस्पताल प्रबंधन समिति ने निरीक्षण किया। इस दौरान इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में सर्जिकल व्यवस्था, टेलीफोन की व्यवस्था, बेड बढ़ाने की बात रखी गई। वहीं ओपीडी के तीनों सेंटर जनरल, ऑर्थोपेडिक और नेत्र इलाज में मरीजों को मिलने वाली सुविधा जांच की गई। एक्स-रे वार्ड में जाने के बाद देखा गया कि एक्स-रे डिवाइस में कुछ खराबी है, जिसे बताया कि सोमवार को सुधार लिया जाएगा। वहीं बाथरूम के साफ-सफाई की व्यवस्था पर भी ध्यान देने को कहा गया। पैथोलॉजी विभाग में कुछ जांच मशीन बढ़ाने की बात की गई। टीवी कक्ष में जाकर देखा गया कि सर्वे करने के बाद कितने लोग अभी तक सूची में नाम



आया है। आयुष्मान कार्ड के लिए लोगों को सुविधा प्रदान करने के बारे में बोला गया। वहीं प्रसव वार्ड में माइक्रो मशीन के डिवाइस खराब को जल्द बनवाने के लिए बोला गया। कुपोषण वार्ड को मरम्मत करने के लिए कहा गया। वही पोस्टमार्टम हाउस को घेराबंदी एवं मर्चरी बॉक्स की मांग को ध्यान में रखा गया। ब्लड बैंक में उपकरण है, लेकिन इसके लिए रजिस्ट्रेशन का मांग का ध्यान रखा गया। अल्ट्रासाउंड चालू करवाने के लिए कहा गया। अस्पताल में प्रतिदिन डॉक्टरों की रोस्टर लगाना, पदस्थापित डॉक्टर को बने भवन में रहने की बात कही गई। विजिट करने के दौरान बीडीओ जयपाल महतो, डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, एचएमएस के सदस्य सुरेंद्र रजक, कांति देवी, बीपीएम नारायण राम समेत अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

## माँ अन्नपूर्णा के पूजा में शामिल हुये विधायक रौशन लाल चौधरी



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम लंगातु में माँ अन्नपूर्णा की वार्षिक पूजा के अवसर पर शनिवार को विधायक रोशनलाल चौधरी तथा सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा ने सँयुक्त रूप से माँ अन्नपूर्णा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि व अन्न धन की कामना की। इस मौके पर गांव वालों ने जहां नव निर्वाचित विधायक रौशन लाल चौधरी का चुनाव जीतने की खुशी में स्वागत किया वही अपने गांव में पहुँचे सांसद प्रतिनिधि मनोनीत होने पर अनिल मिश्रा का भी गाजेबाजे के साथ स्वागत किया गया। दोनों नेताओ ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा क्षेत्र में यही एक गांव लगातु है जहाँ माँ अन्नपूर्णा की हर वर्ष पूजा होती है। यह भी कहा कि माँ का आराधन जो भी भक्त सच्चे मन से करता है उसे अन्न धन की जीवन पर्यंत कमी नही होती है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांव की समस्या भी रखी जिसे हर सम्भव समाधान करने का विधायक ने आश्वासन भी दिया। मौके पर पुजारी शभु पांडेय, जगदीश मिश्र, केशव नाथ मिश्र, जनार्दन मिश्र, पवन मिश्र, नवीन मिश्र बुधन तुरी, रामकिशोर राम, अशोक ओझा, महेंद्र मिश्र, सुजीत मिश्रा, अजित मिश्र, संजीत मिश्र, नरेश ओझा , लक्ष्मी तिवारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## प्रखण्ड मुख्यालय भवन में विधायक कक्ष का उद्घाटन



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखण्ड मुख्यालय भवन में विधायक कक्ष उद्घाटन बड़कागांव विस् क्षेत्र के विधायक रौशनलाल चौधरी ने किया. इस अवसर पर कहा कि अब इस कक्ष में हम बराबर आते रहेंगे,तथा लोगो की समस्याएं आसानी से सुना जाएगा,साथ ही उन समस्याओं पर तत्वरित कार्रवाई होगी एवं अतिशीघ्र समस्या का समाधान होगा. सबसे पहले कार्यक्रम में उपस्थित प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी विवेक कुमार एवं अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल ने संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ देकर विधायक को स्वागत किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव ने किया जबकि संचालन आजसु प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज साहा ने किया. मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार,भाजपा जिला महामंत्री नरेश कुमार महतो,प्रीतम साव,आजसू प्रखंड सचिव मोहन महतो,मूलचंद साव,जिला आजसू मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा,तापेश्वर साव,जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## आंगनबाड़ी केंद्र में मुखिया पूनम कुमारी दास ने किया स्वेटर का वितरण।



**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत के नीचे हरिजन मुहल्ला आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को मुखिया पूनम कुमारी दास द्वारा नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच 44 स्वेटर का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया पूनम कुमारी दास ने कहा कि बढ़ते ठंड से राहत को लेकर यह सरकार की योजना से वितरण किया गया है। ताकि छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत ना हो। जिसके लिए उन्हें गर्म कपड़े दिए गए हैं, वही लाभान्वित बच्चे इसका सभी उपयोग करे। मौके पर अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चे को ससमय आंगनबाड़ी केंद्र भेजे। ताकि पढ़ाई के साथ-साथ आपके बच्चे का मानसिक विकास में भी वृद्धि हो सके। वही वितरण के बाद नन्हे-मुन्ने बच्चे स्वेटर पाकर काफी उत्साहित दिखे। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी,खुशबू देवी, जीरा देवी,रानी देवी, प्रियंका देवी समेत काफी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।

# कटकमदाग के सामाजिक कार्यकर्ता उदय साव की श्रद्धांजलि सभा में विधायक प्रदीप प्रसाद ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमदाग :** क्षेत्र के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता उदय साव, जिनकी हाल ही में अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी, उनकी स्मृति में शनिवार को उनके निवास स्थान पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भाग लेकर स्वर्गीय उदय साव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक ने स्वर्गीय साव के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा स्वर्गीय उदय साव का जाना हमारे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे न केवल एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे, बल्कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए संघर्षरत एक प्रेरणास्रोत भी थे। उनकी हत्या न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी त्रासदी है। मैं इस



कठिन समय में उनके परिवार के साथ खड़ा हूं और उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मैंने प्रशासन से इस घटना में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उदय साव जैसे व्यक्तित्व विरले ही होते हैं। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव कदम उठाऊंगा। इस श्रद्धांजलि सभा में उनकी स्मृति को नमन करते हुए मैं समाज के हर नागरिक से अपील करता हूं कि वे न्याय और शांति के लिए एकजुट हों और उदय साव के आदर्शों को आगे बढ़ाएं। श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और उदय साव के सैकड़ों शुभचिंतकों ने भाग लिया। सभी ने उनके व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में प्रशासन से अपराधियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। स्वर्गीय उदय साव की नृशंस हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है, और यह घटना समाज में शांति और न्याय की आवश्यकता को फिर से रेखांकित करती है।

# फेडरेशन ऑफ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा नवनिर्वाचित विधायकों का 16 को भव्य सम्मान समारोह

● यह सम्मान समारोह हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं और जनप्रतिनिधियों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। नवनिर्वाचित विधायक समाज और क्षेत्र के विकास में नए आयाम स्थापित करेंगे, यह हमारा विश्वास है : शंभू नाथ अग्रवाल

● फेडरेशन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम जनसेवा और विकास कार्यों को प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है : राकेश ठाकुर



**हजारीबाग :** फेडरेशन ऑफ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आगामी16 दिसंबर को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने वाले प्रतिनिधियों को उनकी समाजसेवा और जनहितकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में सदर विधानसभा से प्रदीप प्रसाद,मांडू से तिवारी महतो ,बड़कागांव से रोशन लाल चौधरी, बरकट्ठा से अमित यादव,और बरही से मनोज कुमार यादव को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इन जनप्रतिनिधियों ने जनता के बीच अपना मजबूत विश्वास स्थापित किया है और उनके अथक प्रयासों से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। फेडरेशन का यह सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले नेताओं को प्रोत्साहन देने और उनके कार्यों को सराहने का एक प्रयास है। संस्था के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की यह समारोह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और समाज के विकास में विधायकों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए आयोजित किया गया है। हम यह मानते हैं कि ये जनप्रतिनिधि न केवल जनता के विश्वास का प्रतीक हैं, बल्कि उनके लिए प्रेरणा भी हैं। संस्था के सचिव राकेश ठाकुर ने अपने में कहा की फेडरेशन हमेशा समाज के उत्थान और क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम व्यावसायिक समुदाय और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करना चाहते हैं ताकि हमारे क्षेत्र का हर वर्ग सशक्त हो सके।

**मुख्य आकर्षण :** इस सम्मान समारोह में व्यवसाय जगत की प्रतिष्ठित सभी लोग मौजूद रहेंगे,कार्यक्रम के दौरान विधायकों के चुनावी सफर, उनके सेवा कार्यों, और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम तारीख 16 दिसंबर, समय दोपहर 3:00 बजे स्थान अग्रसेन भवन,मालवीय मार्ग, हजारीबाग में होना निश्चित हुआ है।

# केरेडारी पंचायत में आंगनबाड़ी बच्चों के बीच स्वेटर का किया गया बितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखण्ड के केरेडारी पंचायत के तीन आंगनबाड़ी केंद्रो के बच्चों के बीच शिविर लगाकर 47 स्वेटर वितरण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया सोनिया देवी ने बच्चों को स्वेटर देकर शिविर का उद्घाटन किया।मौके पर कहा कि झारखंड सरकार का यह सार्थक पहल है,राज्य सरकार ने ठंड को देखते हुए स्वेटर उपलब्ध कराया है।जिन केंद्रों के बच्चों को स्वेटर दिया गया उनमें आंगनबाड़ी जोखी,आंगनबाड़ी केंद्र घोलटावीर, आंगनवाड़ी केंद्र खपिया के बच्चे शामिल है।मौके पर आंगनबाड़ी के सेविका ममता देवी, कुंती देवी,कुसुम देवी,समाजसेवी बैद्यनाथ महतो, कविता देवी,बसंती देवी, साबिता देवी, मंजू कुमारी, सुशीला देवी, शकुंती देवी, कुंती देवी, मीना देवी, अनीता देवी, अलीका कुमारी रेखा देवी, गुड़िया देवी, निशा कुमारी,सुनैना कुमारी, डोली कुमारी, रूपा कुमारी समेत अन्य महिलाये उपस्थित थी.

# विस्थापित प्रभावित कामगार संघर्ष समिति के बैठक में शामिल हुये बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सोनबरसा स्थित नर्सिरी बगान में विस्थापित प्रभावित कामगार संघर्ष समिति सोनबरसा के तत्वाधान में बैठक की गई। बैठक में मुख्य अथिति बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी और विशिष्ट अथिति पूर्व विधायक लोकनाथ महतो उपस्थित होकर मजदूरों की बातों को विस्तार से सुना और इस पर कम्पनी प्रबंधन से बात कर हल निकालने का भरोसा दिया। विधायक श्री चौधरी ने मजदूरों को सम्बोधित करते हुए कहा की मै आपके हर कदम के साथ हूँ। आपकी मांगे जायज है इस पर ईमानदारी से पहल कर संबंधित विभाग से अविलंब उचित कदम उठाने के लिए वार्ता कर आगे की कार्रवाई के लिए मांग रखूँगा। कोल कम्पनियो द्वारा मजदूरों पर शोषण बर्दास्त नही किया जाएगा,



मै आप सभी का आवाज बन कर हमेशा आपके उचित मांगो पर मुखर रहूँगा। बैठक में यह भी निर्णय हुआ की मांगो पर कंपनी प्रबंधन जल्द विचार नही करती है तो आंदोलन कर हड़ताल किया जाएगा जिसकी जवाबदेही कंपनी प्रबंधन पर होगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# मेजर जनरल विकास भारद्वाज, विशिष्ट सेवा मेडल, जीओसी, जे एंड वी सब एरिया का रामगढ़ सैन्य स्टेशन का दौरा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मुख्यालय झारखंड एवं बिहार सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल विकास भारद्वाज, विशिष्ट सेवा मेडल ने 13 और 14 दिसंबर 2024 को रामगढ़ छावनी में पंजाब रेजिमेंटल सेंटर का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होने ऑपरेशन की तैयारी, ढाँचागत विकास कार्यो और अग्निवीरों के प्रशिक्षण मानको की समीक्षा की। पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में अत्याधुनिक प्रशिक्षण और प्रशासनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया और भूतपूर्व सैनिको और उनके आश्रितों के लिए केंद्र द्वारा की गई सुविधाओ के बारे में जानकारी दी। उन्होने अग्निवीरों से बातचीत करते हुए बताया कि उन्हे उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और राष्ट्र की सेवा के लिए खुद को समर्पित करने के लिए आह्वान किया। प्लास्टिक मुक्त पहल के तहत पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में जनरल ऑफिसर कमांडिग द्वारा प्लास्टिक श्रेडिंग और बेलिंग मशीन का भी उदघाटन किया। यह हरित पहल के तहत और प्लास्टिक मुक्त भविष्य की दिशा में एक बढ़ता कदम है। रामगढ़ की अपनी यात्रा से पहले जनरल ऑफिसर कमांडिग ने सैनिक स्कूल तिलैया का भी दौरा किया, उन्होने स्कूल के कैडेटों और संकाय सदस्यों के साथ भी बातचीत की और स्कूल की वार्षिक पत्रिकाएँ का विमोचन किया 7 इस विशेष सभा में सैनिक स्कूल तिलैया के कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि कैडेटों को स्कूल की समृद्ध विरासत और शानदार पूर्व कैडेटों से प्रेरणा लेनी चाहिए। जनरल ऑफिसर कमांडिग ने उन्हे उत्कृष्टता की खोज और राष्ट्र की सेवा में उनकी आकांक्षा में अथक बने रहने और हमारे राष्ट्र को विकसित भारत बनाने के लिए योगदान के लिए प्रोत्साहित किया।

## किसानों को समय से बीज उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता : ममता देवी





❍ **राज्य के किसानों के प्रति हमारी सरकार कटिबद्ध हैं : ममता देवी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** गोला प्रखंड के हरना गाँव में राज्य योजना अंतर्गत बिरसा बीज उत्पादन वितरण एवं फसल विस्तार योजना के तहत शतप्रतिशत (100त्न) अनुदान पर गेहुं , मसूर,मक्का एवं सरसों बीज का वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा के विधायक ममतादेवी जी शामिल हुई । इस कार्यक्रम में विधायक ममता देवी के द्वारा दर्जनों किसानों के बीच में गेहूं, सरसों,मक्का एवं अन्य बीजों का वितरण किया गया। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि मौसम के आधार पर हर हाल में किसानों को बीज मुहैया करा दिया जाएगा । हमारी सरकार किसानों के प्रति कटिबद्ध है किसानों के समस्याओं का समाधान करना ही सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी । मौके पर उपस्थित गोला प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधा वर्मा, जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार,बरलंगा थाना प्रभारी अनंत प्रताप, बरलंगा मुखिया कांता देवी,पंचायत समिति सदस्य अंशु बेदिया,निर्मल महतो, गौरी शंकर महतो, सगीर अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण और किसान भाई बहन शामिल थे।

## पीवीयूएनएल टाउनशिप फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** शुक्रवार को पीवीयूएनएल टाउनशिप में नए फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीवीयूएनएल के सीईओ आर.के. सिंह और स्वर्णरिखा महिलासमिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने किया। फील्ड हॉस्टल में कर्मचारियों के लिए रूम्स,एक कैंटीन और एक कॉमन हॉल शामिल हैं। यह सुविधा कंपनी के कर्मचारियों और अन्य अतिथियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगी।कार्यक्रम में अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थिति भी रहे जिनमें जीएम ओएंडएम देवदीप बोस,जीएम (मेनटेनेंस) मनीष खेत्रपाल और मानव संसाधन विभाग के प्रमुख जियाउर रहमान विशेष रूप से शामिल हुए। सभी अधिकारियों ने इस नई सुविधा के महत्व को रेखांकित किया और कर्मचारियों की बेहतर सुविधाओं के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।मुख्य अतिथि आर.के.सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह फील्ड हॉस्टल कंपनी के कर्मचारियों के लिए एक सकारात्मक कदम है, वहीं एसएमएस की अध्यक्ष रीता सिंह ने कंपनी की प्रगति और कर्मचारियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे और कदम उठाने की उम्मीद जताई।

## व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सिविल सर्जन, रामगढ़ के निर्देश पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग रामगढ़ के द्वारा स्वास्थ्य सिविर, व्यवहार न्यायलय रामगढ़ में आयोजित किया गया जिसमें कुल 145 मरीजों को निःशुक्ल स्वास्थ्य सेवा दिया गया जिसमें मधुमेय, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, सिकल सेल एनेमिया, बलगम (टी0बी0) इत्यादि का निःशुक्ल जाँच किया गया साथ ही सभी मरीजों को चिकित्सकों के द्वारा सलाह के अनुसार निःशुक्ल दवा उपलब्ध कराया गया। इस दौरान डॉ0 मयंक, डॉ0 सुरज गुप्ता, डॉ0 दिप्ती नरायण रानी, आलोक कुमार (पीएचएम) प्रिया कुमारी, (जीएनएम), राजलक्ष्मी कुमारी, (जीएनएम), अनुप कुमार, (फार्मास्टि), अमर कुमार (एलटी), रंजीत कुमार बेदिया, रीना कुमारी , दूसुमनी कुमारी , दीपीका कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण विद्या मंदिर में कला एवम विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी और अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्वागत गीत के साथ किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घघाटन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने फीता काटकर किया। इस प्रदर्शनी में कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी ने बताया कि ऐसे प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाए। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), सचिव विमल किशोर जाजू, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, अन्य अतिथि के रूप में आशा जाजू, अदिति जाजू, सुश्री श्रेया जाजू और राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के शिक्षक विकास कुशवाहा, राजीव कुमार, सुनील कुमार तथा सैकड़ो की संख्या में अभिभावकों ने बच्चों के द्वारा बनाए गए तमाम मॉडलों का निरीक्षण किया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपोलो लाइट, सड़क सुरक्षा, एल्गी फायर प्यूरीफायर, लाईफाई तकनीक, स्वचालित प्रणालियों, जल संरक्षण, भूकंप, वर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली, आधुनिक सिंचाई पद्धति, डीएनए आधारित एवं जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के बीच वैज्ञानिक सोच विकसित होती है आज के प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण बालवाटिका के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्राकृतिक वस्तुओं (फल एवं सब्जी) का प्रदर्शन रहा। छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जियों का चित्र बनाकर आगंतुको एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एसएस डिंएवी पब्लिक स्कूल सयाल ने गरीब व असहाय के बीच कंबल का किया वितरण




❍ **कड़ाके कि ठंड में हर जरूरतमंद को राहत पहुंचाना संस्थान का है उद्देश्य : नीलम कुमारी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल स्टाफ कालोनी स्थित एसएस डिंएवी पब्लिक स्कूल सयाल में शनिवार को बढ़ती ठंड को देखते हुए समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं यह कंबल वितरन का निर्णय स्कूल प्रबंधन कि ओर से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने के उद्देश्य से उठाया गया। इस दौरान विधालय परिसर में सयाल के प्रबुद्धजन एवं गणमान्य व समाजसेवी भी शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में विधालय के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। जिसे सभी अतिथियों ने सराहा। वहीं प्राचार्य नीलम कुमारी ने कहा कि झारखंड में अभी कड़ाके कि ठंड पड़ रही है। विधालय संस्थान के द्वारा समाज के हर जरूरतमंदों को ठंड से बचने हेतु यह एक छोटा सा प्रयास किया गया है। वहीं विधालय निदेशक अब्दुल मजीद ने कहा कि इस कंपकपाती ठंड से बचने के लिए विधालय प्रबंधन के द्वारा गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल दिया जा रहा है। जिससे वह ठंड से राहत पा सके। वहीं इस मौके पर समाजसेवीयो में रामविलास यादव, बिरेंद्र पासवान, रियासत हसन, बुल्लू सिन्हा, बिरेंद्र कुमार, पिंटू सिंह, उदय कुमार मेहता, कालीचरण रहे। विधालय प्रबंधन कि ओर से संतोष कुमार, कल्याण रोय, आसीफ हुसैन, इमरान आलम, अमान आलम, साहिल अंसारी, रीना कुमारी, ललीता एक्का, प्रिती सिंह, सिया सिंह, पिंकी कुमारी, ज्योति कुमारी। वहीं कंबल प्राप्त करने वालो में हिमिंदा, बेलाल, दीपक कुमार, समिलदा कुजूर, गायत्री देवी, जमंती देवी, रखशाना खातून, उषा देवी, हेमंती देवी, सिधनाथ भगत, अंजलि, सपना, सिराज, पंकज, शशी आदि दर्जनों लोगों को कंबल दिया गया।

## डीएमएफटी के तहत जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल, सम्पूर्ण शिक्षा कवच के तहत हुआ एमओयू



❍ **सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को मिलेगी विशेष सुविधा 24/7 कर सकेंगे शिक्षकों से संपर्क**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में शिक्षा को बढ़ावा देने व सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के मार्गदर्शन में नई पहल ÷सम्पूर्ण शिक्षा कवच÷ की शुरुआत की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा है कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि हर बच्चे को न केवल अच्छी शिक्षा मिले बल्कि वह अपने करियर के सही मार्ग को पहचान सके और अपने सपनों को साकार करने के लिए जरूरी संसाधन और मार्गदर्शन प्राप्त करें। सम्पूर्ण शिक्षा कवच के तहत हम बच्चों को उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास दोनों में सुविधा पहुंचाएंगे ताकि वे आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हो। सम्पूर्ण शिक्षा कवच के तहत छात्रों को न केवल विषयों से संबंधित सहायता मिलेगी बल्कि करियर काउंसलिंग राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उनके व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी स्कूल के बच्चों को नई संभावनाओं से परिचित कराया जाएगा और उन्हें उनकी रुचि और क्षमताओं के आधार पर सही दिशा में आगे बढ़ाने में सुविधा प्रदान की जाएंगी।सम्पूर्ण शिक्षा कवच÷ परियोजना के तहत शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती नीलम वर्मा एवं शैक्षणिक संस्था फिलो के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। परियोजना के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन माध्यमों से तैयार किया जाएगा जिसमें विद्यालयों में लाइव क्लासेस आयोजित किए जाएंगे वहीं बच्चों को ऑनलाइन माध्यम से 24म7 शिक्षकों से जुड़कर अपनी किसी भी प्रकार की दुविधा को दूर करने की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाएंगी।

## भाजपा रामगढ़ जिला महामंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए धार्मिक स्थल और महापुरुषों के स्मृति स्थान के समीप में खुले में मांस बेचने का कड़ा विरोध प्रकट किया है



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रेस के माध्यम से जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी ने जिला प्रशासन से त्वरित निदान की मांग की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में जिला के आस्था एवं देश के दुशमनो के दांत खट्टे करने वाले महान योद्धा और हम सभी के आदर्श वीर कुंवर सिंह चौक के साथ नई सराय में जहां हिन्दुओ के आस्था के मन्दिर स्थित हैं । वहीं हर रोज सुबह - शाम श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते है ।उस पावन स्थल के समीप रोड पर गलत रुप से अतिक्रमण कर झोपड़ी बनाकर खुलेआम मांसो को बगैर कपडें से ढकें या अन्य जरुरी नियमों को दर किनार कर आस्था को चुनौती देना और मांस को सामने लटकाकर बेचा जाना अमानवीय हैं।हम सभी सनातन धर्म के लोग जिला में विभिन्न स्थलो पर गलत रुप से दुकान लगाकर आस्था से खिलवाड़ करने वालो के खिलाफ कड़ा विरोध प्रकट किया हैं तथा जिला के उपायुक्त ,पुलिस अधीक्षक महोदय एंव अनुमंडल पदाधिकारीगण सें इसको संज्ञान मे लेते हुए उचित कार्रवाई करते हुए ऐसे अस्थायी दुकानो को उचित स्थान पर हस्तांतरित करने का आदेश देने का निवेदन करते हैं। जिससे पर्व,व्रत-उपवास या गुजरने वाले राहगीरों को जो कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है उससे मुक्ति दिलाते हुए आपसी सौहार्द कायम रखा जा सके।

## रामगढ पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ पुलिस ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 255/2023 दिनांक -16/11/2023 धारा -302/120(B) आई पी सी एवं धारा- 3(2)(1) एससी/ एसटी एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी नामजद अभियुक्त 1 सुनील सिंह उर्फ सुनील कुमार सिंह पिता बी. एन सिंह पता टोपा कॉलोनी, कुजू ओपी थाना मांडू जिला रामगढ़ जो एक वर्ष से फरार चल रहा था गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

## 50 से 60 गायो कि लगातार हो रही चोरी से परेशान हैं सयालवासी, दिया थाने में आवेदन



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सयाल उतरी पंचायत के विभिन्न कालोनियों से लगभग तीन वर्षो में लगातार पच्चास से साठ गायों कि चोरी से परेशान हैं पुरे सयालवासी ने बदहाल थक हार कर भुक्तभोगी ग्रामीणों ने शनिवार को भुरकुंडा ओपी में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने का मांग कि है। वहीं भुक्तभोगी ग्रामीणों ने अपने आवेदन में लिखा है कि विगत तीन वर्षो से सयाल उतरी पंचायत से लगभग पचास से साठ गायों कि चोरी हो चुकी है। और अभी भी रातो में गायों कि चोरी बदस्तूर जारी है। वहीं ग्रामीणों ने गायों को खोजने का भरसक प्रयास किया। लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। जिससे यह साफ साफ पता चलता है कि रात के अंधेरे में गायों को कोई चुरा ले जा रहा है। वहीं भुक्तभोगी ग्रामीणों ने इस मामले पर भुरकुंडा ओपी पुलिस से अतिशिघ्र कार्यवाही करने कि मांग कि है। वहीं इस मामले पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने कहा कि गायों कि चोरी करना अपराध करने के बराबर होता है। इस मामले में जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई कि जाएगी। वहीं आवेदन देने वालो में दीपक मेहता, रौशन कुमार, चन्द्रभान सिंह, मुंद्रिका प्रसाद, जितेन्द्र कुमार सिंह, मारूति नंदन सिंह, प्रिया कुमारी, बबीता देवी आदि लोग मौजूद थे।

## चारहदीवारी निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की शिकायत मिलने पर विधायक ममता देवी कार्य स्थल पहुंची



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत के सोनडिमरा उपस्वास्थ्य केंद्र में हो रहे चारहदिवारी निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक ममता देवी को दिया। जिसके बाद तत्कालीन विधायक ममता देवी ने कार्य स्थल पहुंची और हो रहे निमार्ण कार्य में घोर अनियमितता को देख काफी नाराजगी जताई और तत्काल उप विकास आयुक्त रामगढ़ को इसकी जानकारी दी और काम को रोककर जांच करने का आदेश दी तथा आगे निर्माण कार्य शुरू हो तो गुणवत्ता में सुधार लाने की बात कही। मौके पर प्रदीप महतो, गौरी शंकर महतो, दिनेश कुमार महतो, दिलीप कुमार, जितेन्द्र कुमार, सगीर अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंचवटी अपार्टमेंट में महिला से छेड़खानी, मामला दर्ज

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के पंचवटी एनक्लेव अपार्टमेंट में अक्सर घरेलू हिंसा और इव टीजिंग जैसे यौन शोषण के मामलों को लेकर चर्चा में रहा है।कभी मामला पति-पत्नी के बीच का होता है, तो कभी अधेड़ उम्र की महिला के साथ वारदात होती है। ऐसा ही एक मामला फिर पंचवटी अपार्टमेंट में हुआ है। इस मामले में आरोपित के खिलाफ रामगढ़ थाने में प्राथमिक भी दर्ज हुई है।44 वर्ष की महिला शालू सिन्हा ने इव टीजिंग के मामले में रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने पंचवटी अपार्टमेंट के ही ब्लॉक बी, फ्लैट नंबर 101 बी में रहने वाले अरुण गोयल को अभियुक्त बनाया है।पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि अरुण गोयल के द्वारा उन्हें कई दिनों से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।जब भी महिला फ्लैट से मार्केट, मेडिसिन शॉप और अपने कोचिंग संस्थान के लिए निकलती है, तो अरुण गोयल घात लगाकर पार्किंग के पीछे छुपकर गलत निगाह से घूरते हैं। कोई आसपास नहीं होने पर अश्लील इशारे करते हैं।इसके अलावा उनका पीछा करते हुए थाना चौक में स्थित कोचिंग संस्थान तक चले जाते हैं। कोचिंग संस्थान से वापस लौटते हुए भी पीछा करते हैं। अपार्टमेंट में पहले पहुंचकर एंट्रेंस गेट पर बैठे रहते हैं और फिर पार्किंग तक पहुंच जाते हैं।पीड़िता और उनके पति ने कई बार अन्य फ्लैट के मालिकों के साथ मिलकर उन्हें समझाने की कोशिश की। लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। गत तीन नवंबर को जब पीड़िता कोचिंग संस्थान से अपार्टमेंट पहुंची तो सीसीटीवी कैमरे से बचते हुए अरुण गोयल उनके पास पहुंचा और उनका हाथ पकड़ लिया।जब वह हाथ छुड़ाकर सीढ़ियों से अपने फ्लैट की तरफ भागी तो पहले मंजिल तक अरुण गोयल ने उनका पीछा किया। 13 नवंबर को कैमरे की नजर से बचते हुए अरुण गोयल ने पीड़िता का दुपट्टा भी खींच लिया था। जब वह चिल्लाई तो उनके पड़ोसी वहां पहुंचे और अरुण गोयल वहां से भाग खड़ा हुआ।पीड़िता ने बताया कि 23 जनवरी 2024 को उनके पति और बेटी बाहर गए हुए थे। उस वक्त भी फ्लोर के कॉरिडोर में देर रात अरुण गोयल घूमता हुआ पाया गया था। कई बार सोसाइटी के बड़े, बुजुर्ग और गणमान्य लोगों ने समझाने की कोशिश की। लेकिन अरुण गोयल पर किसी भी बात का असर नहीं होता।रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने शनिवार को बताया कि इस मामले में अरुण गोयल के खिलाफ प्राथमिकी 380/24 दर्ज की गयी है। साथ ही इस पूरे प्रकरण की जांच भी उन्होंने शुरू कर दी है।



# तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार, ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर करते थे ठगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** साइबर थाना की पुलिस ने ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तीनों शहर के अपार्टमेंट में रह कर ठगी का काम किया करते थे। इसके लिए उन्हें मासिक वेतन दिया जाता था। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में से एक बिहार का रहने वाला है। जबकि दो बेंगलुरु के रहने वाले हैं। उनके पास से पुलिस ने बड़ी संख्या में मोबाइल और सिम बरामद किया है।सरायढेला थाना अंतर्गत सहयोगी नगर के एक अपार्टमेंट में एसएसपी के निर्देश पर साइबर थाने की पुलिस ने छापेमारी की, जिसमें तीन साइबर अपराधी पकड़े गए हैं। गिरफ्तार लोगों के पास से 10 मोबाइल और 6 सिम कार्ड जब्त हुआ है। ये सभी साइबर फ्रॉड ऑनलाइन लोन दिलाने को लेकर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर करते थे।पकड़े गए लोगों में दो अरोपी कन्नड़ भाषा बोलते हैं, जिन्हें ठगी के मास्टर माइंड के द्वारा मासिक मानदेय भी मिलता था। ये हिंदी, अंग्रेजी, कन्नड़, पकड़े गए साइबर क्रिमिनल सोनू पासवान नालंदा (बिहार) जबकि भरत और बसंत दोनों बेंगलरु के रहने वाले हैं। साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि इनके पुराने आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। लोन दिलाने के एवज में प्रोसेसिंग फीस के नाम पर ठगी करते थे।

# रक्तदान शिविर में 43 यूनिट रक्त संग्रह




## ❍ दिलीप सिंह ने टुंडी विधायक को दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो का मुख्य सचेतक बनाये जाने पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त सचिव सह युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह ने उन्हें शॉल ओढ़ा कर एवं बुके देकर बधाई दी। दरअसल, मथुरा प्रसाद महतो एक ब्लड डोनेशन कैंप में बतौर मुख्य अतिथि एवं दिलीप सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। दिलीप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मथुरा महतो जनता के दुःख सुख में सदैव साथ खड़े रहे हैं। जनता के बेहतरी के लिए आगे भी मथुरा महतो इसी ऊर्जा के साथ जनता की मदद करते रहे मेरी यही मेरी कामना है।तोपचांची स्थित बिनोद बिहारी महतो मेमोरियल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलोजी द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में कुल 43 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम मे मदुसूदन ट्रस्ट सचिव प्रिया महतो उपस्थित थीं। शिविर को सम्पन्न कराने में मदुसूदन ट्रस्ट, हेल्थ पॉइंट ब्लड सेंटर, रांची, डॉ. रश्मि, विनीत मिश्रा, विवेक गौरव, प्रवीण कुमार, राम प्रसाद, सपना आदि का सरहानीय योगदान रहा।

# अनाथ दिव्यांग विशाल की झरिया रिसोर्स सेंटर ने ली जानकारी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भौंरा गोरखूंटी में एक अनाथ दिव्यांग 20 वर्षीय विशाल कुमार राय की झरिया रिसोर्स सेंटर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह और स्पेशल एजुकेटर अखलाक अहमद ने मिल कर पूरी जानकारी ली। दो वर्ष पहले पिता महावीर राय एवं माता सुनीता राय का देहांत हो जाने पर अपने मौसी के पास रह रहा था किंतु दुर्भाग्यवश 15 दिन पहले उसकी मौसी की भी मृत्यु हो गई।आज पास के लोगों ने डॉ मनोज सिंह को खबर दिया। डॉ मनोज सिंह ने कहा कि दिव्यांग विशाल रॉय को मिशनरी ऑफ चैरिटी धनबाद के अनाथालय में रखने की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। सुदामडीह थाना में आवेदन किया गया है। संभवतः शनिवार को अनाथालय में रखा जाएगा। मौके पर सुनील मिश्रा, सनातन मरांडी, प्रेम महतो, सुमित मंडल, बुद्धेश्वर पन्ना, रसना मरांडी, सावित्री देवी, निरोला राय, चूनाराम टुडू आदि उपस्थित थे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा ।

(जिला आपूर्ति शाखा)

( e-Mail id:-dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)

### –:आम सूचना:–

सूचना प्राप्त हो रही है कि किसानों के द्वारा बिचौलियों के माध्यम से खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर औने–पौने दाम पर धान की बिक्री की जा रही है।

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार खरीफ विपणन मौसम 2024–25 में 15 दिसम्बर 2024 से धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारम्भ होना है। धान अधिप्राप्ति की सभी प्रारंभिक तैयारियाँ यथा अधिप्राप्ति केन्द्रों का चयन, राईस मिलरों का चयन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति आदि किया जा चुका है। इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300.00 रूपये प्रति क्विंटल की दर एवं बोनस 100.00 रूपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाना है।

उपायुक्त,चतरा।

PR 341997 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25)D


# गोविंदपुर में 295 पेटी अवैध शराब से लोड ट्रक जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिले के गोविंदपुर थाना की पुलिस ने गोविंदपुर के पास जीटी रोड पर अवैध शराब की पेटियां लोड एक ट्रक को जब्त कर लिया। यह जानकारी धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार व डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती ने प्रेस वार्ता में दी। कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस की यह बड़ी उपलब्धि है। एसपी ने बताया कि जीटी रोड होकर अवैध शराब समेत प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा। कहा कि एसएसपी एचपी जनार्दनन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली के नेतृत्व में गोविंदपुर थाना के सामने गुरुवार की रात सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इस दौरान निरसा की ओर से आ रहे ट्रक संख्या बीआर 01 जी 1552 को पुलिस ने संदेह के आधार पर पकड़ा।ट्रक पर 295 पेटी अवैध शराब रख कर ऊपर और नीचे 12 बोरी मूढ़ी व 81 सफेद बोरियों में कुरकुरे जैसे खाद्य पदार्थ रख दिया गया था। पुलिस को देखते ही ट्रक का चालक बलवीर सिंह भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। चालक को गिरफ्तार कर शराब लदे ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया। ट्रक पर लोड शराब की पेटियों पर इंपिरियल ब्लू ओनली फॉर सेल इन पंजाब लिखा हुआ है। जब्त शराब में इंपिरियल ब्लू अंग्रेजी शराब की कुल 295 पेटियां हैं, जिसमें कुल 7000 बोतल शराब है। सिटी एसपी ने बताया कि इस संबंध में गोविंदपुर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। छापेमारी दल में एसआई दिनेश प्रसाद मेहता, बिरजू राम, शैलेंद्र कुमार, गुरुदयाल सबर, मैथ्यू एक्का, तुफैल खान, गौरव कुमार आदि शामिल थे।

# नेहरू बाल एकेडमी ने जरूरतमंदों को दिया कंबल




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अबिता मेमोरियल एडुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित नेहरू बाल एकेडमी, सुसनीलेवा में 24वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक लक्ष्मी मंडल संरक्षक शंकर मंडल, प्राचार्य राजीव मंडल, वरीय अधिवक्ता अजय प्रकाश वर्मा, ट्रस्टी मेंबर राजेश कुमार मंडल, जगतु गोप, सपना टूडू सभी अतिथियों एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के निदेशक द्वारा प्रभात खबर के वरिष्ठ पत्रकार हीरालाल पांडेय, बिरसा भारत 24 के निदेशक राजकुमार मंडल, रोटी बैंक यूथ क्लब के रिंकू देवी, सेवा संकल्प धनबाद से अध्यक्ष आकाश कुमार मंडल, संतोष मंडल, मुकेश मंडल, समीर मंडल, आकर्ष गुप्ता, राजा दास, संतोष, ह्यूमैनिटी हेल्पींग हैंडस के अध्यक्ष गौतम मंडल एवं विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं उपस्थित समाजसेवियों को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। ट्रस्टी द्वारा दो-तीन गाँव से लगभग 200 बूढ़े-बुजुर्गों, असहाय एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के धीरज डेमता, सपना टुडू, भानुमति कुमारी, भवानी चौहान, अंजलि चक्रवर्ती, संजय सोरेन, राम कुमार, विजय सर एवं सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# एनआईएफटी का एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फैशन और डिजाइन शिक्षा के लिए भारत की अग्रणी संस्था, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) ने न्यू टाउन हॉल में 4 जिलों के छात्रों और शिक्षकों को एनआईएफटी से जोड़ने के उद्देश्य से पहला आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर एनआईएफटी की महानिदेशक तनु कश्यप ने कहा कि एनआईएफटी छात्रों के हुनर को पंख देता है। इसमें छात्रों के लिए आजीविका का अच्छे विकल्प है। संस्था का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त करना है।उन्होंने बताया कि आगामी सत्र की परीक्षा के लिए फॉर्म जमा करने की तिथि 6 जनवरी 2025 है। जबकि 9 फरवरी 2025 को परीक्षा ली जाएगी। अंग्रेजी के साथ-साथ इस बार हिंदी में भी परीक्षा ली जाएगी। लगभग 5000 नए छात्रों को विभिन्न स्ट्रीम में नामांकन के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा। सभी वर्ग के मेघावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही बताया कि वाराणसी, श्रीनगर, पटना, नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, गांधीनगर, जोधपुर, हैदराबाद सहित देश के 19 शहरों में एनआईएफटी के कैंपस है। इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि क्रिएटिव छात्रों को एनआईएफटी उचित प्लेटफार्म प्रदान करता है। हुनरमंद छात्रों को संस्था द्वारा फैशन टेक्नोलॉजी में मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि फैशन और टेक्सटाइल के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। इसलिए वे आउटरीच कार्यक्रम में बताई गई हर बात को बारीकी से सुने और समझे। उन्होंने कहा कि आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से एनआईएफटी ने विश्वस्तरीय शिक्षा शुरू करने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जो छात्रों को रचनात्मक करियर की दिशा में पहला कदम उठाने का अवसर प्रदान करेगा।कार्यक्रम के दौरान संस्थान के पूर्व छात्र तथा फैशन उद्योग के प्रसिद्ध पेशेवर मुकेश कुमार एवं डोमन टुडू ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में एनआईएफटी पटना के निदेशक कर्नल राहुल शर्मा, डॉ विजय दुआ, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी के अलावा बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित थे।

## कथक नृत्य कार्यशाला में स्थानीय कलाकारों ने सिखी बारीकियां



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद सेंट्रल कोल वासरी ऑर्गेनाइजेशन के सभागार में शनिवार को 13 से 15 दिसंबर तक ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल, अनुभूति एक एहसास, सांस्कृतिक प्रशिक्षण केंद्र, सीसीडब्ल्यूओ के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक कलाकार विशाल कृष्ण ने स्थानीय कथक कलाकारों को प्रशिक्षण दिया।सांस्कृतिक प्रशिक्षण केंद्र, काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कार्यशाला की अंतिम दिन कलाकारों को विशाल कृष्ण के द्वारा महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा जो भविष्य में सभी कथक कलाकारों के लिए बहुत ही अहम होगा। कार्यशाला को सफल बनाने में काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद, अनुभूति एक एहसास की महासचिव सरसी चंद्रा, संजय सेन गुप्ता, वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा, अरविंद शर्मा एआईटीसी झारखंड प्रेसिडेंट श्याम कुमार, एआईटीसी महासचिव संजय चंद्रा, एआईटीसी झारखंड उपाध्यक्ष जयप्रकाश शुक्ला, एआईटीसी झारखंड कोषाध्यक्ष कैश आलम, एआईटीसी झारखंड नृत्य प्रभारी शिप्रा मौजूद थे।

# कार्मल स्कूल डिगवाडीह में सात महादेशों की कला एवं संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कार्मल स्कूल डिगवाडीह में शनिवार को वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील झरिया डिविजन के महाप्रबंधक संजय राजोरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रधानाध्यापिका सिस्टर देवश्री, उपप्राचार्या सिस्टर प्रियल, प्राथमिक समन्वयक सिस्टर सुशीला मुख्य अतिथि संजय राजोरिया को स्वागत किया। महाप्रबंधक मुख्य अतिथि संजय राजोरिया, तरुण शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधान में नृत्य शैली द्वारा सात महादेशों की कला एवं संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के कुल 390 छात्राओं ने वार्षिक महोत्सव में भाग लिया। प्रथम वर्ग की छात्राओं ने अफ्रीका की जनजातियों का आकर्षक नृत्य दिखाया। दूसरे वर्ग की छात्राओं ने भरतनाट्यम नृत्य किया। तृतीय वर्ग की छात्राओं ने कोंबिया का नृत्य दिखाया। बच्चों ने क्रिसमस पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। कार्निवाल का प्रदर्शन तो देखते ही बनता था। ग्रैंड फिनाले ने ऐसा समां बाँधा की दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। राष्ट्गान के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा द्वारा बैठक में उपस्थित सम्मानित सदस्यों को संबोधित किया गया। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए धनबाद मंडल द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई तथा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। बैठक में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य पिंटु कुमार सिंह ने यात्री सुविधा से जुड़ी 14 सूत्री मांगों को रखा। उक्त मांगों को लेकर मंडल रेल प्रबंधक ने समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।


## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।

### भर्ती कैम्प – 17 दिसम्बर 2024
### रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची** द्वारा **दिनांक 17.12.2024 को पूर्वाहन् 10:30 बजे से 04:00 बजे** तक **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में भर्ती कैम्प – 2024** का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती कैम्प में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No. of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Exp. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Barbeque Nation Hospitality Ltd. KOLKATA | GSA Guest Service Associate | 250 | Any | 18-26 Yrs | 1.44 LPA Food+ Accommodation | NA | – |
| | | Kitchen Associate | 200 | Any | 18-26 Yrs | 1.44 LPA Food Accommodation | NA | – |
| 02. | Virson Security & Facility Services Pvt.Ltd. Argora. RANCHI | Security Guard | 150 | 10th pass | 18-45 Yrs | 10000 to 14000 | _ | Male |
| | | Security Supervisor | 20 | Graduate | 21-45 Yrs | 12000 to 15000 | Yes | Male |
| | | Driver | 20 | Dl+10th pass | 21-45 Yrs | 12000 to 15000 | Yes | Male |
| | | Field Officer | 10 | Graduate + Bike | 21-45 Yrs | 12000 to 20000 | Yes | Male |
| 03. | LIC of India RANCHI | Mahila Career Agent | 50 | 10th & 12th pass | 18-60 Yrs | 7000 to Intentive | No | Female |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https:// jharniyojan.jharkhand.gov.in /www.ncs.gov.in_ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

PR 342001 Labour Employment and Traning(24-25)#D



## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Email – kodermanagarpanchayat@gmail.com)

### –: आम सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल 66 होल्डिंग धारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। वैसे होल्डिंगधारीयों अविलंब जन सुविधा केन्द्र, कार्यालय में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान 07 दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा–184 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रीज (Freeze) करने की कार्रवाई की जाएगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl. No | Ward No | Holding No | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 0020000512000M0 | BISHWANATH DARUKA | LT S.N DARUKA | BAGHITAND KODERMA | 64,606.48 |
| 2 | 3 | 0030000324000M0 | SOBHI SAW, KISUN SAW, LAKHAN PRASAD GUPTA, MASO BILVA DEVI & OTHERS | JAGDISH SAW | BEHRWATAND KODERMA | 131,380.80 |
| 3 | 7 | 0070000213000M0 | Krishna kant singh | LT NANKU SINGH | Bypass Road Koderma | 60,337.52 |
| 4 | 8 | 0080000200000X1 | SUNITA DEVI | MADHUSUDAN TIWARI | BY PASS ROAD NEAR RAJENDRA CHOWK KODERMA | 50,475.04 |
| 5 | 13 | 0130000259000B1 | BASANTI DEVI | JAY PRAKASH DHOBI | RANCHI PATNA ROAD DUDHIMATI KODERMA | 41,536.00 |
| 6 | 1 | 0010000301000M0 | RAMIYA DEVI | MAGAN SINGH | Dumriatand Koderma | 35,808.00 |
| 7 | 8 | 0080000405000X1 | PRADEEP KUMAR PANDEY | YOGANAND PANDEY | RANCHI-PATNA ROAD JHANDA CHOWK, KODARMA | 33,785.56 |
| 8 | 8 | 0080000471000A1 | KANCHAN DEVI | RAM KISHORE SINGH | BY PASS ROAD KODERMA | 31,648.68 |
| 9 | 7 | 0070000124000X1 | RUKMANI DEVI | RAMCHANDRA PRASAD YADAV | BY PASS ROAD KODERMA | 20,943.80 |
| 10 | 14 | 0140000247000X1 | KAPILDEV SINGH | BHUNESHWAR SINGH | Giridih by pass road koderma | 20,263.84 |
| 11 | 8 | 0080000437000X1 | RAVI SHANKAR SINGH | LT BASANT SINGH | Ranchi patna road koderma | 19,908.30 |
| 12 | 14 | 0140000065000A1 | HARIDEO SINGH | BASANDEO SINGH | BAJRANG NAGAR BY PASS ROAD KODERMA | 19,733.44 |
| 13 | 2 | 0020000310000M0 | SUKHDEV YADAV | DOULAT YADAV | JALWABAD KODERMA | 19,262.16 |
| 14 | 9 | 0090000124000X4 | SUMITRA DEVI & PRAMILA DEVI | KAILASH RAM | KODERMA BAJAR KODERMA | 18,771.55 |
| 15 | 2 | 0020000201000X2 | S B STEEL | LT MD SABBAN | Behrwatand koderma | 18,606.00 |
| 16 | 8 | 0080000055000A1 | BIRENDRA PAUL | RAJA RAGHUNANDAN | ADARSH MOHALLA KODERMA | 17,536.00 |
| 17 | 8 | 0080000360000A1 | Rohani nair,ROHANI NAIR | LATE M.GOPAL NAIR | Jai Nagar Road, Koderma | 17,388.00 |
| 18 | 11 | 0110000042000A1 | SONI KUMARI | AVNISH KUMAR | DUDHIMAATI KODERMA | 17,167.76 |
| 19 | 4 | 0040000140000A1 | MD ENAMUL HAQUE | LT NATHU ALI | JALWABAD NEAR MAKKA MASJID,KODERMA | 16,458.00 |
| 20 | 12 | 0120000036000A1 | SATYAJEET HIMWAN | KARTIK HIMWAN | LAKHIBAGI KODERMA | 15,128.00 |
| 21 | 6 | 0060000228000A1 | NARENDRA SINGH | RAM NARAYAN SINGH | DOMCHANCHA ROAD NAGARKHARA KODERMA | 14,888.48 |
| 22 | 7 | 0070000070000A1 | USHA DEVI | LT RAMJI SAW | NAGARKHARA KODERMA | 14,595.04 |
| 23 | 2 | 0020000122000A1 | SAROJ KUMARI | SHUBASH KUMAR | NEW COLONY KODERMA | 14,310.00 |
| 24 | 2 | 0020000318000M0 | KAILASH PANDEY & OTHERS | LT MOHAN PANDEY | NEW COLONY | 14,160.00 |
| 25 | 7 | 0070000119000A1 | PAMMY KUMARI | BIRENDRA PAL | ADARSH MOHALLA NEAR KODERMA MARKET | 14,053.52 |
| 26 | 13 | 0130000100000A5 | NAWALKSHOR SONY | BABULAL BIHARI | PURANA NAGAR ROAD | 14,032.00 |
| 27 | 14 | 0140000100000A1 | BHAGIRATH PRASAD | BHATU RAM | BAJARANG NAGAR KODERMA | 13,550.00 |
| 28 | 14 | 0140000249000C1 | Vijay Yadav | Chintamani Yadav | At - Koderma, Ward No.- 14, P.S.- Koderma | 13,500.00 |
| 29 | 9 | 0090000230000A8 | SUJIT KUMAR SINHA | SHIVSHANKAR PRASAD | SHIV MOHALLA | 13,433.92 |
| 30 | 3 | 0030000229000A5 | AAMANA KHATOON | Md barik | JALWABAD NAGARKHARA,KODERMA | 13,408.00 |
| 31 | 13 | 0130000209000M0 | MEENA DEVI | RAMU MAHTO | RANCHI PATNA ROAD KODERMA | 13,274.24 |
| 32 | 6 | 0060000177000A1 | Sanjeev kumar | Narayan Modi | Giridih road koderma | 12,970.00 |
| 33 | 8 | 0080000291000A1 | SHARDA DEVI | NANHAKU MAHATO | BY PASS ROAD NEAR RAJENDRA CHOWK KOD | 12,860.00 |
| 34 | 1 | 0010000252000A1 | ANIL KUMAR SINHA | PASHUPATI SINHA | RANCHI PATNA ROAD, HIGH SCHOOL KODERMA | 12,804.32 |
| 35 | 8 | 0080000268000A1 | KAMLA DEVI | MATHURALAL BARNWAL | INFRANT OF GIRLS HIGH SCHOOL KODERMA | 12,466.24 |
| 36 | 2 | 0020000492000M0 | SUJATA AGARWAL | BHARAT BHUSHAN AGARWAL | BEHRWATAND KODERMA | 12,380.76 |
| 37 | 1 | 0010000317000A1 | DEEPAK KUMAR BARNWAL | LAKHAN LAL | SAHANA ROAD KODERMA | 12,292.00 |
| 38 | 11 | 0110000147000A1 | RAVI KANT TIWARY | BIPIN BIHARI TIWARI | DUDHIMATI KODERMA | 12,272.00 |
| 39 | 11 | 0110000045000A1 | BRAHAMDEV NARAYAN SHARMA | KAMESHWAR SHARMA | RANCHI PATNA ROAD DUDHIMATI | 12,195.76 |
| 40 | 2 | 0020000095000A1 | SEEMA DEVI | NAGESHWAR PRASAD | NEW COLONY KODERMA | 12,163.50 |
| 41 | 6 | 0060000196000M0 | PANKAJ KUMAR | RAM LAKHAN DAS | JALWABAD KODERMA | 12,130.80 |
| 42 | 5 | 0050000184000A1 | MEHRUN NISHA | ATAUL RAHAMAN | JALWABAD KODERMA | 11,970.00 |
| 43 | 9 | 0090000265000A1 | RAJESH KUMAR PATHAK | LT GIRAJANANDA PATHAK | SAHANA ROAD CHARKI MICAKODERMA | 11,964.00 |
| 44 | 4 | 0040000281000M0 | AJAY SINGH | DWARIKA SINGH | NAGARKHARA KODERMA | 11,954.28 |
| 45 | 15 | 0150000106000A1 | RAM KISHUN SINGH | BASO SINGH | BARSOTIYABAR KODERMA | 11,925.04 |
| 46 | 11 | 0110000113000A1 | RAN VIJAY KUMAR SINGH | RAMNATH SINGH | BADKI BAGHI DUDHIMATI ROAD KODERMA | 11,512.00 |
| 47 | 5 | 0080000149000A1 | ASHMA BEGAM | M.D.SHAMIMUDDIN | JALWABAD NEAR JAMA MASJID,KODERMA | 11,396.00 |
| 48 | 10 | 0100000180000A1 | BIRENDRA BISWKARMA | LAKHAN BISHWKARMA | DUDHIMATI KODERMA | 11,190.00 |
| 49 | 5 | 0080000113000A1 | MOKHTAR AHMAD | ANWAR HUSSAIN | JALWABAD NEAR MADINA MASJID,KODERMA | 11,136.16 |
| 50 | 11 | 0110000133000A1 | Ashok yadav | LAKSHAMAN YADAV | Badki baghi Koderma | 11,038.48 |
| 51 | 2 | 0020000069000A1 | JIRAWATI DEVI | SUKHDEO PRASAD | NEW COLONY BEHIND JAIL KODERMA | 11,018.80 |
| 52 | 1 | 0010000367000M0 | SHANTI DEVI | RAJ KUMAR SINGH | KODERMA FULWARIYA | 10,882.96 |
| 53 | 5 | 0050000104000A1 | MATLUB HUSSAIN | LT BULAKI MIYAN | JALWABAD KODERMA | 10,874.48 |
| 54 | 8 | 0080000196000L1 | D D U G K Y(INDIA CAM) | PARSHURAM KUMAR | OPPSIT POLICE STATION KODERMA | 10,867.52 |
| 55 | 14 | 0140000080000X4 | SUSHILA TOPNO | IMANUAL TOPNO | DUDHIMATI KODERMA CHANDAN SWEETS | 10,862.76 |
| 56 | 6 | 0060000153000A1 | GEETA DEVI | MANOJ PRASAD | GIRIDIH ROAD KODERMA | 10,787.28 |
| 57 | 12 | 0120000087000A1 | BASANTI DEVI | JAI PRAKASH DHOBI | DARJI CHOK LAKKHIBAGI KODERMA | 10,777.36 |
| 58 | 7 | 0070000136000A1 | QUDDUS AHMAD | FAKRUDIN ALI | JALWABAD KODERMA | 10,725.04 |
| 59 | 13 | 0130000095000A5 | RANJANA DEVI | ASHOK SINGH | DUDHIMATI KODERMA | 10,692.40 |
| 60 | 8 | 0080000316000A1 | SHARDA DEVI | NANHAKU MAHATO | BY PASS ROAD KODERMA | 10,582.40 |
| 61 | 15 | 0150000039000A1 | BIRENDRA SINGH | DASRATH SINGH | BARSOTIYABAR KODERMA | 10,470.00 |
| 62 | 4 | 0040000024000A1 | MD HABIB | ALIL AHAMAD | JALWABAD NEAR MAKKA MASJID KODERMA | 10,176.00 |
| 63 | 4 | 0040000120000A1 | SUNIL CHANDRA | SURESH CHANDRA PRASAD | NAGARKHARA KODERMA | 10,176.00 |
| 64 | 3 | 0030000553000X1 | RANJEET KUMAR RANDHEER KUMAR RAVINDRA KUMAR AND OTHERS | BACHCHU SINGH | BEHRWATAND ROAD NEAR TIWARI BANGLA KODERMA | 10,072.00 |
| 65 | 10 | 0100000143000A1 | RAJENDRA KUMAR | SUKAR SAW | DUDHIMATI KODERMA | 10,017.00 |
| 66 | 4 | 0040000254000A1 | IMRAN ALAM | LATE MAHMOOD ALAM | JALWABAD NEAR MAKKA MASJID, KODERMA | 10,010.32 |

PR 342023 Urban Development(24-25)D

ह0/– प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,446 केसों का किया गया निष्पादन, 1,55,94,249 रूपए की हुई वसूली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार 14 दिसंबर 2024 को वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार पुजारी एवं बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बताया गया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छह बेंचो का गठन किया गया था। वहीं बेंच संख्या 1 बिजली से संबंधित वादों के लिए डीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित किया गया। साथ ही बेंच संख्या 2 मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए डीजे टू नीरजा आसरी,बेंच संख्या 3 क्रिमिनल कंपाउंडेडल केसेज, माइंस एंड मिनरल्स, एक्साइज केसेज,एनआई एक्ट, मिनिमम वेजेस एक्ट जैसे वादों के निपटारे के लिए सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, बेंच संख्या 4 एमवी एक्ट, म्युनिसिपल लॉ, रेवेन्यू केसेज आदि मामलों के लिए सीजेएम सह एसीजेएम सिविल जज सीनियर डिविजन द्वितीय श्री कृष्ण कांत मिश्रा,बेंच संख्या 5 बैंक संबंधी मामलों के लिए एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता और बेंच संख्या 6 कंज्यूमर फोरम से संबंधित मामलों के लिए कंज्यूमर फोरम सदस्य श्री नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में गठन किया गया था। इस अवसर पर पीडीजे ने कहा कि लोक अदालत में छोटे- छोटे मामलों का निष्पादन किया जाता है। वहीं एक दिन में ही मामला समाप्त हो जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। वहीं उन्होंने आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,446 केसों का निष्पादन किया गया,जबकि 1,55,94,249 रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 256 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। मौके पर एसडीओ अमित कुमार, अधिवक्ता संघ के सचिव लाल दीपक कुमार, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, मध्यस्थता केंद्र के अधिवक्ता, विभिन्न बैंकों व विभागों के पदाधिकारी, पीएलवी सहित वादों के निष्पादन के लिए पहुंचे लोग उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार संविधान के खिलाफ काम कर रही है : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर आज लोकसभा में दूसरे दिन संविधान पर होने वाले चर्चा में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत भाग लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि केंद्र सरकार संविधान के खिलाफ काम कर रही है। आदिवासियों की धार्मिक पहचान जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड लागू नहीं कर रही है जबकि मैंने इसी सदन में सरना धर्म कोड लागू करने की मांग कर चुका हूं। सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट में छेड़छाड़, पत्थर गड्डी के मामले को लेकर आदिवासियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण कानून में संशोधन करने का प्रयास किया गया। झारखंड में लागू पेसा कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है। जल जंगल जमीन कॉर्पोरेट घरानों को दिया जा रहा है जैसे राष्ट्रीय स्तर के अनेक विषयों पर सदन में सांसद ने अपनी बातों को तार्किक ढंग से रखकर लोहरदगा नहीं झारखंड वासियों को गौरवान्वित होने का काम किया है।

## विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभुकों का भौतिक सत्यापन हेतू कैरो पंचायत भवन में आज रविवार को भी लिये जायेंगे आवेदन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो पंचायत भवन में समाजिक सुरक्षा अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभुकों का भौतिक सत्यापन हेतू लिया जा रहा है आवेदन। उक्त संबंध में कैरो पंचायत सचिव पवन कुमार ने बताया कि महिला-बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं जिले के उपायुक्त एवं कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निश्क्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री राज्य एचआईवी/एड्स पीड़ित सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जन-जाति पेंशन योजना के लाभुकों के विभिन्न पेंशन योजनाओं के भौतिक सत्यापन हेतू आधारकार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति ली जा रही है जिससे की लाभुको के विभिन्न पेंशन योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया जा सके। उन्होंने कहा कि उपरोक्त विभिन्न पेंशन योजनाओं के वैसे लाभुक पेंशन की भौतिक सत्यापन हेतू जो पंचायत भवन कैरो मे अपना आधारकार्ड एवं बैक पासबुक मोबाईल नम्बर सहित की छायाप्रति जमा नहीं किये हैं वे शीघ्रताशीघ्र पंचायत भवन कैरो कार्यालय में जमा करें जिससे कि लाभुको के पेंशन योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया जा सके। पंचायत सचिव ने कहा कि 14 दिसंबर शनिवार को 30 लाभूको का भौतिक सत्यापन हेतू आवेदन पंचायत भवन कैरो में लिया गया एवं 15 दिसंबर रविवार को आज भी आवेदन लिये जायेगें।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आज शनिवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति (DWSC) लोहरदगा की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्देश दिए गए। गांवों को ओडीएफ प्लस की श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे कार्य मे तेजी लाने,ग्राम स्तर पर प्लास्टिक कचरा के उठाव के लिए कर्मी का भुगतान 15 वें वित्त आयोग की राशि से किये जाने, आईएचएचएल निर्माण हेतु ग्रामवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूर्ण करना सुनिश्चित करने, पंचायत स्तरीय सेग्रिगेशन शेड निर्माण हेतु स्थल चयन कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराने, ग्राम स्तर पर व्यक्तिगत निर्मित सोक पिट निर्माण मनरेगा से कराने, 15 वें वित्त आयोग से एसएलडब्ल्यूएम स्ट्रक्चर से निर्माण करते हुए ग्राम को ओडीएफ प्लस कराने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलीन टोप्पो, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, एपीआरओ आशीष कुमार, स्वच्छ भारत मिशन की ओर से परवेज आलम समेत अन्य उपस्थित थे।

# अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में थे तीनों अपराधी, छापेमारी के दौरान पुलिस ने धर दबोचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की कुछ अपराधी अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में है। जिसकी सूचना मिलते ही शुक्रवार रात करीब 1 बजे गुप्त सूचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन कर छापामारी करने हेतु लोहरदगा थाना क्षेत्र के ग्राम जुरीया स्थित डी०ए०वी स्कूल रोड में सितामनी एक्का के मकान में छापामारी किया गया। जहां किराए के कमरे में रह रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान शैलेस कुमार साहु उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-प्रेम प्रकाश रमण उर्स लेन बरवाटोली लोहरदगा, 2. राजेन्द्र महली उम्र करीब 24 वर्ष पिता- शेलवाहन महली, पता तिगरा लालपुर लोहरदगा, 3. इमरोज अंसारी, उम्र करीब 18 वर्ष पिता-स्व0-फिरोज अंसारी, पता नगजुआ, थाना-कैरो,जिला-लोहरदगा को पकड़ा गया। इनके तलाशी लेने पर दो लोडेड देशी कट्टा,चार मोबाईल एक लैपटॉप, एक मोटरसाइकिल, तथा अन्य समान बरामद किया गया है।वही खुलासा के दौरान पता चला है की ये सभी समान दिनांक-07.12.2024 की रात्रि में हिरही से लुटे गये थे एवं बिते रात दिनांक-13.12.2024 के रात्रि में बदला गाँव थाना सेन्हा से लुटे गये है। ये सभी छः अपराध कर्मी जमा होकर डकेती का योजना बना रहे थे और पकडे गये। इन सभी पुर्व में जेल जा चुके है तथा इनका अपराधिक इतिहास है। इस संबंध लोहरदगा थाना कांड सं0- 233/2024, दिनांक-14.12.2024, धारा-310(4)/310(5)/317(3) क्रहृ-स्र एवं 25 (1-क्र)/26/35 आर्मस एक्ट दर्ज किया गया है।जिसमे इनके पास से पुलिस ने एक 3.15 बोर का एक देशी कट्टा जिसमें 3.15 एमएम का गोली लोड किया हुआ।

## बीडीओ ने इफको नैनो यूरिया तरल के प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय से इफको प्रचार वाहन को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतीमा कुमारी द्वारा विधिवत रूप से नारियल फोड़ तथा झंडा दिखाकर शनिवार को रवाना किया। यह प्रचार वाहन पूरे प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों को नैनो यूरिया के बारे जागरुक करेगा प्रचार वाहन में किसानों को एलईडी टीवी के माध्यम से भी जागरूक किया जाएगा मौके पर बीटीएम प्रियांशु मिंज और एसएफए अनित कुमार कुंदन ने बताया कि भारत सरकार से अनुमोदित नैनो यूरिया तरल नैनो तकनीक पर आधारित एक अनूठा उर्वरक है, इसे विश्व में पहली बार इफको ने विकसित किया है नैनो के प्रयोग से फसल के उत्पादन व गुणवता में वृद्धि के साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। उन्होंने कहा कि कम लागत के साथ इसका प्रयोग करना भी आसान है। यह सभी तरह के फसलों के लिए उपयोगी, सुरक्षित व पर्यावरण के अनुकूल है सूखे में भी फसल के लिए असरदार, वातावरण प्रदूषण की समस्या से मुक्त के साथ टिकाऊ खेती के लिए उपयोगी है। मौके पर बाबर अंसारी, जलील अंसारी, संदीप उरांव, देवदीप उरांव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा बीएस कॉलेज इकाई की हुई घोषणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा बीएस कॉलेज इकाई की घोषणा की गई। जिसमें नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो जी बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों के बीच संस्कार चरित्र व उनके विकास के लिए काम करती है। युवाओं में राष्ट्रभक्ति व समाज के प्रति संवेदनाएं जागृत हो एक अच्छा नागरिक बने विद्यार्थी परिषद वर्ष भर सभी कैंपस में सक्रिय रूप से काम करके युवाओं को समाज और देश के लिए प्रेरित करती है। पूर्व जिला प्रमुख छवि सिंह ने बताया की युवा छात्र शक्ति राष्ट्र की शक्ति होती है और यह शक्ति जिस सकारात्मक वातावरण को लेकर सही दिशा में काम करती है उसे देश और समाज का विकास होता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों के अंदर सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास व ज्ञान शील एकता का मंत्र लेकर काम करती है। आज कॉलेज में इकाई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

# जनता ने सिमडेगा को विकास के पथ पर लंबी उड़ान देने का किया है काम : विधायक भूषण बाड़ा

## विधायक भूषण बाड़ा ने कुरडेग वासियों के प्रति जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा की जीत पर शनिवार को कुरडेग प्रखंड में आभार यात्रा निकाली गई। आभार यात्रा कुरडेग के परकाला, बस स्टैण्ड, झिरकामुण्डा सहित आस पास के गाँवों में जाकर विधायक ने मतदाताओं व लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। आभार यात्रा के दौरान जमकर आतिशबाजी हुए। अबीर गुलाल भी उड़े। वहीं समर्थक और कार्यकर्ता डीजे की धून पर जमकर नाचते गाते हुए जश्न मनाया। आभार यात्रा कुरडेग के दौरान जामा मस्जिद के पास अंजुमन के सदर एवं सदस्यों ने विधायक को माला पहनाकर एवं गले लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं जामा मस्जिद के पास विधायक ने ईमाम हसनैन नदवी से गले मिलकर आर्शीवाद प्राप्त किया। आभार यात्रा माइकल किण्डो स्टेडियम पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। मौके पर विधायक ने कहा कि सिमडेगा की जनता महान है। उन्होंने कांग्रेस को जीता कर सिमडेगा जाति और धर्म की राजनीति से दूर करने का काम किया। अब क्षेत्र में सिर्फ विकास की राजनीति होगी। उन्होंटने कहा कि जनता ने कांग्रेस को जीता कर सिमडेगा में पंख लगाने काम किया है। अब सिमडेगा विकास के पथ पर लंबी उड़ान भरेगी। कृषि, खेल, स्वाीस्‍् ड , बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में बेहतर काम करने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि यह जनता की जीत हैं। विधायक ने कहा कि इस जीत ने साबित कर दिया कि इंडिया गठबंधन को सिमडेगा से अब कोई हिला नहीं सकता है। झूठ का पुलिंदा लेकर भाजपा का देश से सूपड़ा साफ होने की स्थिति आ गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षो में इंडिया गठबंधन सरकार में जिले का हर जनता सशक्त और मजबूत बनेगा। इस दिशा में हमारी जनता ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यह आदिवासियों के आकांक्षाओं की जीत है, सिमडेगा के गौरव की जीत है। आभार यात्रा को जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने भी सम्बोधित किया।मौके पर जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, रंधीर रंजन, प्रदीप केसरी, मो एजाज, मनोज जयसवाल, जामा मस्जिद के सदर मो सब्बानी , दीपक जयसवाल , सुनील कुजूर , मुखिया उर्मीला कुजूर , पं समिति सदस्य नीलीमा खाखा सहित प्रखंड कमेटी, पंचायत कमेटी, बूथ कमेटी कई मुखिया, वार्ड सदस्य सहित हजारों की संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चंद्रपति यादव के आवासीय परिसर में 2 दिवसीय संतमत-सत्संग का भव्य आयोजन का हुआ शुभारंभ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा में 2 दिवसीय संतमत-सत्संग का भव्य आयोजन का हुआ शुभारंभ। 14 दिसंबर को कचहरी मोड स्थित चंद्रपति यादव के आवासीय परिसर में 2 दिवसीय संतमत-सत्संग का भव्य आयोजन आज आरंभ हुआ। इस अवसर पर महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट, भागलपुर, बिहार से स्वामी निर्मलानन्द महराज, संतमत सतसंग मंदिर पलासी, अररिया, बिहार से स्वामी रामेश्वरानन्द महराज, महर्षि मेंही ध्यान योग आश्रम चतरा,झारखंड से स्वामी रविंद्र बाबा जी एवम् रांची आश्रम से बालकृष्ण बाबा ने संतमत की महिमा पर प्रकाश डाला। संतों ने अपने प्रवचनों में बताया कि संतमत क्या है और इसे अपनाने से जीवन में आने वाले लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि संतमत के माध्यम से जीवन में शांति, समृद्धि, और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त की जा सकती है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोहरदगा वासियों ने भाग लिया और संतों के मार्गदर्शन से लाभ प्राप्त किया। यह आयोजन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है,जिसमें अध्यात्मिक उन्नति की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। संतमत का संदेश समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे, इस उद्देश्य से इस तरह के आयोजनों का महत्व और भी बढ़ जाता है।

# महान मराठा महिला जो कर्तव्य, निष्ठा एवं न्याय प्रियता का श्रेष्ठ उदाहरण है : विपिन कुमार दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर की जन्मशती पखवाड़ा का प्रारंभ प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, जामवंती मिश्रा एवं प्रमेंद्र सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। पखवाड़ा को संबोधित करते हुए हिंदी की आचार्या जामवंती मिश्रा ने कहा कि हमारे लिए गर्व का विषय है कि अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी समारोह का यह पहला कार्यक्रम है। जिसे शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर को नवदुर्गा का स्वरूप बताया। भैया-बहनें आज के कार्यक्रम से कुछ प्रेरणा लेकर जाने वाले हैं। उनका पूरा जीवन देखेंगे तो उनके कृत्यों एवं न्याय प्रियता से ही लगता है कि वह लोकमाता थीं। उन्होंने पूरा जीवन अपने लिए नहीं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि हमारे देश में नारी का सम्मान क्या है यह लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र से देखा जा सकता है,जबकि पश्चिमी देशों द्वारा हमारे देश के विरुद्ध हमेशा एक नकारात्मक एजेंडा चलाया जाता है कि यहां नारी का शोषण सदियों से किया जाता रहा है। इस बात का मिथक फैलाया जाता है और यहीं का एक वर्ग इसे सामाजिक और राजनीतिक एजेंडा बनाते हैं। हमारे बीच मातृशक्ति के सम्मान और कृतियों की चर्चा नहीं की जाती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी आचार्या मधुमिता शर्मा, मंजू देवी, नीलिमा सिंह, अनीता देवी, जया मिश्रा, वीणा तिवारी, सुप्रिया घोषाल सहित विद्यालय के आचार्य-दीदी जी का पूरा सहयोग मिला। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## उप विकास आयुक्त ने गर्भवती महिलाओं व स्तनपान करने वाली माता के पोषण में सुधार को लेकर समिति के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पोषण अभियान अंतर्गत सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के विभिन्न उद्देश्यों; विशेषकर किशोरी बालिकाओं, 0 से 5 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करने वाली माता के पोषण संबंधी परिणाम में सुधार एवं अपेक्षित परिणाम हेतु आज शनिवार को विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए जिला पोषण समिति की बैठक उप विकास आयुक्त महोदय दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा जानकारी दी गई कि पोषण अभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 6 वर्ष के बच्चों के अल्प पोषण से बचाव एवं इसमें प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की दर से कमी लाना, 6 माह से 59 माह के बच्चों में एनीमिया के प्रसार में प्रतिवर्ष तीन प्रतिशत की दर से कमी लाना उद्देश्य है। बैठक में जिला पोषण समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिले में कुपोषण एवं एनीमिया पर नियंत्रण के लिए यह अति आवश्यक है कि विभिन्न संबंधित विभाग जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज कृषि,सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हर स्तर पर आपसी समन्वय से काम करें। उप विकास आयुक्त ने सही पोषण के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध फलों, साग-सब्जियों, जंगली वन उत्पाद की सूची बनाने एवं उसके न्यूट्रीशन वैल्यू का प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। संबंधित विभागीय पदाधिकारी कर्मियों को पोषण अभियान मार्गदर्शिका के अनुसार निर्धारित समय पर लक्ष्य प्राप्ति हेतु एक्शन प्लान तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में स्टेट लीड संस्था के संदीप श्रीवास्तव द्वारा पीपीटी के माध्यम से समन्वय संबंधी विषयों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। राजेश कुमार शर्मा एविडेंस एक्शन के द्वारा एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के अध्ययन स्थिति की जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता, डीपीएम जेएसएलपीएस, पिरामल फाउंडेशन के सदस्य सभी सीडीपीओएस एवं सभी महिला पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## पीएम श्री योजना के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय में नारी सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवाहर नवोदय विद्यालय में पीएम श्री योजना के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण था। इस कार्यक्रम में छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राएं उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि डॉ बिंदा कुमारी ने बच्चों को उच्च शिक्षा के महत्व और लक्ष्य प्राप्ति के महत्व को समझाया। उन्होंने छात्राओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत और आत्मविश्वास की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ बिंदा कुमारी, अंजू तिग्गा, ए के पाण्डेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्यक्रम बच्चियों को नारी सशक्तिकरण के महत्व को समझने में मदद करेगा और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में प्राचार्य (सीनियर टीचर) एस के सिन्हा, पीजीटी ज्योग्राफी मनोज कुमार, पीजीटी केमिस्ट्री ए के पाण्डेय, टीजीटी हिंदी, अंजू तिग्गा, स्टाफ नर्स, सीमा, काउंसलर उपस्थित थे। यह कार्यक्रम छात्राओं को आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संत मरियम स्कूल ने आयोजित किया कैरियर जागरूकता सेमिनार

# आईआईटी व नीट की तैयारी के लिए अब कोटा दिल्ली और पटना-रांची नहीं जाना पड़ेगा : अविनाश

## मेंटर्स एड्यूसर्व के साथ जुड़कर आईआईटी व नीट की तैयारी कराएगा संत मरियम स्कूल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्थानीय टाउन हॉल में पलामू का प्रख्यात शिक्षण संस्थान संत मरियम स्कूल और देश के अग्रणी शिक्षण संस्थान में शुमार मेंटर्स एड्यूसर्व द्वारा संयुक्त रूप से एक कैरियर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मेंटर्स एड्यूसर्व के असिस्टेंट निदेशक मनीष जायसवाल, सीनियर रसायन शास्त्र प्रमुख राहुल राजा, भौतिक शास्त्र प्रमुख प्रकाश ओझा, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। अपने वक्तव्य में मेंटर्स के रसायन विभाग प्रमुख राहुल राजा ने कहा कि विगत कई वर्षों में लगभग 4000 से ज्यादा बच्चों को हमारे संस्थान ने आईआईटी और मेडिकल के विभिन्न संस्थाओं में दाखिला कराया है। झारखंड के टॉप स्कूल के साथ जुड़कर हमने विगत कई वर्षों से झारखंड टॉपर दिया है। उसी कड़ी में पलामू प्रमंडल में बच्चों को पारंगत बनाने हेतु हम लोग संत मरियम स्कूल के साथ जुड़ रहे हैं। भौतिक विभाग प्रमुख प्रकाश ओझा ने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि बच्चे को आईआईटी और नीट जैसे कठिन परीक्षा हेतु हम पलामू में ही संत मरियम स्कूल के सौजन्य से बड़े शहरों की शिक्षा उपलब्ध करा सके।

मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज का यह सेमिनार पलामू में अध्यनरत बच्चों और अभिभावक के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। क्योंकि आज के बाद बच्चों को आईआईटी और नीट जैसे कठिन परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा, दिल्ली, पटना और रांची जाने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि वहां के प्रतिष्ठित शिक्षक स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के माध्यम से हमारे स्कूल के साथ जुड़ रहे है। जिसका उद्देश्य है कि पलामू के बच्चे भी आईआईटी, नीट जैसे परीक्षाओं में टॉप स्थान प्राप्त करें।कार्यक्रम का संचालन संत मरियम स्कूल के शिक्षक प्रवीण दुबे ने किया। साथ ही संगीत शिक्षक श्याम किशोर पाण्डेय, विकाश विश्वकर्मा और अनेकों शिक्षक की गरिमामई उपस्थिति रही।

### पलामू की शान है संत मरियम स्कूल

पलामू जिला मुख्यालय में स्थित संत मरियम स्कूल पलामू जिले की शान है। इस स्कूल में प्रतिदिन हजारों की संख्या में बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। स्कूल के निदेशक अविनाश देव हर बच्चों पर गहरी और पैनी नजर रखते हैं। यह कारण है कि विद्यालय के सभी बच्चे अविनाश देव को भैया कह कर संबोधित करते हैं। अविनाश देव का एक ही उद्देश्य है कि संत मारियम स्कूल के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी ग्रहण करें। इस स्कूल में बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन दी जाती है। साथ ही अच्छे संस्कार भी उनमें भरे जाते हैं। यह स्कूल उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। अब अविनाश देव संत मारिया में पढ़ने वाले 9, 10,11और 12वीं के बच्चों को आईआईटी और नीट की पढ़ाई कराएंगे। यह स्वागतयोग्य कदम है। पलामू में शिक्षा का अलख जगाने में अविनाश देव का महत्वपूर्ण योगदान है। इनके विद्यालय में गरीब तबके के बच्चों का भी खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम यह कहें कि अविनाश देव गरीबों के मसीहा है, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अविनाश देव संत मरियम स्कूल को ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं। स्कूल के शिक्षक और सभी स्टाफ काफी मिलनसार प्रवृति के हैं। स्कूल के शिक्षक का बच्चों के साथ बहुत ही गहरा लगाव है। यही कारण है कि अभिभावक भी अपने बच्चों का नामांकन संत मरियम में करने के लिए बेचैन रहते हैं।

# नक्सलियों की मांद में हमेशा पहुंचते रहे हैं राधा कृष्ण किशोर



**रवींद्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र**

छतरपुर-पाटन क्षेत्र का लंबे समय से प्रतिनिधित्व कर रहे राधा कृष्ण किशोर छठी बार विजई माला पहन कर झारखंड विधानसभा में पहुंचे हैं और वित्त मंत्री बने हैं। वित्त मंत्री श्री किशोर हमेशा से नक्सली गतिविधियों का मुखर विरोध करते रहे हैं। इनका शुरू से ही यह स्पष्ट सोच रहा है कि जहां नक्सली गतिविधियां रहता है वहां विकास थम जाता है। इसी सोच के तहत वे हमेशा से नक्सली गतिविधियों का विरोध करते रहे हैं। अभी के समय में तो नक्सली गतिविधियों में काफी कमी आई है, लेकिन एक वह भी समय था, जब नक्सलियों की राइफल सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में गरजते रहती थी। लोग भय और दहशत के साए में जी रहे थे। उस समय भी राधा कृष्ण किशोर नक्सली गतिविधियों में कमी लाने का हर संभव प्रयास करते रहे हैं। इसका कई उदाहरण भरे पड़े हैं। पाटन थाना क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र में नक्सलियों की तूती बोलती थी। रात तो क्या दिन में भी चलना व घूमना मुश्किल था। ऐसे समय में श्री किशोर के प्रयास से किसुनपुर में पुलिस पिकेट की स्थापना की गई थी। पुलिस पिकेट की स्थापना होने के बाद इस क्षेत्र के लोग शांति और चैन की सांस ली थी। पाटन थाना में ही चेतमा और बूढ़ी-बुक्का गांव है, जो सुदूरवर्ती तो है ही, यहां भी जाने का कोई रास्ता नहीं था। यहां जाने के लिए पहाड़ चढ़कर उतरना पड़ता था। इन सुदूरवर्ती गांव से भी नक्सलियों का खात्मा करने में राधा कृष्ण किशोर का अहम योगदान है। किशोर के ही प्रयास से इस गांव में पुलिस विकेट की स्थापना की गई और विकास के नए दरवाजे खोले गए। श्री किशोर खुद राज्य के तत्कालीन डीजीपी डीके पांडे को लेकर चेतमा और बूढ़ी-बुक्का गांव में गए थे। आज स्थिति ऐसी है कि इस गांव के लोग पूरी तरह खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इसका सारा श्रेय राधा कृष्ण किशोर को जाता है। अभी-अभी राधा कृष्ण किशोर फिर सुर्खियों में हैं। कारण कि सुदूरवर्ती व पहाड़ों से घिरे नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के पाल्हे तुरकुन में वित्त मंत्री और स्थानीय विधायक राधाकृष्ण किशोर पहुंचे। एक समय ऐसा था जब इन गांव में भी नक्सलियों की समानांतर सरकार चलती थी। यहां के लोग बाहरी दुनिया से बिल्कुल कटे हुए थे। इन दोनों गांव में जाने के लिए पहाड़ चढ़ना पड़ता है और फिर उतरना पड़ता है। पाल्हे तुरकुन गांव में आजादी के बाद राधाकृष्ण किशोर ऐसे पहले जनप्रतिनिधि हैं जो यहां पहुंचे। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ग्रामीणों के साथ रूबरू हुए। उनकी समस्याओं को उन्होंने जानने और समझने का भरपूर प्रयास किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने रोड, पानी, बिजली और स्कूल की अपनी समस्याओं को रखा। इन गांव में शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। मंत्री श्री किशोर ने सभी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। गौरतलब है कि अब इन दोनों गांव का भी कायाकल्प होने में देर नहीं लगेगा। क्योंकि श्री किशोर का पैर यहां पहुंच चुका है। श्री किशोर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाते हैं और वहां अगर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है तो वे उन समस्याओं को दूर करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। पूरा जिला प्रशासन का महकमा को लेकर वे इस तरह के गांव में जाते हैं और विकास की रोशनी बिखेरते हैं। राधा कृष्ण किशोर की यह पहचान है। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में अधिकांश विकास कार्य राधा कृष्ण किशोर की ही देन है।

# भारत दर्शन से लौटे छात्रों को राज्यपाल ने दी प्रेरणा

**एजेंसी**

**देहरादून :** राजभवन में भारत दर्शन-शैक्षिक भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं के दल ने शनिवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से मुलाकात की। भ्रमण के दौरान हाईस्कूल परीक्षा-2024 के टॉपर्स 157 छात्रों ने हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली के प्रमुख शैक्षिक और तकनीकी संस्थानों के साथ ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया। राज्यपाल ने छात्रों से मुलाकात के दौरान कहा कि शैक्षिक भ्रमण शिक्षा का अहम हिस्सा है, जो केवल किताबों तक सीमित नहीं होता बल्कि यह छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और विस्तृत दृष्टिकोण प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों को विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं और जीवनशैली से परिचित कराते हैं, जिससे उनकी सोच में उदारता और सहानुभूति का विकास होता है। राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि आज का युग ज्ञान और कौशल का है और छात्रों को अपने सपनों को बड़ा रखना चाहिए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो कुछ भी उन्होंने इस भ्रमण से सीखा है, उसे अपने जीवन में लागू करें और अपनी सोच को वैश्विक स्तर पर विस्तारित करें।राज्यपाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी कहा कि बच्चों के भ्रमण से प्राप्त अनुभवों को साझा किया जाए, ताकि यह अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने।

# बीएचयू के 104वें दीक्षांत समारोह में 14072 छात्रों को उपाधि दी गई

**एजेंसी**

**वाराणसी :** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के 104वें दीक्षांत समारोह में 14072 छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित मुख्य समारोह के मंच पर 30 मेधावियों को स्वर्ण पदक मंच से ही दिए गए। स्नातक के लिए प्रज्ञा प्रधान और स्नातकोत्तर के लिए ईशान घोष को चांसलर मेडल दिया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जेड स्केलर के सीईओ और चेयरमैन जय चौधरी ने मेधावी विद्यार्थियों को मेडल देने के बाद उन्हें सम्बोधित भी किया।



उन्होंने छात्रों से बड़े सपने देखने और जीवन की मांग के अनुसार खुद को ढालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पैसे के पीछे मत भागो, कुछ अलग करने के पीछे भागो। उपलब्धि की भावना ही मनुष्य को प्रेरित करती है। एक साधारण पृष्ठभूमि से वैश्विक तकनीकी आइकन बनने तक की अपनी व्यक्तिगत यात्रा को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिकूलता एक अद्भुत चीज है। जब मैंने हाईस्कूल पूरा किया तो आईआईटी के बारे में जानता भी नहीं था। 1977 में गांव से आकर पहली बार काशी हिंदू विश्वविद्यालय जैसा परिसर देखा। ग्रामर, इंग्लिश और कम्युनिकेशन सब कुछ गड़बड़ था। यहां पर गणित और रसायन विज्ञान पढ़–पढ़ कर अंग्रेजी सुधारी। उन्होंने कहा कि बचपन में प्रतिकूल परिस्थितियों ने उन्हें काम करने की आदत विकसित करने में मदद की। उन्होंने कहा,हम हमेशा अवसरों का सामना करते हैं। अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, तो आप अच्छे काम करते हैं, आपके साथ अच्छी चीजें होती हैं। ऐसा हर बार नहीं होता, लेकिन दस में से नौ बार, जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं और अतिरिक्त प्रयास करते हैं, उनके साथ अच्छी चीजें होती हैं।

## मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप पर 17 साल बाद आदिम जनजाति वर्ग के युवा को मिला न्याय

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हस्तक्षेप पर 17 वर्ष के संघर्ष के बाद आखिरकार लातेहार निवासी आदिम जनजाति के युवा सुनील ब्रिजिया को उसका हक -अधिकार मिल गया। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद उसे अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल गई। इस संबंध में मुख्यमंत्री को सूचित करते हुए उपायुक्त लातेहार ने बताया कि उक्त मामले में अनुकंपा समिति के निर्णय के आधार पर सुनील ब्रिजिया को नियुक्त करते हुए योगदान की तिथि से पदस्थापित किया गया है।

**यह है मामला:** मुख्यमंत्री को जानकारी मिली थी कि लातेहार के हेनार गांव निवासी सुनील ब्रिजिया के पिता रामदास बृजिया सरकारी शिक्षक थे। वर्ष 2007 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकारी प्रावधान के तहत अनुकंपा के आधार पर उन्हें सरकारी नौकरी दी जानी थी। लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली थी।

# मेराल भाजपा ने विधायक सत्येंद्रनाथ को दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा नेता डॉ लाल मोहन के नेतृत्व में मेराल के कार्यकर्ताओं ने गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी से मिलकर जीत एवं विधानसभा में शपथ लेने पर बधाई दिया। साथ ही भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी का मेराल में वर्षो से व्याप्त जन जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर भाजपा नेता डॉ लाल मोहन ने कहा कि वर्षो बाद गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक मिल पाया है।



इससे क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष का माहौल है उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा के पटल पर रखने का काम किया है। बालु समस्या से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रधानमंत्री आवास से लेकर अन्य सभी काम बंद पड़ा हुआ है। उन्होंने भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी से कहा कि मेराल में प्रशासन द्वारा दो पहिया वाहन को पकड़ कर सिर्फ परेशान किया जा रहा है जबकी मौके पर परिवहन विभाग का कोई पदाधिकारी मौजूद नहीं होता है। इससे आम जनता काफी परेशान हो चुका है। कार्यकर्ताओं से बात करते हुए भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि जनता को परेशान करने वाले अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई होगी। जनता को लुटने वाले अधिकारी पर बहुत जल्द विभागीय कार्रवाई तय होगी। मौके पर भाजपा मेराल दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, भाजपा युवा नेता कमलेश कुमार, रोहित कुमार, मदन यादव, रत्नेश ठाकुर सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डबल इंजन की सरकार में रेल नेटवर्क को मिल रही मजबूती : सीएम



**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की डबल इंजन की सरकार में रेल नेटवर्क का लगातार विस्तार हो रहा है। यहां नई रेल लाइन बिछाने की कई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मजबूत हो रहे रेल नेटवर्क से आने वाले समय में न केवल माल परिवहन की सुविधाओं में इजाफा होगा, बल्कि यहां के लोगों को राज्य के भीतर और राज्य के बाहर भी सुविधाजनक यात्रा के कई नए विकल्प मिलेंगे। राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार से औद्योगिक और अधोसंरचना विकास को भी नई गति मिलेगी।छत्तीसगढ़ सरकार और रेल मंत्रालय के बेहतर समन्वय से राज्य में नई रेल लाइनों के काम द्रुत गति से चल रहे हैं। रावघाट रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत दल्लीराजहरा से अंतागढ़ तक नई बिछी 77 किलोमीटर लाइन पर यात्री ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इस रेल लाइन के दोनों ओर बसे हजारों ग्रामीण अब अपने गांव से ही ट्रेन में बैठकर रोज दल्लीराजहरा, दुर्ग, भिलाई और रायपुर तक किफायती सफर कर रहे हैं। इस रेल लाइन को रावघाट तक बढ़ाने के लिए तुमापाल (ताहोकी) से कोसरोण्डा तक पांच पुल-पुलियों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। रेल पटरी बिछाने का कार्य भी प्रगति पर है। कोसरोण्डा से फुलपाड़ एवं फुलपाड़ से रावघाट तक अर्थ वर्क के साथ 21 पुल-पुलियों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। साथ ही 27 पुल-पुलियों का काम प्रगति पर है। सरगीपाल के पास रेलवे स्टेशन के भवन, प्लेटफॉर्म और आवासीय भवन का कार्य भी प्रगति पर है।

## झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की मौजूदा स्थिति किसी त्रासदी से कम नहीं : मरांडी

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की मौजूदा स्थिति किसी त्रासदी से कम नहीं है। मरांडी ने कहा कि पाकुड़ में 506 छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी एकमात्र शिक्षक के भरोसे है। यह हकीकत शिक्षा को प्राथमिकता देने का दावा करने वाली हेमंत सरकार की खोखली घोषणाओं की भी पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षकों की बहाली रोककर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हजारों बच्चों के सपनों का गला घोट रहे हैं। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना उनका संवैधानिक हक और सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। राज्य सरकार बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षक बहाली की पारदर्शी प्रक्रिया जल्दी शुरू करे।

# महाकुम्भ में विदेशी पर्यटकों के लिए की गई है उच्च व्यवस्था

**एजेंसी**

**प्रयागराज :** सकल विश्व में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर विख्यात कुम्भ मेला अब महाकुम्भ के नए स्वरूप में सनातन संस्कृति की शाश्वत प्रकृति को दर्शाने के लिए तैयार है। यह मोक्ष, आत्मिक, आध्यात्मिक उन्नति, स्व से साक्षात्कार के साथ ही एक ऐसा अनुभव होने जा रहा है जिसे हर किसी को जीवन में एक बार जरूर अनुभव करना चाहिए।




न केवल समूचे भारत बल्कि पूरी दुनिया से 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु व पर्यटक इस महासमागम के साक्षी बनने संगमनगरी तीर्थराज प्रयागराज आ रहे हैं।प्रयाग के पवित्र संगम पर 13 जनवरी से 27 फरवरी के मध्य 45 दिनों के इस महापर्व का उत्तम अनुभव एनआरआई श्रद्धालुओं तथा विदेशी पर्यटकों को मिल सके, इसकी भी उत्तम व्यवस्था डबल इंजन सरकार द्वारा की गई है। ट्रैवलिंग, कनेक्टिविटी, अकॉमोडेशन, फूडिंग-लॉजिंग समेत विभिन्न मानकों को लेकर वैश्विक प्रतिमान के अनुरूप व्यवस्था की जा रही है। मल्टी लैंग्वेज एसिस्टेंस, चैटबॉट, डेडिकेटेड काउंटर्स समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा।

यही नहीं, डिजिटल महाकुम्भ में वर्चुअल रिएलिटी के जरिए समुद्र मंथन समेत कुम्भ के विभिन्न पहलुओं का साक्षात्कार भी सम्भव हो सकेगा। यह आयोजन भारत की अतिथि-सत्कार परम्परा व सांस्कृतिक धरोहर के भव्य प्रदर्शन का माध्यम बनेगा।विशेष एनआरआई व विदेशी पर्यटक केंद्रभारतीय संस्कृति, योग, ध्यान, और कुम्भ मेले के महत्व को समझाने के लिए विशेष प्रदर्शनी और कार्यशालाएं आयोजित होंगी।